
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




11 मोनालिसा ने लाल साड़ी में ...


चर्चित हिन्दी फिल्म 'गंगा संग रवि दास' सिनेमाघरों में रिलीज ... 12

गाजियाबाद, सोमवार 06 मई 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 61, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### पुंछ में आतंकवादियों की तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में वायु सेना के काफिले पर आतंकवादी हमले के बाद रविवार को जिले के कई इलाकों में सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए रविवार सुबह शुरू हुए व्यापक तलाशी अभियान की निगरानी जीओसी, डीआईजी और पुंछ जिले के एसएसपी सहित सेना और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी कर रहे हैं। जिले की सुरनकोट तहसील के बकरबल मोहल्ला (सनाई) इलाके में शनिवार शाम आतंकियों ने वायुसेना के दो वाहनों के काफिले पर हमला कर दिया था जिसमें एयर फोर्स के एक जवान की मौत हो गई। वायु सेना ने अपने एक्स-पोस्ट हैंडल पर कहा,



आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में एयर फोर्स के 5 जवानों को गोली लग गई। उन्हें तत्काल निकटतम सैन्य अस्पताल ले जाया गया। एक जवान की इलाज के दौरान मौत हो गई। स्थानीय सुरक्षा बल आगे की कार्रवाई कर रहे हैं। चार घायल जवानों को उत्तरी कमान के उधमपुर मुख्यालय में कमांड अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार एक घायल जवान की हालत गंभीर है जबकि अन्य तीन की हालत स्थिर है। यह आतंकी हमला 21 दिसंबर, 2023 को हुए हमले की तरह था, जिसमें आतंकवादियों ने सेना के वाहन पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें चार सैनिक मारे गए थे। यह हमला पुंछ जिले के बाफलियाज के डेरा की गली इलाके में हुआ था। बाद में रहस्यमय परिस्थितियों में तीन नागरिकों की मौत हो गई थी और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया था कि वे बदले की कार्रवाई में मारे गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तब क्षेत्र का दौरा किया था ताकि नागरिकों को यह भरोसा दिया जा सके कि सेना उनके जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए वहां मौजूद है। आरोप के बाद, कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को पुंछ से शिफ्ट कर दिया गया था और नागरिकों के बीच विश्वास पैदा करने के लिए कमान में भी बदलाव किया गया।

### यूपी के दो वकीलों ने पसंदीदा उम्मीदवारों पर लगाया दो लाख रुपये का दांव

**बदायूं ।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में दो वकीलों ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले अपनी पसंदीदा पार्टियों के उम्मीदवारों पर दो लाख रुपये का दांव




लगाया है। उन्होंने उम्मीदवार की जीत के आधार पर एक-दूसरे को दो लाख रुपये देने का वादा किया है। वकीलों ने दस रुपये के स्टांप पेपर पर एक शपथ पत्र (हलफनामा) पर हस्ताक्षर भी किया है। शपथ पत्र में शर्तें बताई गई हैं। यह सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दिवाकर वर्मा और सतेंद्र पाल दोनों पेशे से वकील हैं। दोनों के बीच 10 रुपये के स्टांप पर करार हुआ है। वायरल शपथ पत्र के मुताबिक, यदि भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य जीतेंगे तो सतेंद्र पाल दिवाकर को दो लाख रुपये देंगे। राशि का भुगतान 15 दिन के अंदर नकद करना होगा। अगर सपा प्रत्याशी आदित्य यादव जीतते हैं तो दिवाकर 15 दिन के अंदर सतेंद्र को दो लाख रुपये नकद देंगे। शपथ पत्र पर दो गवाहों के हस्ताक्षर भी हैं। इसमें आगे यह भी कहा गया है कि यदि चुनाव में किसी भी तरह की धांधली हुई तो यह करार रद्द माना जाएगा। यह पहली बार है कि शपथ पत्र के जरिए उम्मीदवारों पर दांव लगाया गया है। बदायूं लोकसभा सीट पर सात मई को मतदान होना है।

# कोविशील्ड वैक्सीन पर सियासत जारी, विशेषज्ञों ने कहा,घबराने की जरूरत नहीं

**देहरादून ।** कोविशिल्ड वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर कुछ दिनों से सियासत जारी है। विपक्ष सवाल उठा रहा है, तो वहीं सत्ता पक्ष सवालों का मुस्तैदी से जवाब देने में जुटा है। इस बीच विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों से न घबराने की अपील की है। यूके की फार्मा कंपनी एस्ट्रोजेनेका ने पहली बार लंदन के कोर्ट में स्वीकार किया है कि कोरोना वायरस के खिलाफ लगने वाली उसकी वैक्सीन से दुर्लभ मामलों में गंभीर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसके बाद इस पर सियासत तेज हो गई है। राजनीतिक दल एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि इस वैक्सीन के फायदे ज्यादा हैं और नुकसान



बेहद कम हैं। इसलिए कोविशील्ड वैक्सीन को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। वैक्सीन सेफ है और जिसको साइड इफेक्ट होने थे, वो वैक्सीनेशन के बाद ही हो गए होंगे।विशेषज्ञों ने कहा है कि कोविशील्ड को लेकर आ रही खबरों से घबराने की जरूरत नहीं है। कार्डियोलाजिस्ट डॉ. एसडी जोशी ने कहा कि कोविड की वैक्सीन लगने के एक से छह हफ्ते के बाद साइड इफेक्ट आ जाते हैं। लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। अब तक 230 करोड़ वैक्सीन की डोज देश में लग चुकी है। यदि साइड इफेक्ट होते तो, अब तक आधे से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गई होती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, इसलिए घबराएं नहीं। वहीं न्यूरोसर्जन डॉ. महेश कुड़ियाल ने भी कहा कि वैक्सीन को लेकर पैनिक होने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि ब्रिटेन की अदालत में हलफनामा देकर सीरम कंपनी ने स्वीकार किया है उनकी वैक्सीन के कारण हार्ट अटैक, ब्रेन हैमरेज व ब्लड क्लॉटिंग की आशंका है। देश में करोड़ों लोगों को कोविशिल्ड वैक्सीन लगी है। इससे हर शख्स के मन में भय है। वहीं बीजेपी के प्रदेश मीडिया मनवीर चौहान ने कहा कि करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करने वाली वैक्सीन के खिलाफ, जिस तरह से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है, वो किसी एजेंडा का हिस्सा है।

## पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह जेल से बाहर निकले,समर्थकों ने किया स्वागत

**पटना।** पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह रविवार को पटना की बेऊर जेल से बाहर निकल गये हैं। गृह विभाग से हरी झंडी मिलने के बाद अनंत सिंह को जेल से 15 दिनों की पैरोल मिली है। वह सुबह लगभग 4:00 बजे जेल से बाहर निकले। जेल के बाहर जुटे समर्थकों ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद वह कार में बैठकर रवाना हो गए।



अनंत सिंह को राज्य सरकार ने पुश्तैनी जमीन के बंटवारे के लिए पैरोल दिया है। अनंत सिंह कई सालों से जेल में बंद हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उन पर एके-47 रखने का आरोप है। इसके लिए कोर्ट ने उन्हें दस साल की सजा सुनाई थी। वह पटना की बेऊर जेल में सजा काट रहे हैं। उन्हें 15 दिन की पैरोल मिल है और रविवार सुबह वह जेल से बाहर आए।

## स्वामी प्रसाद मौर्य की बसपा में होगी वापसी, मायावती कुशीनगर से दे सकती हैं टिकट !

**लखनऊ ।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के मुखिया स्वामी प्रसाद मौर्य एक बार फिर से चर्चा में हैं। जानकारी के अनुसार एक बार फिर वह हाथी की

> बसपा यूपी की सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। अभी तक 78 सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए हैं


सवारी कर सकते हैं। चर्चा है कि जल्द ही वह बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर कुशीनगर सीट पर ताल ठोक सकते हैं। यही वजह है कि नामांकन के कुछ दिन ही शेष होने पर भी बसपा ने कुशीनगर सीट होल्ड कर रखी गई है। लिहाजा, जल्द ही बसपा प्रमुख बड़े फैसले का एलान कर सकती हैं। बसपा यूपी की सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। अभी तक 78 सीटों पर प्रत्याशी भी घोषित कर दिए हैं। देवरिया और कुशीनगर सीट पर प्रत्याशियों का मंथन तेज है। इसमें कुशीनगर सीट फिलहाल होल्ड कर दी गई है। इस पर किसी अन्य प्रत्याशी पर तुरंत विचार के बजाए स्वामी प्रसाद मौर्य से चल रही अंदरखाने बातों के परिणामों का इंतजार किया जा



रहा है। वहीं बसपा और फ़रढ का चुनाव में क्या रोल रहेगा। इन सब मुद्दों पर पहले मंडल कॉर्डिनेटर रणनीति तय कर रहे हैं। इसके बाद अंतिम फैसला बसपा चीफ मायावती करेंगी. कुशीनगर में सात मई से नामांकन शुरू होगा। अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चे में रहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य अपना सियासी ठिकाना बदलने के लिए भी जाने जाते हैं। 2016 में बसपा प्रमुख पर कई आरोप लगाकर पार्टी को अलविदा कहने वाले मौर्य अब फिर हाथी की सवारी को बेताब हैं। स्वामी ने 1980 के दशक से लोकदल से राजनीति शुरू की। इसके बाद स्वामी 1991-1995 तक जनता दल के प्रदेश महासचिव रहे। 1996 में वह बसपा में आए फिर यहीं से उनके सियासत की असली कहानी शुरू हुई।

## विपक्ष के लोग कर रहे देश के खिलाफ साजिश: गिरिराज सिंह

**बेगूसराय ।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने वाले सोहेल उर्फ मौलवी की सूरत में गिरफ्तारी को लेकर विपक्षी दलों पर हमला बोला है। इसके साथ ही हिंदू धर्म पर तंज कसने पर गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव और लालू यादव को भी निशाना बनाया। गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में एक बड़ी साजिश रची जा रही है। इसका खुलासा सूरत में पकड़े गए सोहेल नामक शख्स के जरिए हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थकों की हत्या की साजिश रची जा रही है। नूपुर शर्मा, टी राजा जैसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने देश के लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि वे सचेत हो जाएं, पीएम नरेंद्र मोदी केवल पिछड़ों के बेटा नहीं हैं, बल्कि सनातन धर्म को भी ऊंचाई पर ले जाने का काम कर रहे हैं। इनके खिलाफ साजिश रचने वालों को पहचानना होगा। इसके साथ ही तेजस्वी यादव के हिंदू धर्म के खतरे में होने के तंज पर भाजपा नेता ने कहा कि तेजस्वी यादव जी पूरी दुनिया जानती है कि आपने एमवाई समीकरण क्यों



बनाया। आज पिछड़ों का हक मारा जा रहा है, लेकिन आपमें उसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लालू, तेजस्वी, कम्युनिस्ट पार्टियां व कांग्रेस के लोग जब धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं दे पाए, तो पिछले दरवाजे से मुसलमानों को ओबीसी में शामिल कर आरक्षण दे रहे हैं। कर्नाटक में इसकी शुरूआत हो चुकी है। भाजपा नेता ने कहा कि इससे पिछड़ों का हक मारा जा रहा है। लेकिन लालू, तेजस्वी जैसे लोगों की जुबान पर ताला लगा है। यह देश के खिलाफ साजिश है। गिरिराज सिंह ने कहा कि इस साजिश को रोकने के लिए उनकी पार्टी हर स्तर पर प्रयास करेगी।

## अनंत सिंह हमारी पार्टी में अपराधी थे, जदयू में जाते ही संत हो गए : तेजस्वी यादव

**दरभंगा (आरएनएस)।** बिहार के बाहुबली नेता और मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह के पैरोल पर बाहर निकलते ही सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एनडीए गठबंधन पर तंज कसा है। उन्होंने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जब तक अनंत सिंह हमारे साथ थे, तब तक वे अपराधी थे। अब, अनंत सिंह जनता दल यूनाइटेड में चले गए हैं, तो संत हो गए हैं। दरभंगा में चुनावी जनसभा के दौरान गोधरा कांड को लेकर लालू यादव पर किए गए कटाक्ष पर पलटवार करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि गोधरा कांड में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किस पर गुस्सा निकाला था। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि राजधर्म का पालन करो।



तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर चुटकी लेते हुए कहा कि कम से कम हमारी बात नहीं तो, अटल बिहारी वाजपेयी जी की बात को मान लें। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि कर्नाटक में जाकर बलात्कारी, जिसने तीन हजार लोगों का शोषण किया था। वहां भी उनके समर्थन में यही बोले थे।

## झारखंड : लोकसभा चुनाव में मंडल डैम का मुद्दा उठा, पक्ष-विपक्ष ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

**गढ़वा ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नेताओं का एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। चुनाव के दौरान मंडल डैम का मुद्दा उभरकर सामने आया है। इसको लेकर पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इंडिया गठबंधन के नेता ने मंडल डैम का पीएम मोदी द्वारा झूठा शिलान्यास करने का आरोप लगाया है, तो वहीं पलामू से भाजपा उम्मीदवार ने राज्य सरकार पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। साल 2019 में पीएम नरेंद्र मोदी ने मंडल डैम का शिलान्यास किया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। अब झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पार्टी इसे मुद्दा बनाकर लोकसभा चुनाव मे जनता के बीच जा रही है। पार्टी पीएम मोदी से झारखंड दौरे पर आने पर मंडल डैम पर सवाल कर



रही है। तो वहीं भाजपा ने इसे राज्य सरकार की साजिश करार दिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव, सह पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र पलामू की धरती पर आए और मंडल डैम का जिक्र तक नहीं किया। आखिरी क्या वजह रही कि पांच वर्षो में अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया? यहां की जनता तो पूछेगी मंडल डैम कहां है। पलामू लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार विष्णु दयाल राम ने राज्य सरकार उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तो राशि उपलब्ध करा दी है, लेकिन क्या वजह है कि ये रैयतों को मुआवजा नहीं दे रहे हैं? वहां प्रत्येक विस्थापित को दस-दस लाख देना है तो ये क्या कर रहे हैं? इन्हें सिर्फ केंद्र की योजनाओं को लटकाना आता है। हमारी सरकार बनेगी तो हम इसे प्राथमिकता से बनवाएंगे।

**अपील** बोले-हरदोई व सीतापुर में बने सर्वाधिक आवास-शौचालय

# अबकी बार-400 पार में उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा योगदान: मुख्यमंत्री

**हरदोई/लखनऊ (आरएनएस)।** अपने शासनकाल में समाजवादी पार्टी आतंकवादियों के मुकदमों को वापस लेने में रूचि लेती थी। इन लोगों ने अयोध्या, रामपुर में सीआरपीएफ कैंप, काशी में संकटमोचन मंदिर, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी की कचहरी पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का प्रयास किया था, तब माननीय हाईकोर्ट ने कहा था कि आज

> दिलाया विश्वास- जिस दिन गंगा एक्सप्रेस वे बन जाएगा, उस दिन लाखों नौजवानों को मिलेगी नौकरी-रोजगार

आतंकियों के मुकदमे वापस ले रहे हो, कल इन्हें पद्म पुरस्कार से नवाजोगे। सरकार का यह कृत्य खतरनाक व निंदनीय है। कोर्ट ने सपा को कंडम किया था। मुख्यमंत्री ने अपील की कि आतंकवादियों की समर्थक सपा और राम का अपमान करने वालों को वोट नहीं देना है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। मुख्यमंत्री योगी ने मिश्रिख से भाजपा सांसद व प्रत्याशी अशोक रावत के लिए रविवार को मल्लावां, हरदोई में जनसभा कर वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी में पहुंचे लोगों का अभिवादन किया और कहा कि विधानसभा चुनाव और 2019 में महागठबंधन के बाद भी भाजपा प्रत्याशियों को आमजन का आशीर्वाद प्राप्त हुआ था।

**अबकी बार-400 पार में सबसे बड़ा योगदान उत्तर प्रदेश का**

मुख्यमंत्री ने जनता से अनुरोध किया कि नए भारत के निर्माण में हम भी सहभागी बनें। दो चरणों के चुनाव ने साबित कर दिया कि अबकी बार-400 पार का लक्ष्य प्राप्त होगा और इसमें सबसे बड़ा योगदान उत्तर प्रदेश का होगा। 10 वर्ष में देश में व्यापक परिवर्तन हुआ है, इसलिए आमजन फिर से पीएम मोदी को चुनना चाहता है। हरदोई व लखनऊ के बीच 1000 एकड़ क्षेत्रफल में नए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त पीएम श्री टेक्सटाइल्स पार्क बनने जा रहा है। इसमें हजारों युवाओं को नौकरी मिलेगी। एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज का उपहार भी इस जनपद को प्राप्त हो चुका है।

**हरदोई व सीतापुर में बने सर्वाधिक आवास-शौचालय**



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नए भारत में नई विकास यात्रा चल रही है। 1947 तक जितने हाइवे बने, मोदी जी के नेतृत्व में उससे दोगुने हाइवे 10 वर्ष में बन गए हैं। दोगुने एयरपोर्ट बन गए हैं। कांग्रेस ने सिर्फ एक एम्स बनाया, छह एम्स अटल जी और 15 एम्स मोदी जी ने बनवाए। दस वर्ष में दोगुने विश्वविद्यालय बन गए। यह विकास की नई गाथा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा शासन में यह क्षेत्र हो या अन्य क्षेत्र, लोग भूख से मरते थे। पाकिस्तान का राग अलापने वालों को बताना चाहिए कि वहां के 23-24 करोड़ लोगों को दो जून की रोटी नहीं मिल रही है और यहां 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। सबसे अधिक शौचालय, पीएम आवास हरदोई व सीतापुर में बने हैं। बचे लोगों को भी पांच वर्ष में आवास मिलेगा।

**जिस दिन गंगा एक्सप्रेसवे बन जाएगा, उस दिन हरदोई की गिनती विकसित जनपद में होगी**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक तरफ मोदी के नेतृत्व में नया भारत है, जिसमें सुरक्षा, सम्मान, गरीब कल्याण व आस्था का सम्मान भी है। डबल इंजन सरकार में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। जो लोग पांच- सात साल पहले गए होंगे, अब जाने पर उन्हें नई अयोध्या के दर्शन होंगे। 500 वर्ष बाद अयोध्या में रामलला ने होली भी खेली और जन्मोत्सव भी मनाया। सूर्य तिलक से भगवान राम का अभिषेक भी हुआ। अब भारत में विकास, विरासत व जनविश्वास भी है। समृद्धि के लिए नए कार्य हो रहे हैं। गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण तेजी से चल रहा है, जिस दिन यह बन जाएगा, हरदोई का कायाकल्प हो जाएगा और इसकी गिनती विकसित जनपद में होगी। लाखों नौजवानों को नौकरी व रोजगार मिलेगा।

## विश्व प्रसिद्ध बोधगया के महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में चोरी, बौद्ध भिक्षु का रुपए चुराते हुए वीडियो वायरल

**बोधगया ।** बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर के गर्भगृह से चोरी करने का मामला सामने आया है। यह चोरी एक बौद्ध भिक्षु ने की है। बौद्ध भिक्षु की चोरी करते हुए वीडियो भी वायरल हुई है। वीडियो



में बौद्ध भिक्षु मंदिर से पैसे चुराते हुए नजर आ रहा है। हैरानी की बात ये है कि भिक्षु ने चोरी के बाद भगवान बुद्ध के पैर छूकर उन्हें नमन भी किया। बोधगया का महाबोधी मंदिर दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहां हर साल विभिन्न देशों के लाखों बौद्ध श्रद्धालु, बौद्ध भिक्षु और विदेशी पर्यटक आते हैं। इस दौरान ये लोग महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध को नमन करके महाबोधि वृक्ष के नीचे साधना करते हैं। गर्भगृह में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के नीचे दानपेटी रखी गई है। यहां आने वाले श्रद्धालु दानपेटी में रुपए डालते हैं। गर्भगृह में बोधगया मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा बौद्ध भिक्षुओं को देखरेख के लिए रखा गया है। वहीं गर्भगृह में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा भी लगाए गए हैं। इसी गर्भगृह में बौद्ध भिक्षु के द्वारा दानपेटी से रुपए चोरी किए गए हैं। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि बौद्ध भिक्षु पहले दान में मिले रुपए को उठाता है और फिर अपने चीवर के अंदर रख लेता है। रुपए चोरी करने के बाद वह भगवान बुद्ध के पैर छूता है और फिर बाहर निकल जाता है। बौद्ध भिक्षु की पहचान भिक्षु धम्मिका के रूप में की गई है।



बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। भारतीय किसान यूनियन ऑल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष आबिद अली के द्वारा वकील अहमद उर्फ रियाजुद्दीन सैफी को निवासी ग्राम गुठावली बुलन्दशहर को भारतीय किसान यूनियन ऑल इंडिया अल्पसंख्यक सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वकील अहमद ने कहा है कि उनको जो जिम्मोदारी दी गई है उसे पूरी मेहनत और लगन के साथ संगठन को मजबूत व सक्रिय बनाने के लिए काम करूंगा।

## उधार के रुपये मांगने पर लात-घूंसों से पीटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** उधार दिए रुपये मांगने पर युवक को लात घूंसों से पीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया हैं। थाना क्षेत्र के गांव महुआ खेड़ा निवासी प्रवीण कुमार ने दी तहरीर में बताया कि पड़ोस के गांव कनेनी निवासी भूपेंद्र ने उससे काफी समय पहले रुपये उधार लिए थे,लेकिन तय समय बीतने के बाद रुपये नहीं लौटाए। एक दिन पूर्व उसके बड़े भाई प्रमोद ने पहासू के अलीगढ़ अड्डे पर अपने रुपयों का तकादा किया तो उसे जान से मारने की धमकी देकर चला गया। शाम को पहासू के मुकर्रम इंटर कालेज के गेट पर आरोपियों ने प्रमोद को अकेला देख कर घेर लिया तथा लात घूसों से पीट-पीट कर घायल कर दिया। कालेज की ओर गली में भागकर उसने अपनी जान बचाई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भूपेंद्र,पीयूष उर्फ पुनीत निवासी कनेनी,राहुल पाठक,पीयूष निवासी गंगागढ तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर लगा सरकारी नल महीनों से खराब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद(बुलन्दशहर)।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर अहार मार्ग पर एक सरकारी नल 8-10 महीनों से खराब पड़ा है। जल निगम और नगरपालिका परिषद् दोंनों विभागों ने इस खराब नल की आज तक कोई सुध नही ली है। जबकि सरकार की जल ही जीवन है का नारा को पलीता लगा रहे हैं। सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर रोजाना 400-500 व्यक्ति रोजाना अपना इलाज कराने आते हैं। इसी रोड पर अनेक नर्सिंग होम भी बने हुए है। पहले मरीज और तीमारदार वहीं से पानी लेकर अपनी प्यास बुझाते थे लेकिन अब इधर-उधर भटकते दिखाई देते हैं। ऐसा लगता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी इस खराब नल की शिकायत किसी भी विभाग से नही की है। यदि शिकायत की होती तो अब तक नल सही हो गया होता। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी से इस क्षेत्र की जनता अनुरोध करती है कि इस हैंडपंप को शीघ्र सही कराकर जनता को राहत प्रदान करें।





**बुलन्दशहर।** बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत जनपद बुलन्दशहर में अक्रियाशील हैंडपम्पों को चिन्हित कर उनकी मरम्मत व उनको रिबोर कराया जा रहा है।

## गंगा समग्र की जिला बैठक में नदियों की अविरलता-निर्मलता का गंगा भक्तों ने लिया संकल्प

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू (बुलंदशहर)।** खण्ड विकास पहासू के ग्राम कुंवरपुर में गंगा समग्र की जिला सह संयोजक मंजेश राघव के आवास पर आयोजित मासिक बैठक में गंगा समग्र के प्रांत सहायक नदी आयाम प्रमुख रविन्द्र ने नदियों को अविरल, निर्मल रखने की संकल्प सिद्धि हेतु गंगा भक्तों से अपील करते हुए कहा कि हरेक जलतीर्थ को अविरल निर्मल बहने दें, उनमें अपशिष्ट पदार्थ न डालें। गंगा नदी और सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने, शुद्ध पेय जल समाज को सुलभता से उपलब्ध हो इसके लिए जल संकट से निपटने हेतु चिंतन मनन करना जरूरी है। हमें जल संकट से निबटने हेतु और नदियों की



अविरलता, निर्मलता के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आना होगा, जो आज समय की भारी मांग है। जिला बैठक में गंगा सप्तमी, गंगा घाटों की स्वच्छता, गंगा आरती, नदियों के किनारे सघन वृक्षारोपण, संगठन विस्तार जैसे बिंदुओं पर मुख्य अतिथि जी का कार्यकताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक का संचालन गंगा समग्र की जिला सह संयोजक मंजेश राघव ने किया। इस मौके पर राजेश्वरी राघव, ब्रह्मपाल सिंह, कौशल शर्मा, यशपाल सिंह पत्रकार, गीता देवी, हिमांशु तोमर, ललित जादौन, अंकित शर्मा, नवीन सिंह, राजीव कुमार, दिनेश चौधरी, ओमपाल राघव, गिरीश शर्मा, मनोज सिंह, बबलू शर्मा अमित,अंकित शर्मा, कृष्ण, दिग्विजय राघव, विपिन राघव, प्रदीप राघव, वरुण शर्मा, गिरीश शर्मा, विष्णु शर्मा, अशोक राघव, किरणपाल राघव, रमेश चंद्र शर्मा, राजकुमारी राघव, रूपवती, कई श्रद्धालुओं ने मां गंगा को अविरल और निर्मल बनाने का संकल्प लिया।

## बहुजन शायर अभिषेक जाटव ने डॉ बीआर अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** रविवार को शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव नवादा में डॉक्टर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण अभिषेक जाटव दिल्ली एवं पूर्व विधायक मुंशीलाल गौतम नानक चंद बौद्ध शिकारपुर के द्वारा किया गया। वही युवाओं ने अभिषेक

### अभिषेक जाटव की एक झलक पाने के लिए गांव में लगी लोगों की आपर भीड़

जाटव का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत। उधर अभिषेक जाटव की झलक देखने के लिए युवाओं तथा महिला पुरुषों की भीड़ लग गई गांव नवादा की गलियां जय भीम के नारों से गूंजी इस मौके पर क्षेत्र की समस्त जनता उपस्थित रही सबसे पहले श्रद्धेय नानक बौद्ध द्वारा बौद्ध बंदना करायी गई तदुप्रांत अभिषेक जाटव द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया गया तथा सम्मानित लोगों ने अपने-अपने विचार रखें इस मौके पर दूर दूर से आए





लोगों ने जय भीम के नारों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी । इस मौके अभिषेक जाटव, नानक चंद बौद्ध, भगवत सिंह, राधेश्याम कोमल, प्रसाद नानक ,चंद गिर्राज सिंह, मास्टर गंगासरन, सेहतपुर वैरी ,सत्यपाल सिंह, राधा सिंह, भूपेंद्र सिंह, मोहित गौतम , जगवीर सिंह, रघुराज सिंह, डॉ विजेंद्र सिंह, अनोना गोरखपाल सिंह अमरपुर, निरंजन सिंह,प्रताप सिंह, सुरेश चंद ग्राम प्रधान, आकाश कुमार, डॉ गंगा प्रसाद, डीलर ललित गौतम, देवेंद्र प्रताप असरौली, पीतम सिंह ,अरुण कुमार तथा सोमलता राज प्रबंधक आदि लोग उपस्थित रहे।

## हरेक जल तीर्थ को अविरल निर्मल बहने दें : रविन्द्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** गंगा समग्र के प्रांत सहायक नदी आयाम प्रमुख रविन्द्र



ने नदियों को अविरल और निर्मल रखने की संकल्प सिद्धि हेतु लोगों से अपील करते हुए कहा कि हरेक जलतीर्थ को अविरल निर्मल बहने दें, उनमें अपशिष्ट पदार्थ न डालें और न ही डालने दें। गंगा नदी और सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने, शुद्ध पेय जल समाज को सुलभता से उपलब्ध हो इसके लिए जल संकट से निपटने हेतु चिंतन, मनन करके इस ज्वलंत समस्या का ठोस निवारण करना जरूरी है। उन्होंने युवा शक्ति से जल दोहन रोकने हेतु आव्हान करते हुए कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को नदियों की अविरलता और निर्मलता के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आना होगा, जो आज समय की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित में किए जाने वाले हर नेक कार्य को करने में हमारी युवा पीढ़ी सदैव आगे रही है।

## बालाजी महाराज सेवा समिति द्वारा छटी महोत्सव धूमधाम से मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** गांधी बाजार स्थित लाला गंगा सहाय की धर्मशाला में श्रीबालाजी महाराज सेवा समिति द्वारा छठी महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संकीर्तन, नृत्य नाटिका और भंडारे का आयोजन किया गया।

समिति वरिष्ठ पदाधिकारी दिनेश गोयल ने बताया कि छठी महोत्सव की शुरूआत सुनील गर्ग के सानिध्य में विधि विधान से पूजन अर्चना के साथ हुई। संकीर्तन में आमंत्रित भजन गायक आकांक्षा मित्तल व सांवरिया सेठ के सानिध्य में ठाकुर जी महाराज जय श्रीबालाजी महाराज के भजनों पर भक्तजन झूम उठे। फरीदाबाद के नरेश सैनी द्वारा सुनाए गए बाबा के भजनों पर उपस्थित श्रद्धालुजन भाव विभोर होकर झूम उठे। वहीं बाहर से आए कलाकारों



द्वारा भव्य नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। छठी महोत्सव मे नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा भाग लिया गया तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दिनेश चन्द गोयल गुरु, सुनिल गर्ग, विनोद चाचा, विनोद मित्तल, अनुपम जिंदल, प्रवीण, धर्मा शर्मा, पीयूष, मोहित गुप्ता, राहुल मित्तल, संजय, सूरज सोनी, गौरव, दीपक सैन, संजय लाला, तनिष्क गर्ग, अनुज मित्तल, मनोज मित्तल, रजनीश मित्तल, वरुण शर्मा, नामदेव, अशोक, विनोद समेत अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## प्रबंध समिति चुनाव में निर्विरोध प्रबंधक बने गौरव कुमार शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामघाट (वसीम सिद्दीकी)।** रविवार को डीबी जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर प्रबंध समिति चुनाव में निर्विरोध प्रबंधक बने गौरव कुमार शर्मा डीबी जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव पर्यवेक्षक राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिलोना के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार राही चुनाव अधिकारी पूर्व प्रधानाचार्य इरिगेशन इंटर कॉलेज नरौरा गजराज सिंह द्वारा आज शांतिपूर्वक विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव निर्विरोध हुआ संपन्न ।



फाइल फोटो प्रबंधक गौरव कुमार शर्मा

प्रबंध समिति में अध्यक्ष अनिल कुमार उपाध्याय उपाध्यक्ष सोनवीर सिंह प्रबंधक गौरव कुमार शर्मा उप प्रबंधक देवेंद्र कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष विवेक मित्तल कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र सिंह शंकर लाल शर्मा वीरेंद्र कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा प्रभु दयाल पाठक राजपत चुने गए। विद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव शांतिपूर्वक निर्विरोध संपन्न होने पर प्रबंधक गौरव कुमार शर्मा ने मिष्ठान वितरण कर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## 14 मई को लाडले मुकंद लाल जी का दसवां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर (अशोक पाठक)।** श्री कृष्णा राणी सती ट्रस्ट शिकारपुर के द्वारा श्री कृष्णा धाम शिकारपुर में 14 मई को लाडले मुकंद लाल जी का दसवां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

कार्यक्रम में परम पूज्य आचार्य जूनापीठाधीश्वर महामंडलेश्वर अनंत श्रीविभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज शुभ आशीर्वाद देंगे। कृपांश मुस्कान दीदी, हरि दासी बाबा बरसाना, श्रीजी म्यूजिकल इवेटस ग्रुप नोएडा वृंदावन द्वारा सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम 14 मई को प्रातः 10:00 बजे से हरि इच्छा तक, दोपहर 1:00 बजे से भंडारी प्रसादी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम




के आयोजको अपने सभी भक्तगणों से प्रार्थना है कि उत्सव में पहुंचकर लड्डू गोपाल जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। यह जानकारी नीरज मित्तल ने दी है।

## जन समस्या: सड़क पर गंदा पानी भरने से पैदल चलना भी चुनौती बना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नाले का निर्माण होने से मोहल्ले वालों समेत राहगीरों की दिक्कत बढ़ गई है, क्योंकि गंदा पानी भरने से उन्हें सड़क पर पैदल चलना भी

- मच्छर मक्खियों का प्रकोप बढ़ने से बीमारी का खतरा मंडरा रहा
- नाला निर्माण से राहगीरों की दिक्कत बढी

चुनौती साबित हो रहा है। वही जाम की समस्या बनी रहती है।

आबादी के गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था को बेहतर करने के मकसद से







अंबेडकर पार्क से केनरा बैंक तक पालिका स्तर से पुराने नाले को तुड़वाकर नए नाले का निर्माण कराया जा रहा है।

पानी से नव निर्माण को क्षति न हो पाए इसे देखते हुए ठेकेदार ने नाले में पीछे से आ रहे पानी को अवरोध लगाकर रोक दिया है जिससे खुर्जा रोड,व रामलीला ग्राउंड के पीछे आबादी के बीच सड़कों पर भर रहा है। स्थानीय लोगों समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और ब्लॉक आने जाने वालों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। वही अंबेडकर पार्क से लेकर केनरा बैंक तक जाम की स्थिति बनी रहती है।

**क्या कहते हैं क्षेत्रीय लोग**

संतोष कुमार का कहना है कि नाला निर्माण की कवायद पालिका का सराहनीय कदम है लेकिन ठेकेदार को पुराने नाले में अवरोध लगाने की बजाय, गंदे पानी को डालने की अन्य व्यवस्था करनी चाहिए। प्रेमपाल का कहना है कि निकासी बंद होने से गंदा पानी आबादी के बीच सड़क पर मकान और दुकानों के सामने भर रहा है जिससे मच्छर मक्खियों का प्रकोप बढ़ने पर बीमारियों के पांव पसारने का खतरा मंडरा रहा है।

पालिका ईओ नीतू सिंह का कहना है कि नाला निर्माण के दृष्टिगत गंदे पानी की निकासी पालिका द्वारा समय-समय पर पंप सेट कराई जाती है।

## एडवाइजरी

### कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच बाहर जाने से बचें : अपर जिलाधिकारी

# दैनिक तापमान में तेजी से वृद्धि के चलते मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी एडवाइजरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** अपर जिलाधिकारी ( वि०रा० ) द्वारा मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी एडवाइजरी के अनुसार आगामी दिनों में दैनिक तापमान में तेजी से वृद्धि 40 डिग्री से ज्यादा होने का पूवार्नुमान व्यक्त किया गया है। हीटवेव लू असामान्य रूप से उच्चतम तापमान की अवधि है जब तापमान सामान्य तापमान से अधिक दर्ज किया जाता है। आगामी दिनों में जनपद में परिस्थितियां हीटवेव लू के अनुकूल बनी हुई है। उच्च आद्रता तथा वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी डिहाईड्रेशन एवं ऐंठन की शिकायत आती है और कभी कभी इसके कारण लोगों की मौत भी हो जाती है। शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जाने से अर्बन हीट आईलैंड की स्थिति बन जानी है। हीटवेव लू से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बीमार, मजदूर, गरीब, दुर्बल एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होते हैं। बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय बुलन्दशहर सुरक्षा की दृष्टि से जनहित में हीटवेव ,लू, प्रकोप से बचाव हेतु निम्न बातों की ओर ध्यान आकर्षण कराना चाहता है।

**हीटवेव लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या करें**

1 कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।

2 हल्के रंग के ढीले ढाले और सूती कपड़े पहनें।

3 धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें।

4 पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी



पीते रहें। सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें।

5 खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नींबू का पानी, छाछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थों को इस्तेमाल करें।

6 रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।

7 कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।

8अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियॉ खुली रखें।

9 घर के निचली तलों पर रहने का प्रयास करें।

**हीटवेव लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या न करें**

1बच्चों एवं पालतू जानवरों को बिना निगरानी के पार्क की गयी कार में अकेला न छोड़ें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं जो बच्चों के लिए घातक हो सकती है।

2 भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।

3 उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।

4 शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं।

5 दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाए रखने के लिए खिड़की व दरवाजे खुली रखें।

# जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में पीजीडीएम बैच (2022-24) के छात्रों को विदाई देने के लिए एक फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में पीजीडीएम बैच (2022-24) के छात्रों को विदाई देने के लिए एक फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसको प्रारब्ध नाम दिया गया। यह कार्यक्रम, (2023-25) के पीजीडीएम बैच द्वारा आयोजित किया गया था। यह एक असाधारण आयोजन था, जिसने छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाया और संस्थान में उनके बिताए हुए समय को याद किया। फेयरवेल पार्टी एक शानदार सफलता रही और आने वाले वर्षों के लिए याद की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रबंधन समिति के चेयरमैन डॉ. राजेश गुप्ता जी, वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता ,सीईओ स्वदेश कुमार सिंह , संस्थान के निदेशक डॉ. भूपेंद्र कुमार सोम, उपनिदेशक डॉ. रुचि रायत, डीन एकेडमिक्स डॉक्टर यामिनी पांडे ,डीन ओ एस डब्लू डॉ. शालिनी शर्मा, डीन आउटरीच एक्सटेंशन एंड सीआरसी प्रोफेसर मुदित तोमर, डीन एग्जामिनेशन डॉ. निशांत सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए श्री गणेश एवं मां सरस्वती जी को फूल अर्पण करके इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गयाक्कार्यक्रम की शुरूआत 2022-24 बैच के छात्रों के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने निवर्तमान बैच को बधाई दी और फेयरवेल पार्टी में उनका स्वागत किया। छात्रों ने कॉलेज में अपनी दो साल की यात्रा के दौरान समर्थन और मार्गदर्शन के लिए संकाय और प्रबंधन को भी धन्यवाद दिया।

अध्यक्ष, डॉ. राजेश गुप्ता जी ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्रों का स्वागत करते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की और उनको आशीर्वाद दिया, साथ ही साथ भविष्य के निर्माण हेतु अपने द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य के प्रति पूर्ण निष्ठा से क्रियाशील रहने का आवाहन किया और उसमे उन्होंने छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। उपाध्यक्ष श्री गौरव गुप्ता जी ने छात्रों को अपने जुनून को आगे बढ़ाने और अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सीईओ स्वदेश कुमार सिंह जी ने छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन की प्रशंसा की और उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा संस्थान की प्रबंधन समिति के साथ-साथ विभाग के शिक्षकों तथा छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन कियाक छात्रों को उत्साह के साथ-साथ लक्ष्य के प्रति सदैव केंद्रित रहने का मार्ग समझाया, और (डॉ.) भीमराव अंबेडकर जी की बातों को बताते हुए बताया की अगर जो लंबी कतारें मंदिर और क्लब के पास रहती है अगर वह कतारें जिस दिन पुस्तकालय के बाहर होंगी उस दिन हमारे देश को महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकताक विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्रता एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक उचित लक्ष्य बनाने का सुझाव दिया और उन्हें सीखने और बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।






फेयरवेल पार्टी एक असाधारण कार्यक्रम था, 2022-24 बैच के साथ एक विद्युतीय नृत्य प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस शाम मुख्य आकर्षण द सरदार ब्रदर्स रहे जो पंजाबी, रैप और हिप-हॉप संगीत गायन के एक उभरते हुए सितारे है। द सरदार ब्रदर्स ने एक प्रभावशाली प्रदर्शन दिया जिसने सभी को ताल ठोंकने पर मजबूर कर दिया। पंजाबी गाने व रैप संगीत के संयोजन ने एक जीवंत और ऊजार्वान माहौल बनाया, जिससे फेयरवेल पार्टी उपस्थित सभी लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई। फेयरवेल पार्टी दो साल की यात्रा की परिणति थी जो छात्रों ने संस्थान में बिताई थी। यह आयोजन उनके लिए अपने कनिष्ठ और सलाह देने वाले फैकल्टी को अलविदा कहने का अवसर था। फेयरवेल पार्टी छात्रों के लिए एक भावनात्मक क्षण था क्योंकि उन्होंने पीछे मुड़कर देखा कि उन्होंने कॉलेज में क्या समय बिताया था, उन्होंने जो दोस्ती की थी और जो यादें उन्होंने बनाई थीं। फेयरवेल पार्टी न केवल छात्रों की उपलब्धियों का उत्सव थी, बल्कि प्रतिभाशाली व्यक्तियों के पोषण और उन्हें फलने-फूलने और सफल होने के लिए एक वातावरण प्रदान करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता थी। इस कार्यक्रम ने छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया और उन्हें दुनिया को अपने कौशल दिखाने का अवसर प्रदान किया। इस आयोजन ने अपने छात्रों को संपूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उन्हें वास्तविक निगमित जगत की चुनौतियों के लिए तैयार करने की संस्थान की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया।इसके बाद छात्रों के रोमांचक प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। छात्रों ने नृत्य, संगीत, स्किट और कविता सहित कई प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शन छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता के लिए एक वसीयतनामा था और उन कौशलों का प्रदर्शन किया जो उन्होंने कॉलेज में अपने समय के दौरान किए थे। प्रदर्शनों के अलावा, यह आयोजन निवर्तमान बैच की उपलब्धियों को पहचानने का एक मंच भी था। शाम के मुख्य आकर्षण मैं एक रैंप वॉक एवं उनके कौशल प्रदर्शन को देखते हुए, निम्नलिखित छात्रों को टैग नामों से सम्मानित किया गया - मिस्टर एंड मिस फेयरवेल कार्तिक गोयल एवं रूफिना चिंदेईनेंग, मिस्टर एंड मिस जीआईएमएस पोलो पेगु एवं श्रुति सोनी, मिस्टर मैजिस्टिक कौशिक बडयाकर और मिस डीवा सुनैना ठाकुर। पुरस्कार समारोह छात्रों और उनके परिवारों के लिए गर्व का क्षण था, जिन्होंने उनकी शैक्षणिक यात्रा के दौरान उनका समर्थन किया था। इस घटना को भावनाओं और पुरानी यादों की जबरदस्त भावना से चिह्नित किया गया था, क्योंकि छात्रों ने संस्थान में अपने समय को विदाई दी थी। छात्रों ने उन्हें सीखने और बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए संस्थान, उनके शिक्षकों और उनके साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। निदेशक डॉ. भूपेंद्र कुमार सोम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने छात्रों के निवर्तमान बैच को भी शुभकामनाएं दीं और उन्हें जुनून और दृढ़ता के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। फेयरवेल पार्टी एक शानदार सफलता थी, और इसे आने वाले वर्षों के लिए याद किया जाएगा। यह एक अविस्मरणीय अनुभव था जिसने छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया और युवा दिमागों के पोषण और विकास के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित किया।

# गाजियाबाद के उद्योगपति नीरज सिंघल वर्ष 2024-2025 के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक लखनऊ में चुनाव अधिकारी की अध्यक्षता में आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष वर्ष 2024-25 के चुनाव हेतु संपन्न हुई।

इस बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए गाजियाबाद से नीरज सिंघल को आईआईए का पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष,सर्वसम्मति से चुना गया। नीरज सिंघल गाजियाबाद में स्थित केलको एल्यु0 सिस्टम्स प्रा0 लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। यह उद्योग देश में उच्च गुणवत्ता के विभिन्न एल्युमिनियम उत्पाद बनाने के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें आधुनिक बिल्डिंग मैटेरियल्स भी शामिल है। केलको एल्यु0 सिस्टम्स प्रा0 लिमिटेड एशिया के फेमस ब्रांड के रूप मे भी मान्यता प्राप्त है।

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन में श्री सिंघल विगत 20 वर्षों से विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं, जिसमें चैप्टर चेयरमैन, डिविजन चेयरमैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महासचिव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पदों को सुशोभित किया है। सिंघल आईआईए की अन्तर्राष्ट्रीय मामलों की कमेटी के चेयरमैन तथा आईआईए की ओर क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की गवर्निंग बॉडी के सदस्य भी रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सिंघल ने आईआईए के लिए विभिन्न देशों का भ्रमण किया है। और उन देशों मे विभिन्न संस्थाओ और दूतावासों के उच्च अधिकारियों के साथ वार्ताए की हैं। हाल ही मे सिंघल ने जर्मनी एवं डेनमार्क के भ्रमण दौरान वहां पर स्थित भारतीय दूतावासों के वाणिज्य काउंसलर के साथ देश के एमएसएमई के हित मे सार्थक विचार विमर्श किया है। इसके अतिरिक्त श्री सिंघल ने स्वीडन, हंगरी, वियतनाम, रूस, मिश्र, थाइलैंड, युगांडा एवं म्यांमार में भी उद्योगों की स्थिति का अध्ययन कियाहै।




इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत सिंघल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहाँ एक ओर आईआईए जैसी महान संस्था का पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर मैं अपने को सौभाग्यशाली समझता हूँ, वहीं दूसरी ओर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी का भी मुझे आभास है। इस एसोसिएशन को धरातल से आज की इस ऊँचाई तक पहुँचाने में आईआईए के सभी 18 पूर्व अध्यक्षों की कड़ी मेहनत और प्रगतिशील सोच रही है। हमें आईआईए को सामंजस्य एवं एक विचार के साथ और ऊँचाईयों पर ले जाना है, जिसके लिए मैं अपने सभी सहयोगी पदाधिकारियों के साथ प्रयासरत रहूँगा। आने वाले वर्षों में आईआईए में हमारा मुख्य लक्ष्य प्रदेश एवं देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों की प्रगति तथा इन उद्योगों के माध्यम से प्रदेश एवं देश की जीडीपी में प्रभावी योगदान करना रहेगा। आईआईए प्रारंभ से ही प्रदेश एवं राष्ट्रीय सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एमएसएमई का उत्थान करता आया है, जिसे जारी रखा जाएगा। भारतीय एमएसएमई के पास अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने का सुनहरा अवसर उपलब्ध है, इस पर भी आईआईए आने वाले वर्षों में कार्य करेगा। अंत में सिंघल ने आईआईए के 11000 से अधिक सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुआ कहा कि वे उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे।

आईआईए गाजियाबाद चैप्टर से बैठक के दौरान सीईसी सदस्य मनोज कुमार, चैप्टर चेयरमैन, राकेश अनेजा, सचिव संजय अग्रवाल, आईटी एवं साइबर सैल सब्जेक्ट समिति चेयरमैन सीएस स्वरूप उपस्थित रहे, जिन्होने पुनः निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाऐं दीं तथा उत्साहवर्धन किया।

# स्पेशल ओलंपिक भारत दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाला आज भारत का एक प्रमुख और सक्षम संगठन के रूप में समाज में जाना जाता है : ललित जायसवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद स्पेशल ओलंपिक भारत वर्ष 2023 में बर्लिन ओलंपिक्स में 199 मैडल लाकर भारत के गौरव को बढ़ाने का काम किया। करोना महामारी के बाद जब दो वर्ष तक मानसिक दिव्यांगता क्षेत्र में काम करने वाले बच्चों सहित सम्पूर्ण समाज घरों में रह रहा था तब स्पेशल ओलंपिक भारत ने यह लक्ष लिया की अब हमारे बच्चे घरों से बहार निकलेंगे और पुनः खेल के क्षेत्र से लेकर अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ेंगे। इसके संदर्भ में, उस समय अध्यक्षा श्रीमती मलिका नड्डा जी के नेतर्त्व में हमने पुरे देश में यह तय किया की हम आजादी के अमृत महोत्सव पर देश के 75 जिलों में 7500 मेडिकल प्रोफेशनल के साथ मिल कर 75000 से ज्यादा मानसिक दिव्यांग बच्चों का हेल्थ कैंप करके "फी३४१ल्ल ३ङ्ग ढ"८" प्लान के साथ उनको दुबारा खेल के मैदानों में लेकर आएंगे और हमारे इस कार्यक्रम को बहुत बड़ी सफलता मिली। इस कार्यक्रम के दौरान स्पेशल ओलंपिक भारत ने कुल 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में 102037 बच्चों की हेल्थ स्क्रीनिंग 139 विभिन्न स्थानों पर की। जिसमे स्पेशल ओलंपिक भारत ने गिनीज बुक रिकॉर्ड, एशिया बुक रिकॉर्ड और लीमा बुक रिकॉर्ड ( प्रयास किया गया) आदि रिकॉर्ड प्राप्त किये। स्पेशल ओलंपिक्स भारत-उत्तर प्रदेश के द्वारा 4 मई, 2024 को वरदान स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में दिव्यांग बच्चों के लिए नेशनल हेल्थ फेस्ट-2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। नेशनल हेल्थ फेस्ट-2024 में उत्साहजनक उपस्थिति और प्रभावशाली भागीदारी देखी गई, जिसमें 600 दिव्यांग बच्चों की स्वास्थ्य की जांच अत्यंत देखभाल और समर्पण के साथ की गई। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को प्राथमिकता देना है, यह सुनिश्चित करना कि उन्हें वह देख-रेख और समर्थन मिले जिसके वे हकदार हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मल्लिका नड्डा उपस्थित रही और उन्होंने स्पेशल ओलंपिक्स-उत्तर प्रदेश के नये कामों की प्रशंसा करते हुए कहा की ऐसे स्वास्थ कैंप देश भर में आयोजित करने चाहिये । इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप नोवमान अहमद (प्रबंध निदेशक-एच.एस.सी.सी) ने अपने भाषण कहा की इस प्रकार के कार्यक्रमों उनकी संस्था की ओर से हमेश हर मुमकिन सहायता प्रदान की जायेगी इस कार्यक्रम से जोड़ कर उनको बड़ी खुशी महसूस हुई, विशेष अतिथि के रूप मुकेश शुक्ला (अध्यक्ष-स्पेशल ओलंपिक्स भारत-उत्तर प्रदेश) ने कहा की स्पेशल ओलंपिक्स भारत-उत्तर प्रदेश अगला ओलंपिक्स भारत में उत्तर प्रदेश में हो इसके प्रयास में, मैं और मेरी संस्था निरंतर प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के आयोजक व राज्य समिति के सदस्य ललित जयसवाल ने कहा की हम इस स्वस्थ कैंप को उत्तर प्रदेश हर जिले तक लेके जायेंगे, वरदान अस्पताल में होने वाले यह कैंप को लगातार जारी रखा जायेगा, दिव्यांग बच्चों के लिए हम हर मुमकिन प्रयास करेंगे।स्पेशल ओलंपिक भारत-उत्तर प्रदेश, के. वी. एस. सिरोही (चेयरमैन-वरदान स्पेशलिटी हॉस्पिटल), उटड ॠर्ढ्ढ, एमिटी विश्वविद्यालय, स्पेशल ओलंपिक्स भारत की पूरी टीम एवं एच.एस.सी.सी को विशेष धन्यवाद देता है। नेशनल हेल्थ फेस्ट-2024 को सफल कार्यक्रम बनाने में योगदान देने वाले सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों, प्रायोजकों और समर्थकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है। इस उद्देश्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करता है।



# एसडीआरवी कॉन्वेंट स्कूल दनकौर के भावना तथा आयुषी दोनों राज्य प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** एस डी आर वी कॉन्वेंट स्कूल दनकौर के छात्रों ने खेल के प्रति अपने समर्पण और कौशल को एक बार पुनः दशार्या है। विद्यालय की दो छात्राओं ने एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ नोएडा द्वारा सेंट थॉमस कॉलेज ऑफ नॉलेज में आयोजित जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार जीत हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। जहाँ एक ओर भावना शर्मा ने लॉन्ग जंप में रजत पदक हासिल किया, वहीं आयुषी कसाना ने शॉट-पुट में रजत पदक प्राप्त किया ।





एस डी आर वी कॉन्वेंट स्कूल में खुशी की लहर तब दौड़ गई जब भावना तथा आयुषी दोनों को ही राज्य प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया । एस डी आर वी आज अपने एथलीटों की सफलता का जश्न मना रहा है । यह एस डी आर वी कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों के समग्र विकास को परिभाषित करता है।

# शक्ति सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट (पंजी.) के सौजन्य एवं,वरदान मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल गाज़ियाबाद के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रक्तदान जीवन दान,श्री जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर अस्पताल गाज़ियाबाद के अनुभवी डाक्टरों द्वारा कैंसर जाँच शिविर नर सेवा नारायण सेवा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहा जिसमें भारी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया रक्तदान शिवर में भी 88 लोगों ने रक्तदान दिया 66 लोग ने कैंसर की जांच 102 डॉ लाल द्वारा ब्लड जांच की गई। सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने अपनी भूमिका निभाई कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि गरीब बेटियों की शादियों से लेकर गरीबों का मुफ्त इलाज भी संस्था हमेशा करवाती रही है और बच्चों की फीस भी अरेंज कर आती है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सीए एमसी गर्ग चेयरमैन, श्री जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर अस्पताल विजय शंकर ने बताया कि जब लोगों से रक्तदान करते हुए कुछ सवाल पूछे तो उन्होंने बताया सबसे बड़ा दान, जो है पुण्य का काम,रक्तदान कौन कर सकता है डॉक्टर से पूछताछ में बताया गया कि कौन लोग रक्तदान कर सकते हैं डॉक्टर द्वारा बताया गया कि,यदि आपकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच है।

,यदि आपका वजन 45 किलो या उससे अधिक है।,यदि आपका हिमोग्लोबिन 12.5/1% से अधिक है।, यदि आपने 3 महीने पहले तक रक्तदान न किया हो।

,यदि आप स्वस्थ है तथा किसी गम्भीर बीमारी से पीड़ित नहीं है।

रक्तदान कौन नहीं कर सकता है।यदि आपको एक सप्ताह से बुखार है। यदि किसी प्रकार की कोई Aftebiotics दवा ले रहे है।, हृदय रोगी, उच्च रक्तचाप, ब्लड शुगर, कैंसर, किडनी या लिवर के मरीज रक्तदान नहीं कर सकते हैं।,यदि पिछले 6 महीने के दौरान कोई बड़ा आप्रेशन हुआ है।,यदि पिछले 24 घण्टे के अन्दर ञ्रूल्लं३ङ्गल्ल हुआ है।,यदि आप गर्भवती हैं।रक्तदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ यह सुनिश्चित कर लें कि रक्तदान से पहले कम से कम 6 घण्टे आपने नींद पूरी की है। 4 घण्टे पहले तक हल्का नाश्ता कर लें। रक्तदान से 2 घण्टे पहले आप धूम्रपान न करें। रक्तदान के 24 घण्टे पहले तक शराब इत्यादि का सेवन न करें।रक्तदान करते समय स्पंज (Spofge) को दबाते रहें ताकि रक्त का प्रवाह निरन्तर होता रहे। रक्तदान देने के उपरान्त कम से कम 5 मिनट तक पर लेटे रहें। रक्तदान के उपरान्त हल्का नाश्ता कर लें। रक्तदान के उपरान्त आपको डोनेट सर्टिफिकेट दिया जायेगा।

रक्तदान के उपरान्त आप नियमित दिनचर्या कर सकते हैं। यदि रक्त में कोई अनियमितता पाई जाती है तो आपको सूचना दी जायेगी। रक्तदान के उपरान्त रक्तदान के उपरान्त आपको हल्का नाश्ता उपलब्ध कराया जायेगा। पूरे दिन तरल पदार्थ का सेवन करते रहें। रक्तदान के 24 घण्टे बाद तक शराब इत्यादि का सेवन न करें।कम से कम 2 घण्टे तक सिगरेट, गुटखा इत्यादि का सेवन न करें। यदि कोई रक्तस्त्राव हो रहा है तो बाँह को मोड़कर रखें। यदि कुछ असहज महसूस हो रहा है तो दोनों पैरों को ऊपर उठाकर रखें।

भारी खेलकूद इत्यादि कम से कम 24 घण्टे तक न करें। हाथ पर लगाई हुई इंल्लाँ अगले दिन हटा लें।यदि फिर भी कुछ भारीपन या उल्टी का एहसास हो रहा हैतो तुरन्त नजदीकी डॉक्टर से सम्पर्क करें। आपके रक्त की एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है।, वरदान सेवा संस्थान, गाजियाबाद,जगमोहन कुमार चेयरमैन, शक्ति सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया।

श्री मनन धाम मोरटा, मेरठ रोड, गाज़ियाबाद मे रविवार, 5 मई 2024 को किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सीए एम सी गर्ग चेयरमैन, श्री जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर अस्पताल विजय शंकर मंत्री, वरदान सेवा संस्थान, गाजियाबाद जगमोहन कुमार चेयरमैन, शक्ति सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं जगमोहनकुमार, चेयरमैन धर्मपाल गोयल सचिव , मनीष कपूर, कोषाध्यक्ष अशोक मलिक नरेश शर्मा जगदीश साधना सुरेन्द्र सहगल कृष्ण वीर सिंह सिरोही विजय शंकर गुलशन बजाज हरीश कुमार परदीप वादवा विजय छाबरा अशोक सिंघल गजेन्द्र शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

**आयोजन**

## पत्रकारिता के लिए सुरक्षा अधिनियम लाए केंद्र : नंद गोपाल वर्मा

# भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर नोएडा में किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय सचिव पत्रकार व सामाजिक चिंतक नंद गोपाल वर्मा ने कहा है कि आजादी के आंदोलन से लेकर अभी तक पत्रकारिता की भूमिका नव निर्माण की रही है। पत्रकार के प्रति जनमानस का अटूट विश्वास आज भी कायम है क्योंकि पत्रकार अपनी कलम से गांव देहात और समाज में होने वाली हर छोटी बड़ी खबर के साथ असली भारत के दर्शन कराने का काम करते हैं। इसलिए पत्रकारिता सामाजिक दर्पण का प्रतिबिंब है।

- पत्रकार की सुरक्षा व एकता जरूरी : मोहम्मद आजाद
- पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा व जीवन पर्यंत मुफ्त इलाज व पेंशन की सुविधा दे सरकार- विनोद शर्मा

नंद गोपाल वर्मा नोएडा सेक्टर 15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विगत-- सालों में पत्रकारों पर निरंतर जानलेवा हमले चिंतनीय है। अब समय आ गया है कि भारत सरकार संसद में पत्रकार सुरक्षा कानून बना लागू करके पत्रकारों को उनकी सुरक्षा की गारंटी दे। अन्यथा प्रेस की आजादी के बिना लोकतंत्र जीवित रहना भी असंभव हो जाएगा।



भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ बुध नगर द्वारा प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा ने कहा कि बदलते दौर में पत्रकारिता के गिरते स्तर के कारणों पर चिंतन जरूरी है। हमारे संविधान में न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका के साथ साथ पत्रकारिता के लिए भी सामाजिक सुरक्षा अधिनियम बनाने की जरूरत है।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद आजाद ने कहा कि पत्रकारों के हितों के प्रति भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ सजग है। पीत पत्रकारिता से बचाव रखते हुए पत्रकार सुरक्षा एवं पत्रकारों का संगठित रहना भी जरूरी है ताकि पत्रकार अपने हितों व अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर सकें गोष्ठी में महासंघ की जिला गौतमबुद्धनगर इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र मलिक ने लोकतंत्र के चारों स्तंभों में से पत्रकारिता के स्तंभ की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्रकारों की सुरक्षा के साथ सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होनी चाहिए क्योंकि पत्रकार सब कुछ छोड़ कर बिना संसाधनों के अभाव व जोखिम भरे माहौल में देश व समाज की सेवा में लगा रहता है इसलिए सरकार पत्रकारों को कम से कम 10 लाख रुपए धनराशि आर्थिक मदद के रूप में जी जानी चाहिए तथा पत्रकारों को उनके जीवन पर्यंत निशुल्क चिकित्सा सुविधा भी सरकार को देनी चाहिए ' विचार गोष्ठी में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश सचिव राजेश राजेश शर्मा,अकरम चौधरी, संदीप भाटी, सोनू शर्मा एडवोकेट, दिनेश भाटी, विक्रम भाटी, अरविंद गुप्ता अनिल कौशिक समेत काफी संख्या में पत्रकार, साहित्यकार, कवि इत्यादि मौजूद रहे

# बढ़ते महिला अपराधों व सांसद प्रज्वल रामन्ना द्वारा किए गए सेक्स स्कैंडल के विरोध में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ द्वारा की गई प्रेस वार्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों को लेकर महिला कांग्रेस की बैठक प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा गौड़, आम आदमी पार्टी की जिलाध्यक्ष मीनू अग्रवाल व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी सम्मिलित रहे। प्रेस वार्ता व बैठक को संबोधित करते हुए महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी ने कर्नाटक में केन्द्र सरकार के संरक्षण में प्रज्वल रमन्ना द्वारा किए गए

**महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध व सेक्स स्कैंडल को भारत के इतिहास में आम जनमानस व राजनेताओं को शर्मसार करने वाला**

जघन्य अपराध महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध व सेक्स स्कैंडल को भारत के इतिहास में आम जनमानस व राजनेताओं को शर्मसार करने वाला बताते हुए वर्तमान देश के भाजपा सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे दावों को खोखला बताते हुए उनको सहयोगी पार्टी से सांसद का टिकट दिए जाने व प्रधानमंत्री द्वारा किए




गए उनके प्रचार पर सवाल खड़े कर प्रजवल रमन्ना को अविलंब फांसी की मांग करते हुए महिला जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ ने सभी प्रदेश व देश की महिलाओं से महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति उठ खड़े होने, अपने अधिकारों का प्रयोग कर उनके खिलाफ लड़ाई लड़ने तथा वर्तमान में देश की सरकार द्वारा डराकर व संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करके बनाई गए भय के वातावरण से बाहर निकले।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी जी व राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका दीदी द्वारा लड़ी जा रही महिला सम्मान की लड़ाई में जुड़कर अपने आत्म सम्मान को सुरक्षित कर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई से प्रेरणा लेने का आह्वान किया । बैठक मे जिला महासचिव इंजीनियर रवि लोधी, जिला अध्यक्ष आम पार्टी महिला मीनू अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस पदमा, जिला महासचिव सुनीता सैनी, शहर अध्यक्ष नुसरत जहां, खुर्जा अध्यक्ष सुनीता तोमर ,जिला अध्यक्ष पंचायती राज राजीव गांधी संगठन रहमत राणा, न्याय पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा सहित कांग्रेस के **दर्जनों** कार्यकर्ता में पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

# दनकौर कस्बे में आगामी 10 में को परशुराम जन्मोत्सव मनाने की तैयारी को लेकर हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दनकौर।** आगामी 10 में को परशुराम जन्मोत्सव मनाने की तैयारी को लेकर एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता गौरी दत्त शर्मा ने की मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा प्रवेश महामंत्री मास्टर परमानंद शर्मा जिला गौतम बुद्ध नगर अध्यक्ष राजेश शर्मा जिला गौतम बुद्ध नगर कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा हुआ दादरी के कोषाध्यक्ष विजय शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे सभी वक्ताओं ने एकता की बात पर बोल दिया और 10 में को परशुराम जन्मोत्सव मनाने पर एक मत हुए क्या हुआ की सभी अपने-अपने सगे संबंधियों को सूचित करें और प्रसन्नता पूर्वक भारी संख्या में इकट्ठे



होकर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया कार्यक्रम में दनकौर के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा नानक शर्मा राजू कौशिक राजेंद्र प्रसाद शर्मा लोक उपस्थित हुए विद्युत है कि पूरे प्रदेश में नगर जिला और गांव स्तर पर भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।

# तन्वी हेल्पिंग ग्रुप संस्था के संस्थापक विजय चौहान और तन्वी चौहान कर रहे जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को दे रहे हैं बढ़ावा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** जिन जरूरतमंद बच्चों का दाखिला RTE के तहत निशुल्क कराया था उन्ही बहुत जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पुस्तक उपलब्ध और दो बच्चों की फीस करा कर शिक्षा के क्षेत्र में एक नई सोच के साथ बड़े बड़े सामाजिक कार्य तन्वी हेल्पिंग ग्रुप संस्था के संस्थापक विजय चौहान और तन्वी चौहान कर रहे है और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये दिन रात कार्य कर रहे है विजय चौहान और तन्वी चौहान उनकी टीम का कार्य अभी रुका नही है और वह समाज मे निरन्तर योगदान दे रहे है और उन्होंने तीन वर्षो में 15000 आंगनवाड़ी बच्चो को शिक्षा सम्बन्धी सामग्री उपलब्ध करायी और 8000 से ज्यादा बेटियो को भी शिक्षा सामग्री वितरण की है ओर बेटियो को शिक्षा के लिये जागरूक किया है। आदि सामाजिक कार्यो में योगदान दे रही है ओर विजय चौहान का कहना है कि समाज मे हर किसी को एक दूसरे की मदद करनी चाहिये। तन्वी हेल्पिंग ग्रुप के मुख्य सदस्य पुजा चौहान, सुधा, गीता, ममता, बबिता, नीतू, संगीता, हेमलता, वंदना, रेखा, प्रदीप, मनोज बाला, अनिता, मुन्द्रेश, पूनम, शकुन्तला, कुंता, कांति, सविता, उषा, सुदेश, मास्टर बालचंद नागर, निमेश, सूबे सिंह, विकास, अतुल, पिंटू आदि का विशेष योगदान रहा।




# आर्य समाज इंदिरापुरम में हर्षोल्लास से यज्ञ सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** आर्य समाज इंद्रापुरम में पूर्व प्रधान स्व श्री विजय गर्ग आर्य के पौत्र विहान गर्ग का प्रथम जन्म दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया,यज्ञ ब्रह्मा अवनीश शास्त्री ने

**यज्ञ से पर्यावरण होता है शुद्ध-अवनीश शास्त्री**

**हमारे यहां प्राचीन काल से प्रत्येक शुभ कार्य यज्ञ करके संपन्न होते रहे हैं-प्रदीप गुप्ता**

मनुष्य के जीवन में यज्ञ कितना जरूरी है और मनुष्य जीवन मरण के चक्कर में घूमता रहता है पर विस्तृत चर्चा की और बताया इससे पर्यावरण शुद्ध होता है। गायक मुकेश







गोस्वामी एवं अनिल आर्य ने भजनोपदेश के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बहन शशि प्रभा सर्राफ एवं ममता चौहान ने जन्म दिन पर बधाई गीत गाया।प्रधान प्रदीप आर्य ने जन्मदिवस अति सुन्दर होवे,गीत गाया,और कहा मानव योनि अच्छे कर्म करने के लिए प्राप्त होती है,यही मुक्ति तक ले जा सकती है। अध्यक्ष विनोद त्यागी ने बताया कर ले कमाई ऐसी जो तेरे काम आ सके पर अपने विचार रखे।मुख्य यज्ञमान विहान आर्य गर्ग एवं सरिता आर्या,आदित्य गर्ग डॉक्टर श्रुति आर्या अनुभा आर्या सौम्या गुप्ता शुभम गुप्ता,शील ग्रोवर पत्नी नवनीत ग्रोवर का भी जन्मदिन मनाया गया और उनको भी बहुत बहुत शुभकामनाएं दी। प्रदीप गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत देश राम कृष्ण का देश है हमारे यहां सभी शुभ कार्य प्राचीन काल से यज्ञ करके ही किए जाते रहे है,हमको जन्मदिन एवं विवाह की वर्ष गांठ भी यज्ञ करके मनानी चाहिए।शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# शास्त्री नगर स्थित सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल मे चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** ए.एस.आइ.एस.सी. जोनल ताइक्वांडो और कैरम चैंपियनशिप सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल शास्त्री नगर गाजियाबाद मैं ए.एस.आइ.एस. सी. जोनल ताइक्वांडो और कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि फादर रोजिमोन, प्रधानाचार्य जीसस एंड मैरी कॉन्वेंट स्कूल व खेल समन्वयक, ब्रांड एंबेसडर ऑफ गाजियाबाद, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन अतुल राघव, प्रबंधिका सिस्टर टेरेसा, प्रधानाचार्य सिस्टर जूली जोसेफ, तथा अन्य सहयोगियों के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया तथा गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया व छात्रों द्वारा स्वागत नृत्य किया गया । इस प्रतियोगिता में गाजियाबाद जोनल के सभी आई. सी. एस.ई. विद्यालयों ने भाग लिया, प्रतियोगिता को तीन वर्गों में विभाजित किया गया । अंडर 14-17 और 19



रहे, सभी प्रतिभागियों ने अपनी आयु से बढ़कर प्रदर्शन किया । इस प्रतियोगिता को करने में 16 प्रशिक्षक निरंतर छात्रों को प्रोत्साहित तथा उचित निर्णय का कार्य करते रह। छात्रों का उत्साह व जोश देखने योग्य था। सभी छात्रों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल शास्त्री नगर गाजियाबाद के प्रतिभागियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा , ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल गाजियाबाद विजेता रहा और फातिमा कॉन्वेंट स्कूल गाजियाबाद उपविजेता रहा। कैरम प्रतियोगिता चैंपियनशिप में फातिमा गाजियाबाद विजेता रहा और सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल गाजियाबाद उपविजेता रहा सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रोग्राम में हिस्सा लिया बच्चों का उत्साह देखते बनता था बच्चों में विजेताओं को लेकर काफी प्रसन्नता थी सभी बच्चे एक दूसरे के साथ घुल मिलकर एंजॉय करते हुए अपना टॉक्स पूरा किया।

# डम्फर से कुचल कर किसान की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** पहासू-खुर्जा मार्ग पर पलड़ा झाल के पास वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास डम्फर की चपेट में आने से गांव टक्कर की नागलिया निवासी 65 वर्षीय किसान रनवीर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर शव को रख कर काफी देर तक हंगामा किया। पुलिस के समझाने तथा डम्फर चालक के खिलाफ कार्यवाही करने के आश्वासन पर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हो गया। रविवार सुबह गांव टक्कर की नागलिया निवासी किसान वाटर प्लांट के पास अपने खेत की देखभाल कर वापस आ रहा था,तभी प्लांट में काम कर रहे डम्फर ने किसान को कुचल दिया। आरोप है कि डम्फर चालक ने शव को नहर में फेंकने की कोशिश की। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घटनास्थल पर शव रखकर काफी देर तक हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझ बुझाकर शान्त किया।

# डीडीपीएस स्कूल अपनी मनमानियां अभिभावको पर थोपे जा रहे हैं , अभिभावकों का अनोखा " गधा " प्रदर्शन आज भी जारी रहा प्रशासन मौन है पेरेंट्स कमजोर हैं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद अभिभावकों का डीडीपीएस स्कूल पर चौथे दिन भी अनिश्चित कालीन धरना जारी रहा कुछ प्रशासन जहां सो रहा है कि वह अपनी मनमानी करता रहेगा और अभिभावक कुछ नहीं कहेंगे अभिभावक कौन है अभी दृढ़ निश्चय कर लिया है की स्कूल प्रशासन उन्हें कमजोर समझने की गलती बिल्कुल ना करें उनका प्रदर्शन जारी है और गर्मी में भी रोड पर धरना प्रदर्शन जारी रहा आपको बताते चलें प्रशासन मौन है बच्चों के मां-बाप कमजोर हैं देखने में ऐसा लग रहा है जैसे पैरेंट्स ने अपने बच्चों को एडमिशन करवा कर इस स्कूल में बहुत बड़ी गलती कर दी हो।

गाजियाबाद डीपीएस स्कूल पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे और धरना जारी रहा बताते चलें मां-बाप इतनी कमजोर हो गए हैं। आज के समय में की मोटी-मोटी फीस भी स्कूल वसूल रहे हैं और अभिभावकों को परेशान करने में भी कमी नहीं छोड़ रहे हैं इसे कहते हैं मनमानियां अभिभावको ने देहरादून पब्लिक स्कूल सेक्टर 23 पर दो गधों को



बांधकर उन्हे स्टार प्रचारक बनाकर अनोखा प्रदर्शन किया पिछले 28 दिनो से परेशान अभिभावक जिला प्रशासन और शिक्षा अधिकारियो के चक्कर काटने के बाद न्याय नही मिलने पर 2 मई से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे है प्रशासन और नेताओ में हड़कंप मचा हुआ है लेकिन कोई भी अधिकारी स्कूल पर कार्यवाई करने की हिम्मत नही जुटा पा रहे हैं अभिभावक न्याय के लिए 2 मई से अनिश्चित कालीन धरने पर डटे है पेरेंट्स की समस्या का समाधान नही निकलने से पुलिस प्रशासन भी बड़ी संख्या में धरना स्थल पर जुटा है।अब सामाजिक , राजनैतिक एवम समाज के बुद्धिजीवियों का समर्थन बच्चो के न्याय के इस धरने को मिलना शुरू हो गया है बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठन धरने स्थल पर पहुंच रहे है। धरना धीरे धीरे आंदोलन का रूप ले रहा है अधिकारियो ने समय रहते अगर अभिभावकों की समस्या का समाधान नही किया तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है जीपीए के संरक्षक सतपाल चौधरी और उपाध्यक्ष पवन शर्मा का कहना है की हम जब तक पेरेंट्स को न्याय नहीं मिलता हम धरने पर शांतिपूर्ण तरीके से डटे रहेंगे अब देखना यह की जिला प्रशासन समाधान निकाल पाता है या इसी तरह स्कूल प्रबंधन की सत्ता की हनक के आगे लाचार और बेबस बन कर मूक दर्शक बने रहते है। शिक्षा विभाग मन मन प्रशासन भी मोहन अभिभावक मचा रहे हैं शोर ,क्योंकि वह है लाचार परेशान बुरा हाल अब अभिभावक रोये तो किसके आगे रोये अभिभावकों का दुख इतना बड़ा है कि वह सड़क पर उतरने के लिए मजबूर है और समझने वाला कोई नहीं।

# गाजियाबाद इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के फेस्ट "उदभव 2024" में स्टूडेंट्स ने दिखाया टैलेंट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**साहिबाबाद (आशा चौधरी)।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे टेक्नोकल्चर फेस्ट उदभव 2024 के दूसरे दिन छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दूसरे दिन कॉलेज के अटल सभागार में रंगमंच,ग्रुप डांस, म्यूजिकल गायन, बैटल ऑफ डांस, विभिन्न टेक्निकल खेल, लिटरेरी महफिल जज्बातों की सहित 27 विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कॉलेज के निदेशक प्रो डॉ अजय कुमार, प्राचार्य डॉ विकास गुप्ता और फेस्ट संयोजक डॉ मीनाक्षी शर्मा ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उदभव में छात्र-छात्राओं ने सिंगिंग कम्पटीशन में एक से बढ़कर एक बॉलीवुड और हॉलीवुड के नए पुराने गीत म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के साथ गाए और सभी गायकों ने



धमाकेदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ अजय कुमार, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. विकास गुप्ता, मीडिया प्रभारी अजय चौधरी, अखिल गौतम, मनोज अग्रवाल और छात्र कोऑर्डिनेटर हर्ष शुक्ला, ईशांत, खुशी, समाना, उमंग का सहयोग रहा।

**आयोजन**

## मिट्टी मालिश से हमारा शरीर रोगमुक्त हो जाता है : दयानंद शर्मा

# योगिक मिट्टी मालिश एवं गंगा स्नान हर्षोल्लास से संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** गंगा घाट,छोटा हरिद्वार मुरादनगर में अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान के तत्वावधान में योगिक मिट्टी मालिश एवं गंगा स्नान का आयोजन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में हमारी सभी योग कक्षाओं के मुख्य शिक्षकों एवं करीब 400 साधक एवं साधिकाओं ने भाग लिया। इस योगिक मिट्टी को तैयार करने में संस्थान के अधिकारियों ने एक दिन पूर्व शरीर को निरंतर पोषित करने वाली मिट्टी में मुलतानी मिट्टी,एलावेरा,अश्वगंधा चूर्ण, चंदन का चूरा,हल्दी,नीम आदि तत्वों को डालकर तैयार किया। मिट्टी में मिलने वाले तत्वों को तैयार करने में संस्थान के अध्यक्ष मीता खन्ना की टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के महामंत्री दयानन्द शर्मा ने ओ३म की ध्वनि और गायत्री मंत्र से किया।उन्होंने साधकों को सुक्ष्म व्यायाम,वीरेचन क्रिया,सुदर्शन भस्त्रिका आदि का अभ्यास कराकर शरीर को मालिश के लिए तैयार किया।उन्होंने (मड बाथ) मिट्टी मालिश स्नान क्यों करा रहे हैं? पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हमारा शरीर पंच तत्वों पृथ्वी,जल,आकाश,वायु एवं अग्नि से मिलकर बना है।

मिट्टी में इन सभी तत्वों का समावेश रहता है। इस मालिश से हमारा शरीर रोगमुक्त हो जाता है। संस्थान के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अरोड़ा ने बताया कि इस योगिक मिट्टी के प्रयोग से हमारी त्वचा में एक विशेष चमक आ जाती है। मिट्टी में रोग दूर करने की अभूतपूर्व क्षमता होती है।उन्होंने सभी साधकों से अनुरोध किया कि मिट्टी लगाने के पश्चात करीब आधा घंटे का समय शरीर में समाहित होने के लिए दें,मिट्टी के सूखते ही गंगा मैय्या में स्नान करने जाएं।उन्होंने






साधकों को आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया की कि इस वर्ष संस्थान एक स्मारिका छपवाने की व्यवस्था कर रहा है जिसमें योग सम्बंधित लेख तथा पिछले वित्त वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।बाल योग संस्कार शिविर आयोजित करने वाले शिक्षकों से निवेदन किया कि वे शीघ्र ही शिविर की सूचना मुख्य शिविर संयोजक अशील कुमार को देने की कृपा करेंगे। संस्थान के कोषाध्यक्ष अशोक शास्त्री ने स्नान करते समय घाट पर बने जाल के अन्दर ही स्नान करने का अनुरोध किया तथा गंगा मैय्या की सेवा में अपना योगदान करने का अनुरोध किया।संस्थान के संरक्षक लक्ष्मण गुप्ता ने शांति पाठ कराकर सभी साधकों को मिट्टी मालिश के लिए आमंत्रित किया।इसके बाद अशील कुमार द्वारा सभी साधकों को मिट्टी वितरित की गई।सभी साधकों ने अपने शरीर पर मिट्टी का लेप लगाया तत्पश्चात हंसते गाते हुए योग की क्रियाओं का अभ्यास किया। मिट्टी सूखने के बाद सभी ने गंगा स्नान किया तथा स्वेच्छा से चाय पकोड़े एवं अन्य प्रकार के नाश्ते का आनन्द लिया।समाज सेवी देवेन्द्र हितकारी ने गंगाघाट पर मिट्टी मालिश स्नान कर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मिट्टी मालिश की शरीर को रोगमुक्त करने में अहम भूमिका है।उन्होंने रामायण, महाभारत के कई प्रेरणाप्रद संस्मरण सुनाए। घाट के पास योगी प्रवीण आर्य ने भजनोपदेश द्वारा साधकों का मन मोह लिया।संयोग से योगी राम प्रकाश गुप्ता एवं वीना गुप्ता की आज वैवाहिक वर्षगांठ एवं गीता गर्ग का जन्म दिवस था।उन्होंने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनसे कहा कि आज के दिन आप आत्म विश्लेषण करें कुछ कमी नजर आए तो उसे दूर करें।गंगाघाट पर कार्यक्रम व्यवस्था में मुकेश पण्डित जी का सराहनीय सहयोग रहा।

# भगवान परशुराम जयंती पर हो सार्वजनिक अवकाश : एनएन मिश्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** भगवान विष्णु के छठे अवतार श्री भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की अवकाश की मांग ने तेजी पकड़ ली । भगवान के वंश बैली त्यागी ब्राह्मण



भूमिहार सहित आदि ब्राह्मणों ने अपने आराध्य भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की तिथि की छुट्टी की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया है । इसी कड़ी में त्यागी समाज के लोगों ने भी

### 10 मई को धौलाना गूंजेगा भगवान परशुराम तान

सीएम योगी आदित्यनाथ से भगवान परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है ।

परशुराम के परम भक्त पंडित एन एन मिश्रा ने कहा की भगवान परशुराम समस्त धरा के गौरव है। वे राम के युग में भी थे तो कृष्ण को सुदर्शन सोपने उनके युग में भी आए । आज भी भगवान पृथ्वी पर विचरण कर भक्तो के संकट हरते है। वे अजर अमर है। लेकिन ये हमारे लिए विडंबना ही है की सरकार उनके प्रक्तोत्सव की छुट्टी नही करती । जो समस्त समाज को आहत करने वाला है। जिस परशुराम ने 21 बार संपूर्ण पृथ्वी को जीता हो आज उसी धरा पर उन्हें भुलाने की परम्परा सी चल रही है। जिसे ब्राह्मण, त्यागी, भूमिहार, व आदि ब्राह्मण समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा । केन्द्र सरकार को चाहिए की तत्काल भगवान के प्रक्तोटोत्सव तिथि के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा करे। जिससे बड़े वर्ग को अपने गौरव आराध्य देव की स्तुति गान का मौका मिले । यदि सरकार इस और ध्यान नहीं देती तो इस बड़े वर्ग को भी अपना निर्णय लेने का अधिकार होगा ।

# सरफेसी एक्ट काला कानून को तत्काल समाप्त करे केन्द्र सरकार, नहीं तो जनता की सरकार कराएगी समाप्त : डा.देवेंद्र बल्हारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** गुरुवार को हमारी टीम की मुलाकात सहारनपुर में बैंको व वित्तीय संस्थानों के लोन के मकड़जाल में फसे लोगो को राहत दिलाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे राष्ट्र प्रसिद्ध युवा प्रेरणा जनता सरकार मोर्चा के डा देवेंद्र बल्हारा से हुई । जिन्होंने बैंको और

- जनता अपने अधिकारों को जाने तो नही कर सकता कोई उत्पीड़न
- गांव गांव फेल चुके बैंक और वित्तीय संस्थानों का मकड़जाल करना होगा खत्म
- जनता सरकार मोर्चा से जुड़े बैंको को दिखा दी जायेगी उनकी ओकात।
- ग्रामीण अंचलों की जनता को जागरूक करना ही हमारा ध्येय

वित्तीय संस्थानों की फैली गुंडागर्दी के खिलाफ उच्च स्तर पर अभियान शुरू कर रखा है। जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आ रहे है । इसी कड़ी में वरिष्ठ संवादाता संजीव वशिष्ठ ने डा बल्हारा से बात की ओर विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की ।

**बैंको के इस मकड़ जाल से केसे लोगो को राहत मिलेगी**

लोग ये भूल चुके है की देश की जनता ही सरकार है । जरूर है उन्हे जाग्रत करने की । जनता सरकार मोर्चा ने पूरे देश में अब तक लाखो लोगो को बैंक वित्तीय संस्थानों के मकड़ जाल से निकाल कर राहत दिलाई है। बैंक और वित्तीय संस्थान देश के लोगो को लोन के नाम पर फर्जी करेंसी देकर उनकी मूल संपत्ति पर कब्जा कर रहे । जनता सरकार मोर्चा द्वारा जैसे जैसे लोगो को जागरूक किया जा रहा है उससे बैंको व वित्तीय संस्थानों की चूले हिल गई है । अब जनता सरकार मोर्चा इस अभियान को पूरे देश में मूर्त रूप देने की तैयारी में जुटा है । जिसमे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जनता मोर्चा सरकार ने अभियान को गति दे दी है । जिसका अभियान जनपद सहारनपुर से शुरू हो चुका है । इसके सार्थक परिणाम आने लगे है । ग्रामीणों ने बैंक और वित्तीय संस्थानों के लोगो की गांव में एंट्री पर रोक लगा दी है । बैंक और वित्तीय संस्थान अब फर्जी करेंसी से लोगो की मूल संपत्ति पर कब्जा नही कर सकते।

**सरफेसी एक्ट क्या है और यह किस तरह काम करता है**

ये एक सरकार द्वारा थोपा गया काला कानून है । जिसमे पीड़ित को सुना तक नही जाता और कानून का मजाक बनाकर डीएम एक तरफा बैंको के पक्ष में निर्णय सुना देता है । जिससे ये कानून देश के व्यापारी, किसान मजदूर, और आम वर्ग के लिए पूरी तरह फांसी का फंदा बन चुका है । ये फंदा आम जनता के लिए हमारे देश की सरकार ने तैयार किया है ।जिससे ये कानून काला कानून उच्च स्तर पर जनता के उत्पीड़न का कारण बन सके । लेकिन जनता सरकार मोर्चा का ग्रामीणों के बीच बड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को जागरूक कर रही है । डा देवेंद्र बल्हारा ने बताया की लोग किसी भी तरह डरे नहीं बैंक ने आपको जो करेंसी दी है वो फर्जी है । इसलिए बैंक की किसी भी धमकी से आहत ना हो। हमे बताए हम बैंको को उसकी औकात बता देंगे।



डा. देवेंद्र बल्हारा से चर्चा करते वरिष्ठ पत्रकार संजीव वशिष्ठ ।

**बैंको की धमकी से घबराए नही**

डा देवेंद्र बल्हारा ने बताया की वित्तीय संस्थानों और बैंक को कोई अधिकार नहीं होता की वो आपको फर्जी करेंसी देकर आपसे भारी भरकम ब्याज पर लोन देकर वसूली कर सके । हमारे किसान व्यापारियों की इसकी जानकारी नहीं होने के कारण बैंक इसका फायदा उठाते है । वित्तीय संस्थानों व बैंको का मकड़जाल इतना भयावह है की व्यक्ति इनके लोन के चक्कर में फसकर अपनी मूल संपत्ति तक गवा बैठता है । और आत्महत्या तक कर लेता है। और हमारी सरकारें मूक दर्शक बनी रहती है। बैंको का मकड़जाल बुनकर ये भारत राष्ट्र को गुलाम बनाने की साजिश है । जबरदस्ती लोन वसूली करने का और भारी भरकम ब्याज वसूलने का बैंको को कोई अधिकार ही नहीं है । ना ही दिए लोन की वसूली कर सकते है । उन्होंने बताया की आरबीआई के अनुसार देश ने कुल जितनी करेंसी छापी है । उससे तीन गुना बैंको और वित्तीय संस्थानों के द्वारा लोगो को लोन के नाम पर बाटी हुई है । आखिर जितनी कुल करेंसी है उससे अधिक करेंसी केसे और कहा से आई है । इसका मतलब लोगो को फर्जी करेंसी को कर्जे के रूप में बाटा गया है । जबकि कानून के मुताबिक फर्जी करेंसी से लेन देन करने पर उम्र कैद तक की सजा है । लेकिन बैंक और वित्तीय संस्थान खुले आम फर्जी करेंसी से लेन देन कर रहे है और केंद्र सरकार चुप्पी साधे बैठी है । डा देवेंद्र बल्हारा ने चेतावनी जारी की जो अब तक चलता रहा वो लोगो की जानकारी के अभाव में था अब जनता सरकार मोर्चा के लोग गांव गांव जाकर लोगो को जागरूक कर रहे है । की एकता के साथ इन बैंक और वित्तीय संस्थानों के शोषण का कड़ा जवाब दे । और इन्हे किसी भी तरह का भुगतान नही करे क्योंकि इनके द्वारा फर्जी करेंसी बाटी गई है । जिसके सारे प्रमाण हमारे पास मौजूद है । हम जवाब देंगे । डा देवेंद्र बल्हारा के इस अभियान को हर तरफ बड़ा समर्थन मिल रहा है । इससे लगता है आने वाले दिनों में बैंक और वित्तीय संस्थानों के लिए मुश्किल भरे दिन आने वाले है ये तय है।

# लापरवाही... अच्छेजा नाले पर 58 लाख की लागत से बना पुल आठ माह से बना शोपीस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने दिल्ली रोड स्थित अच्छेजा

- एचपीडीए व विद्युत विभाग पुल शुरू कराने की नहीं ले रहे सुध
- पुलिया निर्माण होने से सड़क हादसों पर लगेगा अंकुश
- पुल पर आवागमन शुरू होने से एचपीडीए की आवासीय कालोनी होगी लाभान्वित

नाले पर सिंचाई विभाग से करीब 58 लाख से पुल का निर्माण करा दिया है। प्राधिकरण व विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते आठ माह से पुल शोपीस बना हुआ है। पुल पर आवागमन शुरू होने से ग्रामीण जनता के साथ-साथ प्राधिकरण की आवासीय योजना के निवासियों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा सड़क हादसों पर अंकुश लगेगा।

आपको बता दें,कि अच्छेजा नाले पर पुलिया नहीं होने के कारण गांव अच्छेजा व श्यामनगर के अलावा प्राधिकरण की प्रीत विहार प्रथम व द्वितीय के निवासियों को स्टेट हाइवे से होकर शहर को आना जाना पड़ता है। जिससे प्राधिकरण चौराहा व पुल पर सड़क हादसा होने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों द्वारा नाले पर पुल निर्माण की मांग की जा रही थी। एचपीडीए द्वारा अवस्थापना निधि से अच्छेजा नाले पर करीब 58 लाख से पुल का निर्माण सिंचाई विभाग द्वारा कराया गया। पुलिया के निकट से विद्युत विभाग विद्युत के पोल नहीं हटाने के कारण पुल शो पीस बनकर रह गयी है।



जबकि विद्युत पोल हटाने के लिए प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा विद्युत विभाग को पत्र भी भेजा गया था। लेकिन विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी है।

अच्छेजा पुल पर आवागमन शुरू होने से दो गांवों की जनता व प्राधिकरण की आवासीय योजना के निवासियों के साथ-साथ स्कूल कालेज जाने वाले वाले छात्र-छात्राओं को भी लाभ मिलेगा।

हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता(विद्युत) तेजवीर सिंह ने बताया कि अच्छेजा नाले पर 58 लाख की लागत से पुल का निर्माण सिंचाई विभाग से कराया गया है। विद्युत विभाग द्वारा पुल के निकट से विद्युत पोल व विद्युत लाइन हटवाने को कहा था,जिस पर विद्युत विभाग ने पोल व विद्युत लाइन हटवाने के लिए स्टीमेंट बनाकर दिया है।

# चीता बाइक पर तैनात प्रशिक्षु उपनिरीक्षक जितेंद्र चौहान और कुलदीप कुमार की तत्परता से गुड्डू की बची जान, गुड्डू ने जान बचने पर पुलिस का किया शुक्रिया अदा

बुलन्द संदेशज्ञ ब्यूरो

**मसूरी/ गाजियाबाद (सना चौधरी)।** मसूरी क्षेत्र में नाहल झाल के पास गंगनहर में शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे नहाने आए मेरठ निवासी गुड्डू (23) नहाते हुए तेज बहाव में बह गए।





आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और पास में स्थित चौकी पर तैनात पुलिस को सूचना दी। चीता बाइक पर तैनात प्रशिक्षु उपनिरीक्षक जितेंद्र चौहान और कुलदीप कुमार की तत्परता से गुड्डू की जान बची। जान बचने पर गुड्डू ने पुलिस का शुक्रिया अदा किया। आसपास मौजूद लोगों ने भी दोनों पुलिसकर्मियों की जमकर तारीफ की। जानकारी करने पर पता चला कि गुड्डू मेरठ से यहां अपनी रिश्तेदारी में आया था। पुलिस ने उसके साथ आए दो युवकों को गुड्डू को सौंप दिया। दोनों उपनिरीक्षकों ने गंगनहर में डूब रहे युवक की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया हैं।

प्रशिक्षु उपनिरीक्षक जितेंद्र और कुलदीप चौकी से रस्सा लेकर गंगनहरकी ओर दौड़े। जितेंद्र ने अपनी कमर पर रस्सा बांध लिया और नहर में कूद पड़े जबकि एक छोर कुलदीप ने पकड़ लिया। तैरते हुए हुए जितेंद्र डूबते हुए युवक गुड्डू के पास पहुंचे और उसे पकड़ लिया।

इसके बाद कुलदीप ने रस्सा खींचकर उन्हें बाहर निकाला। थाना क्षेत्रांतर्गत नाहल-झाल स्थित गंगनहर में गर्मी की तपिश से बचने के लिये दूर दूर से गंगनहर में नहाने के लिये जमावड़ा लगा रहता है। शुक्रवार सांय 5:30 बजे नाहल झाल स्थित गंगनहर में नहाते समय एक युवक तेज बहाव गहरे पानी में बहने लगा तभी वहां नजदीक नाहल-झाल चौकी पुलिस को सूचना दी गई। वहां चीता पर तैनात अंडरट्रेनी दरोगा जितेन्द्र चौहान व कुलदीप कुमार ने चौकी पर रखा रस्सा लिया और गंगनहर में डूब रहे युवक को गंगनहर के तेज बहाव से बाहर निकाला। युवक ने अपना नाम गुड्डू 23 निवासी मेरठ बताया। वह यहां रिश्तेदारी में आया हुआ था।गंगनहर से बाहर निकलकर गुड्डू ने मसूरी पुलिस के जलवीरो का शुक्रिया अदा किया। वहां मौजूद सभी नहाने वालों ने मसूरी पुलिस के जलवीरो की जमकर तारीफ की। पुलिस ने उसके साथ आये दो युवकों को सोंपा युवक को। एसीपी नरेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में आया है, और दोनों सब इंस्पेक्टर ने गंगनहर में डूब रहे युवक की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए अपने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया जायेगा। जन शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप प्रधान के निर्देश अनुसार गाजियाबाद जिले के जिला अध्यक्ष राजा दीवान के नेतृत्व में एवं संगठन के संरक्षक एवं सभी पदाधिकारी के मसूरी






- मसूरी थाने मे तैनात जलवीरो व थाना निरिक्षक नरेश शर्मा को जन शक्ति संगठन ने फूल माला, मोमेंटो देकर व पटका पहना कर किया सम्मानित व जमकर की तारीफ

थाने पहुंच कर जलवीरो को किया सम्मानित वही जन शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप प्रधान (भाजपा नेता) ने दोनों जल वीरो की जमकर प्रसंसा की और दोनों जलवीरो को अपनी पूरी टीम के साथ सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों मे वरिष्ठ पत्रकार अरुण चन्द्रा (राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी जन शक्ति संगठन) चौधरी देवेंद्र सागवान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अनिल प्रजापति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजीव कुमार राष्ट्रीय महामंत्री,नितिन कौशिक राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी, प्रोफेसर योगेश शर्मा राष्ट्रीय महासचिव, महावीर आर्य राष्ट्रीय संरक्षक, पंडित हरिकांत शर्मा राष्ट्रीय संरक्षक, राजा दीवान जिला अध्यक्ष जनशक्ति संगठन गाजियाबाद, फरमान चौधरी संगठन पदाधिकारी, जितेंद्र चौधरी संगठन पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# पंजाबी सभा समिति ने वृद्ध आश्रम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रविवार को पंजाबी सभा समिति द्वारा दोमी रोड स्थित वृद्ध





आश्रम में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ अशोक ग्रोवर,डॉआनंद प्रकाश अरोड़ा व डॉ विक्रांत बंसल द्वारा लगभग 62 बुजुर्गों का पूरे शरीर की जांच की। जिसमें थायराइड,बीपी व ब्लड शुगर की भी जांच कर दवाइयां बांटी। पंजाबी सभा समिति की ओर से वृद्ध आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों में वस्त्र,फ्रूट, बिस्कुट,रस व शिकंजी भी वितरित की गई। पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने बताया कि वृद्ध आश्रम में अपने परिवारों से उपेक्षित रह रहे बुजुर्गों को भविष्य में भी सभा समिति की ओर से मेडिकल कैंप,पौष्टिक आहार,दवाइयां फल आदि की सेवा की जाएगी। चिकित्सा शिविर में डॉ अशोक ग्रोवर डॉ विक्रांत बंसल व डॉ आनंद प्रकाश अरोड़ा को पंजाबी समाज समिति की ओर से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पंजाबी सभा समिति की ओर से सभा के संरक्षक सुभाष खुराना,वेद प्रकाश अरोड़ा एडवोकेट, सरदार सतविंदर सिंह चावला, पूर्व अध्यक्ष हरीश ग्रोवर, सरजीत सिंह

- बुर्जुगों के पूरे शरीर की जांच कराकर दवाईयां बांटी
- वृद्धाश्रम में बुर्जुगों में वस्त्र व फलों का वितरण किया

चावला सचिव,कमलदीप अरोड़ा कोषाध्यक्ष, पंजाबी महिला समिति की अध्यक्ष श्वेता मनचंदा, विपिन सचदेवा, हरीश छाबड़ा, अशोक सोढ़ी, नवीन सचदेवा, कपिल मुंजाल, लेखराज अनेजा, इंद्र भयाना, श्याम सुंदर खन्ना, विनोद थापर, यशपाल तनेजा, कुणाल शर्मा, कपिल मुंजाल, राकेश कालड़ा, प्रवीन सेठी, सरदार हरविंदर सिंह बाबू , कशिश नारंग, यशु ढींगरा, गुलशन माकन, सुनील सचदेवा, नंदी कालड़ा आदि उपस्थित थे।

## हाय गर्मी... गर्मी से बचाव को मुंह पर कपड़ा ढककर चलने को मजबूर

# आसमान से बरसने लगी आग,सड़कों पर पसरा सन्नाटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गत मई माह में पारा चढने से गर्म हवाओं(लू) के चलने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया हैं। आसमान से आग बरसने के कारण दोपहर में सड़कों व बाजारों में सन्नाटा पसरने लगा हैं। गर्मी बढने

### शीतल पेय पदार्थों की बढ़ी बिक्री, बीमारियों में भी हुआ इजाफा

से बीमारियां भी बढने लगी हैं। वहीं गर्मी से बचाव के लिए बुजुर्ग व महिलाएं मुंह पर कपड़ा ढककर व छाता लेकर चलने को मजबूर है। आपको बता दें,अप्रैल माह के अंत से अपना असली रूप दिखाना शुरू कर दिया है। लेकिन मई माह आरंभ होने के बाद से गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। रोजाना दोपहर में पारा करीब 42 डिग्री पहुंच रहा है। भीषण गर्मी के साथ चल रही गर्म हवाओं से जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। गर्म हवाओं के चलने से लोगों ने दोपहर के समय घरों से निकलना भी बंद कर दिया है। जिससे दोपहर में सड़के व






बाजार सूने हो जाते है। आसमान से बरस रही लाग से राष्ट्रीय राजमार्ग पर कर्फ्यू जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं। तपती गर्मी व चिलचिलाती धूप में दुपहिया वाहन चालकों को मुंह पर कपड़ा बांधकर सफर करनेके लिए मजबूर होना पड़ रहा हैं। तो नौकरी करने वाली व छात्राएं धूप से बचने के लिए छाते व चेहरे पर सूती कपड़ा बांध कर घरों से निकल रही हैं। गर्मी बढने से शीतल पेय पदार्थों की बिक्री में बढ़ोत्तरी हुई है। गर्मी से बचने के लिए लोग शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। दूसरी और इस भीषण गर्मी से बीमारियां भी बढ़ रही है। जैसे उल्टी दस्त, पीलिया, हैजा, टाइफाएड जैसी बीमारियों की चपेट में छोटे बच्चे आने शुरू हो गये है। जिसका प्रमाण प्रतिदिन गढ़ रोड स्थित सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में देखने को मिल सकता है। जहां रोजाना विभिन्न बीमारियों के एक हजार से अधिक मरीज उपचार कराने आ रहे है।

# सेना से सेवानिवृत्त होकर सूबेदार का गांव पहुंचने पर किया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** भारतीय सेना में सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए रणवीर फोजी का अपने गांव पहुंचने पर ग्रामीणो ने जोरदार स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार समीप के गांव गालंद निवासी लक्ष्मण तोमर के पुत्र रणवीर तोमर भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर कार्यरत थे।

सेना में सेवा काल पूरा होने पर जैसे ही अपने गांव गालंद पहुंचे तो ग्रामीणों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद कर गांव की गलियों में जलूस निकाला। सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ सेवानिवृत्त फोजी रणवीर का लोगों ने जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत कर भारत माता की जय के नारे भी लगाए। फौजी के सम्मान में सड़कों पर महिला, पुरूषों व बच्चों का हुजूम देखने लायक था।

फोजी के स्वागत समारोह में भाजपा के पूर्व जिलाउपाध्याक्ष बृजमोहन



तोमर, भाजपा देहात मंडल के अध्यक्ष नवीन तोमर, हापुड़ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष धर्मेश जोहर एडवोकेट, नरेंद्र भिवानिया, चुनमुन तोमर, मनोज जौहर, हिंदलपुर के पूर्व प्रधान बबलू सिंह, राजेंद्र फौजी, भज्जन सेन ,आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता चंद्र मोहन चौहान, गांव के प्रधान संजय कोरी आदि ने सेवानिवृत्त सूबेदार रणवीर फोजी का माल्यार्पण व पुष्प भेंट कर जोरदार स्वागत किया। क्षेत्र के पूर्व सैनिको ने भी संस्था की तरफ से प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

## सम्पादकीय


# अर्थव्यवस्था के लिए महत्त्वपूर्ण



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

हाल में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वष्रा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद है, जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी।गौरतलब है कि विभिन्न रिपोटरे में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीदारी भी उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में वृद्धि हुई है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून, 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रूप लेने में कोई दो माह बकाया हैं, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक है। दुनिया में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जी उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जहां कोविड-19 की आपदा से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनिया भर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुयिों में ले लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के भारत से निर्यात में भी भारी वृद्धि दर्ज की गई है। कई छोटे देशों के बाजार भी भारत की मुयिों में आए हैं। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां भारत से निर्यात में वृद्धि नहीं हुई हो। अब भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढकर दो सौ लाख टन हो गई है।

# आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नकल, प्रतिरूपण पर अंकुश लगाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता एल्गोरिदम




विजय गर्ग

प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को कमजोर करता है। इससे निपटने के लिए, परीक्षा अधिकारियों के लिए गहन निरीक्षण और निगरानी के लिए उन्नत तकनीक के उपयोग जैसे सख्त उपाय लागू करना आवश्यक है। नकल पर अंकुश लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग महत्वपूर्ण हो सकता है क्योंकि महामारी के बाद अधिक परीक्षाएं भौतिक रूप में लौट आएंगी। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने हाल ही में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में प्रतिरूपण और धोखाधड़ी को नियंत्रित करने के कई उपायों में से एक के रूप में एआई को एकीकृत किया है। जेईई मेन सत्र 2 में प्रतिरूपण का एक मामला और धोखाधड़ी और अनुचित साधनों के कुछ मामले सामने आए। एआई-प्रेरित चेहरा पहचान का उपयोग करके प्रतिरूपण के मामलों की पहचान की गई। अनुचित साधनों के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए, एनटीए ने परीक्षा केंद्र पर ली गई उम्मीदवार की लाइव तस्वीर के साथ एडमिट कार्ड पर फोटो को क्रॉस-चेक करके उम्मीदवारों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आईफेस सहित एआई टूल तैनात किए। एनटीए के महानिदेशक कहते हैं, ह्लदिल्ली में स्थापित एनटीए का कमांड कंट्रोल रूम अपने मॉनिटर पर कई केंद्रों पर पूरे अभ्यास पर नजर रख रहा था। कमांड कंट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की वास्तविक समय पर निगरानी ने किसी भी संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ सतर्क और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। गतिविधियों की निगरानी करना ह्लकमांड रूम यह सुनिश्चित करता है कि परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक भी अलर्ट पर हैं। यदि परीक्षा ड्यूटी पर कोई पर्यवेक्षक लंबे समय तक बैठा या खड़ा देखा जाता है, या यदि उम्मीदवारों को बात करते देखा जाता है, तो एआई नियंत्रण कक्ष में स्क्रीन पर उस केंद्र का विश्लेषण और हाइलाइट करता है, ह्लनिदेशक कहते हैं। ह्लएजेंसी द्वारा उड़न दस्ते तैनात किए गए थे। हालाँकि, हर केंद्र पर दस्ते नहीं भेजे जा सकते, इसलिए बड़े हिस्से को एआई टूल्स की मदद से संभाला जा रहा था। हालाँकि, हमने उड़नदस्तों को अधिक संरचित तरीके से तैनात करने का प्रयास किया और एआई के उपयोग में भी सुधार किया गया। मैपिंग और डेटा एनालिटिक्स को एकीकृत किया गया था, और योजनाबद्ध तरीके से बहुत सारी सुविधाएँ जोड़ी गई थीं। हमने इस साल जेईई परीक्षा और सीयूईटी पीजी से शुरूआत करते हुए इस उपाय को लागू किया। यह आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे ठएएळ, उवएळ वऋ के लिए भी किया जाएगा, ह्लवे कहते हैं। संभावित प्रतिरूपणकर्ता एनटीए संभावित प्रतिरूपणकताओं की पहचान करने के लिए भेद्यता मानचित्रण करता है। ह्लसिस्टम में एक निर्धारित पैटर्न फीड किया जाता है, और यदि कोई असामान्य गतिविधि होती है, तो एआई इसे हाइलाइट करता है।

हम पिछले साल के टॉपर्स सहित सभी उम्मीदवारों की तस्वीरों का मिलान करते हैं क्योंकि वे संभावित नकलची हैं क्योंकि वे विषयों को अच्छी तरह से जानते हैं और पेपर को हल कर सकते हैं, ह्लनिदेशक कहते हैं। एआई एल्गोरिदम परीक्षा के दौरान उम्मीदवार के व्यवहार, जैसे असामान्य गतिविधियों या बातचीत का विश्लेषण कर सकता है और वास्तविक समय में संदिग्ध गतिविधियों को चिह्नित कर सकता है। एआई उपकरण कदाचार की संभावना वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए डेटा और पैटर्न का भी विश्लेषण करते हैं। यह परीक्षा अधिकारियों को संसाधनों को अधिक प्रभावी ढंग से आवंटित करने और निगरानी प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देता है जहां उनकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है। ह्लहम इन पैटर्नों के आधार पर भेद्यता का विश्लेषण और मानचित्रण करते हैं और नजर रखते हैं। परीक्षा समाप्त होने के बाद भी, एनटीए पैटर्न का अध्ययन करना और किसी भी गलत काम की पहचान करने के लिए वीडियो डेटा का विश्लेषण करना जारी रखता है। हम किसी भी कदाचार की पहचान करने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया, केंद्र आवंटन और परीक्षा आयोजित करने से लेकर एआई सहित डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करते हैं। इन उपायों के बारे में जानने के बाद छात्र अनुचित तरीकों से बचेंगे," सिंह कहते हैं। यूपीएससी की पहल यूपीएससी मेंटर और यूपी सीएम अभ्युदय योजना के पाठ्यक्रम समन्वयक दीपांशु सिंह कहते हैं, "इस साल भी यू.पी.एस.सी.नए दिशानिर्देश पेश किए गए, जिसमें उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होने से 10 दिन से अधिक पुरानी तस्वीरें अपलोड करने के लिए कहा गया और परीक्षा के अंत तक उपस्थिति बनाए रखने की आवश्यकता है। अधिकारियों ने इन तस्वीरों का उपयोग अपने सिस्टम में फीड करने और परीक्षा के दौरान प्रतिरूपण और अन्य संबंधित धोखाधड़ी की जांच करने के लिए एआई टूल का उपयोग करने के लिए किया होगा। ह्लदेश में अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाएं कंप्यूटर-आधारित मोड में आयोजित होने के कारण, ऐसे उपकरण हैं जो उम्मीदवार की आंखों की गति और चेहरे की अभिव्यक्ति की निगरानी करके अलर्ट जारी करते हैं। उन्नत एल्गोरिदम की मदद से, अधिकारी यह जांच सकते हैं कि उम्मीदवार प्रत्येक प्रश्न को कितना समय दे रहा है। यदि उम्मीदवार का ध्यान भटक रहा है या किसी विशेष प्रश्न पर बहुत अधिक समय खर्च कर रहा है, तो ऑनलाइन परीक्षा के दौरान संभावित विसंगतियों का आकलन करने और उनका पता लगाने के लिए उपकरण मौजूद हैं। उन्होंने आगे कहा, पेन-पेपर मोड में एआई टूल्स का उपयोग सीमित है, लेकिन आसानी और सुरक्षा के लिहाज से कुछ एआई टूल्स हैं जिनके जरिए कॉपियां जांची जा सकती हैं। उदाहरण के लिए, यूपीएससी मुख्य परीक्षा में, यदि किसी उम्मीदवार के सात पेपरों में एक लिखावट है और आठ पेपरों में एक अलग लिखावट है, तो उपकरण कदाचार का पता लगाने के लिए पैटर्न पहचान के आधार पर लिखावट का विश्लेषण कर सकते हैं। ह्लऐसी बहुत सी चीजें हैं जो अभी भी सार्वजनिक डोमेन में नहीं हैं क्योंकि यह कदाचार से निपटने के लिए एजेंसियों के दृष्टिकोण में बाधा उत्पन्न कर सकती हैं। शिक्षा में एआई अभी भी विकासशील चरण में है। साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों की तुलना में इस क्षेत्र में बहुत कुछ नहीं किया गया है। सिस्टम को मजबूत, तेज और सुरक्षित बनाने के लिए शैक्षिक अधिकारियों को एआई का उपयोग करने की आवश्यकता है। नैतिक मानकों को बनाए रखना ह्लपरीक्षा अधिकारियों के बीच नैतिक मानकों को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। यदि अधिकारी भ्रष्ट हैं या कदाचार के खिलाफ कार्रवाई करने में झिझकते हैं, तो यह पूरे सिस्टम की अखंडता को कमजोर कर सकता है और धोखाधड़ी को जारी रहने की अनुमति दे सकता है। एआई केवल एक हद तक ही प्रतिरूपण की जाँच कर सकता है। अगर हमशक्ल भाई होंगे तो पहचान नहीं हो पाएगी और पर्यवेक्षक अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर जाने देंगे।' सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में एआई तकनीक को शामिल करने की आवश्यकता है। ह्लप्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए पर्यवेक्षक के ऊपर ईमानदार प्रोफेसर बनाने की भी आवश्यकता है जो किसी भी निरीक्षण या कदाचार को सुनिश्चित कर सकें। नकल रोकने के लिए पेपर सेट करने वालों को भी एक प्रश्न दोबारा न दोहराने की हिदायत दी जानी चाहिए। इससे परीक्षाओं में नकल को रोका जा सकता है।" टैलेंटस्प्रिंट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी कहते हैं, ह्लप्रतियोगी परीक्षाओं में, विशेष रूप से ऑनलाइन प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में नकल की संभावना, योग्य उम्मीदवारों के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा करती है।

## हिंदुस्तान के कितने रंग?

नल पर अकाल की व्यतिरेक ग्रस्त जनानाओं की
आत्मभू मदार्ना वाच्याएं।
एक-दूसरे के वयस की अंतरंग बातों,
पहलुओं के
सरेआम राज खोलती
वात्या सदृश्य क्षणिकाएं,
चीरहरण, संवादों से
आत्म प्रवंचना, स्व-स्तुति,
स्त्रियों के निजी जीवन में झांकती
शब्दों की तीक्ष्ण नजरें,
निज संबंधों को
उघाड़ती शब्दांजलियां,
पानी के चंद कतरों को
गुण्डियों, जंग लगी छेद वाली
बाल्टियों में सहेजती।
देश में बसती हर जात के लोगों
के लहू का लाल रंग
इस नल के पानी से कितना
मिलता-जुलता दिखता है।
पानी शायद रंगहीन
न जात, न पात।
लहू-लाल, न हिन्दू न मुसलमान,
वैसे ही जैसे खुला आसमान ?
समाज में पानी का अहम,
लहू के रंग से कहीं ज्यादा,
गहरा,
और नल के ठीके पर
दिखाई देती है,
सुबह शाम
धर्म निरपेक्षता की
जीती-जागती
और सच्ची मिसालें।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# शिक्षा और संस्कार की महत्ता



मोनिका डागा "आनंद" , चेन्नई , तमिलनाडु

शिक्षा और संस्कार मानव जाति के उत्थान के लिए सर्वोपरि है बिना उच्च शिक्षा और संस्कार के मानव जन्म ही बेकार हैं । अच्छे संस्कार और शिक्षा की बलबूते पर ही एक नारी दो घरों को सजाती व संवारती है और साथ ही परिवार में उच्च आदर्श स्थापित करती हैं । शिक्षा और संस्कार को एक दूसरे के पूरक है ।? बिना शिक्षा के संस्कार की पूर्ण उपयोगिता नहीं है और बिना संस्कार के शिक्षा भी अधूरी है इसलिए संस्कार के साथ शिक्षा का समावेश और शिक्षा के साथ संस्कार का मिलन होना बहुत ही आवश्यक है। संस्कार, शिक्षा को और भी मजबूत और सशक्त बना देते है व इसके समन्वय से बच्चों के बेहतर भविष्य का निर्माण होता है जो राष्ट्र की प्रगति में सहायक है। बिना संस्कारों के शिक्षा का कोई मोल नहीं है ।

सरल भाषा में यूं समझिए तो शिक्षा और संस्कार एक ही सिक्के के दो पहलू है, जितनी शिक्षा जरूरी है उतने ही संस्कार भी जरूरी है और इनका रिश्ता सुई धागे के जैसा है । जितना मजबूत यह रिश्ता होता है उतना ही दीपक का उजाला दूर-दूर तक फैलता है । संस्कार से ही सुखद जीवन की नींव पड़ती है और शिक्षा के सहयोग से जीवन में प्रगति व सम्मान प्राप्त होता है। जीवन की परिपक्वता शिक्षा और संस्कारों से निकलती है और सशक्त होती हैं । हम बचपन से सुनते आ रहे हैं मातृ देवो भवः, पितृ देवो भव : आचार्य देवो भवः, अतिथि देवो भवः यह हमारी महत्वपूर्ण संस्कृति की एक झलक है और हमारे कुछ अनमोल संस्कार भी, जो हम आगे ले जाते हैं, और हमारे व्यक्तित्व का सुंदर सृजन करते हैं ।? यही हम अपने बड़े बुजुर्गों से पाते हैं और इनको अपने बच्चों में ढालने की कोशिश करते हैं । संस्कार ही जीवन दर्शन है, शिक्षा और संस्कार से ही हमारा चहुंमुखी विकास होता है । शिक्षा और संस्कार के मेल से ही सुंदर और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व का निर्माण होता है । किसी भी समाज का उत्थान व देश की प्रगति की नीव शिक्षा और संस्कारों की सुंदर धरोहर पर निर्भर करती है, शिक्षा उच्च कोटि की होगी तो संस्कार भी मजबूत होंगे। हमें अपनी भारत भूमि पर और हमारे संस्कारों पर सदैव गर्व है। जिनके जीवन में शिक्षा और संस्कार का बढ़िया तालमेल, है वह जीवन की परीक्षा में कभी फेल नहीं होते । जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, कोई भी कठिनाई हो, कैसा भी दौर चल रहा हो, शिक्षित और संस्कारी व्यक्ति कोई न कोई हल ढूंढ ही लेता है और अपने हौसले और आत्मविश्वास के बल पर उन कठिनाइयों की परवाह किए बगैर साहस के साथ आगे बढ़ता है और अपने जीवन में सुखद परिवर्तन का सृजन करता है । गुरुजनों से शिक्षा प्राप्त कर हम मन मस्तिष्क में ज्ञान की ज्योति जगाते हैं और हमारी संस्कृति व संस्कारों को और भी बलशाली बनाते हैं। हमारी जीवन शैली और भी समृद्ध, सुदृढ़ बन जाती हैं । जीवन में कई सारे मानवीय गुणों का समावेश होता हैं और पशु के भाती जीवन नहीं व्यतीत करते है । अशिक्षा जीवन में अनेक अनेक दुगुर्णों को जन्म देती है और संस्कारों से रहित व्यक्ति किस का भी प्रिय नहीं हो सकता । यह संस्कार हमारी आत्मा को पवित्र रखने में सहायक होते है । हम अपराध और गलत कर्मों को करने से बच जाते हैं हमारे जीवन में पुण्यों का संचय होना शुरू हो जाता है और हम अपना कर्म सोच समझकर करते हैं । इसीलिए जीवन में शिक्षा और संस्कारों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है । कोई भी व्यक्ति कितना बड़ा धनवान हो या गरीब हो इससे फर्क नहीं पड़ता, उसका व्यवहार सबके साथ कैसा है क्या वह संस्कारी है और शिक्षित है यह मायने रखता है । जीवन में शिक्षा और संस्कार बहुत ही आवश्यक है तभी मानव मानव है और वह अपने कर्मों से देवत्व की प्राप्ति भी कर सकता है । जिसके पास शिक्षा उत्तम कोटि की है और जिसमें संस्कारों का दिव्य तेज है वही मनुष्य समाज के लिए आदर्श और अनुकरणीय बन जाता है ।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** — विदेश में जॉब ढूँढने में दिक्कत आएगी, घर में मेडिकल इमर्जेंसी आ सकती है,कोई एग्रीमेंट साइन करते समय नियम शर्तें ठीक से पढ़े। भाग्य प्रतिशत-50

**वृषभ** — वकालत अच्छी चलेगी, केमेस्ट्री,संस्कृत अध्यापक उन्नति करेंगे,मन में वैवाहिक जीवन को लेकर दुविधा रहेगी,सरकारी आदेश से परेशानी हो सकती है। भाग्य प्रतिशत-66

**मिथुन** — मीटिंग आदि में बोलने का अवसर मिलेगा, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, शेयर, ब्रोकरेज कार्य में अटकल के साथ कार्य बनेगा, कोई पुराना घर तोड़कर उसमे मकान दुकान बना सकते है। भाग्य प्रतिशत-56

**कर्क** — बीपी आदि का ध्यान रखें, दांत में भी समस्या आ सकती है, कुछ सवाल पूछने पर झल्ला सकते है, बाहर घूमने जाए तो कोई सामान भूल सकते है। भाग्य प्रतिशत-49

**सिंह** — कोई बात छुपा कर चलेंगे, परिवार के सही रख रखाव के लिए चिंतित रह सकते है, कमर्शियल प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बन सकती है। भाग्य प्रतिशत-59

**कन्या** — व्यवसाय या नौकरी में विदेश जाना हो सकता है, पत्नी को कोई बात समझाना मुश्किल होगी, दूसरी संतान होने में मेडिकल समस्या आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-68

**तुला** — बाहर जाना होगा, शक्की स्वभाव से आपको मुश्किल होगी, मेलजोल करेंगे तो आर्थिक लाभ निकाल लेंगे, खर्चे भी बढ़ते दिख रहे है। भाग्य प्रतिशत-56

**वृश्चिक** — धन खर्चने में थोड़ी कंजूसी करेंगे, विवाह की बात चलेगी लेकिन रिश्ते से खुश नहीं होंगे, शिक्षा में भी कुछ बाधा दिखती है, ईश्वर से मन की बात कहेंगे। भाग्य प्रतिशत- 50

**धनु** — घर के लोग बैठकर बिजनस प्लान बना सकते है, कोई कमर्शियल जगह देखना,लेना भी हो सकता है, इंश्योरेंस पॉलिसी, गाड़ी की किश्त आदि जमा करा सकते है। भाग्य प्रतिशत-78

**मकर** — लोगों से बातचीत में सतर्कता बरते,आपकी बात पकड़ेंगे, प्रेक्टिकल लोगों से मिलना होगा काम करते समय पैसे लेना ध्यान रखें, स्पोर्ट्स में थोड़ी फिटनेस की परेशानी आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-52

**कुंभ** — पारिवारिक मतभेद को बढ़ाए नहीं, व्यवसाय में लगाया धन फंस सकता है करियर बढ़ाने के लिए कुछ सीखना हो तो अवश्य करें। भाग्य प्रतिशत-53

**मीन** — बच्चों की लेकर चिंता रहेगी, धार्मिक कृत्य में खर्चा करने में कंजूसी करेंगे, अपनी किसी प्रॉपर्टी पर लोन ले सकते है, या कोई मुकदमा भी चल सकता है। भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# विश्व नेता की साख पर आघात हैं दुराचारी नेताओं के कारनामे!



मनोज कुमार अग्रवाल

राष्ट्रवाद के परचम को लेकर सबका साथ सबका विकास और बेटी पढाओ बेटी बचाओ के नारी सम्मान व सुरक्षा के नारे को शिरोधार्य कर भाजपा नीत राजग सरकार दस साल पूरे कर एक बार फिर जनमत हासिल करने के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन राजग में में शामिल जनता दल सेकुलर के एक मोजूदा सांसद प्रज्वल रेवन्ना की सैक्स टेप कांड से तहलका मचा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के सांसद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं से दुष्कर्म करने और उनके अश्लील वीडियो बनाने के गंभीर आरोप हैं। देवेगौड़ा जनता दल सेक्यूलर के संरक्षक हैं और रेवन्ना इसी पार्टी से कर्नाटक के हासन से सांसद है। इस बार भी वह जद (एस) के टिकट पर हासन से चुनाव मैदान में है, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। मतदान के अगले दिन ही दर्जनों अश्लील वीडियो वारयल हो गए, जिनमें कथित तौर पर अलग-अलग महिलाओं के साथ रेवन्ना नजर आ रहे हैं। उसी दिन से इस प्रकरण पर राजनीतिक बवाल मचा हुआ है।आपको बता दें कि मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है एसआइटी ने पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पुत्र कर्नाटक के पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक एचडी रेवन्ना और मौजूदा सासंद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अपहरण बलात्कार समेत महिला सम्मान को आघात पहुचाने व आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। रेवन्ना के खिलाफ लुकाउट नोटिस जारी किया गया है।

इस बेहद शर्मसार करने वाले प्रकरण से विपक्ष को मौका मिला तो कांग्रेस आरोप लगा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे व्यभिचारी के लिए वोट मांगे, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, कांग्रेस यह भी आरोप लगा रही है कि केंद्र सरकार ने आरोपित को विदेश भागने में मदद की। दूसरी ओर, भाजपा आरोप लगा रही है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार क्या कर रही थी? वीडियो वायरल होने के बाद उसने कोई संज्ञान लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की?दोनों दलों के आरोप अपनी-अपनी जगह सही प्रतीत हो रहे हैं। अब कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और रेवन्ना के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। लेकिन नेताओं की शर्मनाक हरकत यही सीमित नहीं हैं कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के आबकारी मंत्री आरवी तिम्मापुर ने दुष्कर्म के आरोपी रेवन्ना की तुलना भगवान श्री कृष्ण से कर ने विवाद को जन्म दिया है।

बहरहाल राजनीतिक बयानबाजी अलग विषय है, किन्तु यह अत्यंत गंभीर मामला है कि इतने दुष्कर्म के आरोपों से घिरा व्यक्ति भारत की संसद का एक माननीय सदस्य है।और दोबारा लोकसभा की सदस्यता का दावेदार भी है। 26 अप्रैल को उस का भाग्य ईवीएम में दर्ज हो चुका है। हालांकि रेवन्ना के पिता सफाई दे रहे हैं कि सीडी में कैद उस की कथित दुराचार भरी करतूतें कई साल पहले की है जब वह इस हद दर्जे का अय्याश और दुराचारी है तो ताज्जुब की बात यह है कि राजनीतिक हैकडी दबंगई सत्ता की हनक के बूते पर रेवन्ना सैकड़ों युवतियों महिलाओं के साथ व्यभिचार कर उनकी रोते बिलखते और बख्श देने के लिए गिड़गिड़ाते हुए कई सीडी बनाकर व्यभिचार करता रहा। इस सारे मामले पर विचार करेंगे तो प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं का यौन शोषण कर अपने अहम की तुष्टि करने की मानसिक बीमारी से ग्रस्त है क्योंकि बताया गया है कि कुल 2976 क्लिप विभिन्न सीडी में दर्ज है करीब चार सौ युवतियों महिलाओं के दैहिक शोषण का शिकार बनाया गया है। सबसे दुखद घटना के इस दुराचारी किरदार का मामले का भांडा फूटते हीआसानी से देश से विदेश भाग जाना भी शर्मनाक है । न कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने उसे रोका और न ही केंद्र की भाजपा सरकार ने। जाहिर है कि सत्ता राजनीतिक पहुंच रखने वाले दबंग लोग कानून को पैरों तले रोंदते हैं मानो यदि किसी के पास पैसा व पहुंच है तो वह जो मर्जी अपराध करके भाग सकता है क्या ,कानून बाद में लकीर पीटने के लिए बना है?

गौरतलब है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार की अपेक्षाकृत छवि साफ मानी जाती है, किन्तु उनकी पार्टी के नेताओं पर भी समय समय पर महिलाओं से दुराचार दुष्कर्म के गंभीर आरोप लग रहे हैं चाहे वह उत्तर प्रदेश का विधायक कुलदीप सेंगर हों, गोंडा के भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह हो साक्षी महाराज हो या फिर अब भाजपा की सहयोगी पार्टी जेडीएस के सांसद रेवन्ना हों, सब पर एक ही जैसे अत्यंत गंभीर आरोप लगे। पार्टी ने तब तक उनके विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया जब तक कि अदालत ने सजा न सुना दी।

सेंगर को सजा होने के बाद ही पार्टी से निलंबित किया गया। ब्रजभूषण पर देश का नाम रोशन करने वाली अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने शोषण के गंभीर आरोप लगाए, लेकिन सरकार ने उसे कुश्ती महासंघ के पद से हटाना तक जरूरी नहीं समझा। अब महिला पहलवानों के व यौन शोषण का मुद्दा पुनः जोर न पकड़ ले और चुनाव में नुकसान न हो जाए, इसलिए उसका टिकट तो काट दिया, लेकिन उसके बेटे को ही टिकट दे दिया। इसी तरह, कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से कार्यकाल पूरा होने के बाद ब्रजभूषण तो हट गये, पर उन के अपने बिजनेस पार्टनर को ही अध्यक्ष बनवा दिया। क्या ये दुराचार के आरोपी नेता राजनीतिक रूप से इतने दबंग हैं कि उन पर हाथ डालने की हिम्मत ही नहीं है? या उनके सहयोग के बिना सत्ता में लौटना सम्भव नहीं है। फिर बाकी दलों में और भाजपा में क्या अंतर रह जाता है? यदि हालात ऐसे हैं तो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं जैसे नारे निरर्थक हैं। इसी तरह, चुनाव में वोट बटोरने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी भले ही रेवन्ना को लेकर आक्रामक हों, किन्तु जब राजस्थान में उनकी सरकार थी और हर दूसरे दिन बच्चियों से दुष्कर्म के मामले आते थे तब प्रियंका राहुल और सोनिया के मुंह से एक शब्द नही निकला। आपको याद होगा कि बलात्कार करने वालों पर समाजवादी पार्टी के तत्कालीन मुखिया मुलायम सिंह यादव ने तो कह दिया था बच्चे हैं, गलती हो जाती है।उनके इस बयान की बहुत समय तक आलोचना की गई। यूपी, मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार, कर्नाटक... सब जगह तो ऐसे मामले सामने आए हैं। यह किस तरह की मानसिकता है? ऐसे में हम किस मुहं से दो माह से संदेशखाली के दबंग के खिलाफ हर मंच से दुराचार और दबंगई के आरोप में आवाज उठा रहे थे। कुकर्म दबंगई करने वाला नेता संदेश खाली का शेख शाहजहां हो या कर्नाटक का पूर्व पीएम का पोता प्रज्वल रेवन्ना दोनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। ऐसे सभी दुराचारियो को एक ही इंसाफ के तराजू पर तोल कर कड़ी सजा देना चाहिए। वहीं भाजपा जैसे कैडर बेस दलों के नेतृत्व को विशेष रूप से ऐसे दुराचारियो और उनके दलों के साथ गठबंधन करने से पहले पूरी तसल्ली बख्श जांच कर लेनी चाहिए कि कहीं कोई कालिख से सना दुरात्मा चरित्र उनके कथित चरित्रवान दल को अपनी कालिमा से दूषित न कर देवे। प्रज्वल रेवन्ना की करतूत से भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी गहरा धक्का लगा है कि एक संसद का माननीय सदस्य कैंचुली उतरने पर इतना वीभत्स दुराचारी कुकर्म शैतान बतौर सामने आ सकता है यह हैरानी के साथ साथ विश्वगुरु का सपना संजोने वाले दुनिया में मोदी मोदी के डंके से आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री के लिए भी गहरा आघात भरा धक्का है कि आखिर प्रज्वल रेवन्ना तक्षक बनकर मोदी के इंद्र सिंहासन तक कैसे पहुँचा?

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# भारतीय किसान संगठन ने जनपद में किया संगठन का विस्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** रविवार को जनपद मेरठ में भारतीय किसान संगठन के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे भारतीय किसान संगठन के विस्तार को करते हुए अंकुर चौधरी को मेरठ जिला अध्यक्ष व अंकित चौधरी जिला अध्यक्ष बागपत, राजकुमार देदवा प्रदेश सचिव, महिपाल मण्डल उपाध्यक्ष,भारतीय किसान संगठन की जिम्मेदारी दी गई। जिसमें भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव द्वारा इन सभी को मनोनीत किया गया। मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फजर पाँचली लोकेश नागर, सुनील राठी शहजाद राणा चाँद पाँचली डॉक्टर वसीम फतेह ठाकुर बाबू यूसुफ चौहान हर्रा, जावेद हर्रा, एडवोकेट नदीम त्यागी शादाब चौहान शुएब नदीम जुबैर सिंधावली राहुल घसोली कारी मुख्तियार केली महकर केली आदि मौजूद रहे।



# सुभारती फाइन आर्ट एंड फैशन डिजाइन में हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन में फेयरवेल पार्टी 2024 का आयोजन किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के अंतिम वर्ष के छात्रों को फेयरवेल पार्टी 2024 के लिए सभी विषयों में प्री-फाइनल वर्ष के छात्रों द्वारा आमंत्रित और स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन डॉ. पिंटू मिश्रा, एचओडी परफॉर्मिंग आर्ट्स डॉ. भावना ग्रोवर, एचओडी एनीमेशन, डॉ. विधि खंडेलवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में एनबीएससीएफएफ के सभी 4 विभागों के लगभग 84 अंतिम वर्ष के छात्र शामिल रहे। उन्होंने छात्रों के साथ पार्टी का आनंद लिया। पार्टी का ड्रेस कोड ह्लफॉर्मलह्ल था और कलर कोड ब्लैक और गोल्ड था। विद्यार्थियों ने अलग-अलग गानों पर प्रस्तुतियां दीं और मिमिक्री, चुटकुले, कविता आदि के माध्यम से भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ बैच ने भी सुंदर प्रस्तुतियां दीं। मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल (ग्रेजुएशन) और मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल (पोस्ट ग्रेजुएशन) निम्नलिखित छात्रों ने शीर्षक नाम के साथ जीते जो इस प्रकार हैंः मिस्टर। फेयरवेल (यूजी): सागर चौहान, एनीमेशन विभाग, मिस फेयरवेल (यूजी): मनीषा, एनीमेशन विभाग, मिस्टर फेयरवेल (पीजी): अंकित, परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग, मिस फेयरवेल (पीजी):वसुंधरा शर्मा, परफॉर्मेंस विभाग कला. जीते गए अन्य खिताब इस प्रकार हैंः सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन-रिया मेहरोत्रा, सबसे सौंदर्यपूर्ण-ज्योत्सना निमेश, महान मनोरंजनकर्ता- चयन जैन, गतिशील व्यक्तित्व पुरुष-शशांक दिवाकर, गतिशील व्यक्तित्व महिला-श्रेया अग्रवाल, सबसे ऊजार्वान-नमामि भारद्वाज





अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विभिन्न खेलों और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया और खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में संगीत और नृत्य भी शामिल था जिसमें सभी विधाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया और खूब आनंद उठाया।

मंच एंकरिंग का संचालन एम.पी.ए. की छात्रा सुश्री अलीमा और सुश्री आलिया ने किया। प्रदर्शन कला विभाग। अंत में डीन डॉ. पिंटू मिश्रा साथ में डॉ. भावना ग्रोवर, एचओडी प्रदर्शन कला, डॉ. नेहा सिंह, एचओडी, फैशन डिजाइन और आयोजन समन्वयक एचओडी, एनीमेशन डॉ. विधि खंडेलवाल ने भी छात्रों को बधाई दी और उपाधि धारकों को पुरस्कृत किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विधि खंडेलवाल द्वारा किया गया।

# एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** नगरपालिका परिषद में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, शिविर का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। इस दौरान सैकड़ो लोगों ने पहुंचकर अपना रक्त दान किया। टीम ने रक्त वीरों को पत्र एवं कई उपहार देकर सम्मानित किया। रविवार को रक्त सेवा ट्रस्ट के तत्वधान में एकदिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने फिता काटकर किया। शिविर में नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे 160 रक्त वीरों ने अपना रक्त दान किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष व डॉक्टरों की टीम ने रक्तदान करने वाले वीरों को डोनर कार्ड एवं एक हेलमेट सहित कई उपहार स्वरूप भेंट किए। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कहा कि जीवन में सभी को एक बार अपना रक्तदान करना चाहिए आपके किए गए रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बच सकती है। इस दौरान सभासद गौरव सैनी,आकाश जैन, सभासद शाहरुख जंग, अरविंद सैनी, सभासद वकील मलिक, लक्ष्य जैन सहित आदि लोग मौजूद रहे।



# कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगोड़ा, डीन साइंस कॉलेज डॉ रेनू मावी, डीन लॉ कॉलेज डॉ. वैभव गोयल भारतीय, विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन डॉ. शशिराज तेवतिया द्वारा दीप प्रज्वलन करके हुआ।

विदाई पार्टी में कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में तीन विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से मि फेयरवेल तथा मिस फेयरवेल का खिताब क्रमशः मुकुल शर्मा तथा अलमाश सैफी ने जीता। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को डीन साइंस, विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन , संस्कृति विभाग साइंस कॉलेज, तथा अन्य शिक्षकों द्वारा इनके खिताब से नवाजा गया , तथा विभागाध्यक्ष द्वारा दो अन्य पुरूस्कार, , मिस मानसी तथा मि मुकुल को, उत्तम छात्र की श्रेणी के लिए दिए।

अंत में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बीसीए प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ सभी शिक्षकों, का बहुत बड़ा योगदान रहा।





# सुर साहित्य चेतना मंच ने 10वां संगीत महोत्सव मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** सुर साहित्य चेतना मंच के तत्वधान में नगर के पंजाबी धर्मशाला के प्रागण में 10 वाँ संगीत - उत्सव मनाया गया । कस्बे के सैकड़ों संगीत प्रेमियों ने रात के एक बजे तक गीत और गजलों की सुर - सरिता में गोता लगाया । कार्यक्रम का प्रारम्भ संयोजक डॉ० महेन्द्र नारायण ने सरस्वती वंदना और मंच के बारे में बताते हुए किया। कार्यक्रम संचालन गुलशन खन्ना ने किया । प्रसिद्ध संगीताचार्य राजेन्द्र राही के नेतृत्व में संगीत का यह शानदार कार्यक्रम देर रात तक चला रहा। राजेन्द्र राही की शिष्याओं में भावना सैनी ,आस्था अग्रवाल, कृतिका राही ,सोनिया राज ने एक से बढ़कर एक शास्त्रीय उपशास्त्रीय सुगम संगीत एवं गजल प्रस्तुत किया । बड़ौत से आए हुए डॉक्टर श्यामा भारती ने हारमोनियम वाद्य यंत्र से अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया ,जिनके साथ बनारस से आए नितीश भारद्वाज ने तबले पर संगत किया। कार्यक्रम के अंत में नवोदय विद्यालय के संगीत शिक्षक, प्रसिद्ध गजल गायक महेश चन्द्रा ने अनेक गजलों और गीतों से महफिल में चार चाँद लगा दिया और लोग झूमने पर मजबूर हो गए। नितीश भारद्वाज ने तबले पर और अंशुल भारद्वाज ने हारमोनियम पर जुगलबंदी भी पेश किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि चैयरमैन नजमुल इस्लाम ने कलाकारों को सम्मानित किया। इस दौरान डॉक्टर जनेश्वर चौहान, संरक्षक विष्णु अग्रवाल , श्याम सिंघल ,सर्वेश वर्मा , तरूण अग्रवाल, और राशिद अली गुणपाल जैन सहित अनेक संगीत पर प्रेमी उपस्थित रहे।







# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए बाल संरक्षण टीम अलर्ट

**सोनभद्र (आरएनएस) ।** अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिये चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट कार्यालय विकास भवन मे कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया। बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के निर्देश के क्रम में बाल विवाह रोकथाम हेतु बनाये गये कार्ययोजना के अनुसार जनपद के विभिन्न स्थानों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक व गायत्री दुबे द्वारा बताया गया कि 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया है, इस दिन बड़ी संख्या में बाल विवाह होते हैं एवं अन्य शुभ लग्नो के साथ-साथ विशेष रूप से अक्षय तृतीया को निगरानी में रखना आवश्यक है, जिले में कहीं भी बाल विवाह न हो, इसके लिए जिलेवासियो से जिला प्रशासन का अनुरोध है कि विवाह पूर्व विवाह के लिए निर्धारित आयु का सत्यापन आवश्यक रूप से कर लेवे की लड़के की उम्र 21 साल और लड़की की उम्र 18 साल पूरी हो चुकी है। जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाएं, आओ मिलकर इसे जड़ से मिटाएं। का आवाहन करते हुए बताया गया कि वित्तीय 2024-25 मे जनपद स्तर पर कुल 12 बाल विवाह रोके गये बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में चाईल्ड हेल्पलाइन यूनिट कार्यालय विकास भवन लोढी मे वाल विवाह रोकथाम हेतु कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है ब्लाक स्तरीय नामित नोडल अधिकारी द्वारा क्षेत्र में निगरानी रखी जायेंगी

## संक्षिप्त समाचार

### खेत पर जा रही महिला के साथ मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव अटटा निवासी एक महिला ने पड़ोस के लोगों पर रंजिश के चलते मारपीट करने का आरोप लगाया है, पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। रविवार को गांव अटटा निवासी महिला सुनीता मैं बताया कि पड़ोस के कई लोग उनसे रंजिश रखते हैं। दोपहर को अपने खेत पर जा रही थी तभी रंजिश के चलते कहीं लोगों ने पीड़िता के साथ मारपीट कर दी,और फरार हो गए। महिला ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### पड़ोसी ने की दो महिलाओं के साथ मारपीट,पुलिस ने किया चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी दो महिलाओं ने पड़ोस के एक व्यक्ति पर मारपीट करने का आरोप लगाया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी महिला रानी और हिना ने बताया कि पड़ोस के एक व्यक्ति ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। दोनों महिलाओं ने आरोप ए के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिलाओं की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए आरोपी आबाद को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया।

### पार्किग स्थल परिसर में चारपाई पर सो रहे पार्किंग संचालक की ट्रक की चपेट में आने से मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड पर गांव मिल्क दुहाई स्थित पार्किग स्थल परिसर में चारपाई पर सो रहे पार्किंग संचालक को ट्रक ने कुचल दिया। जिस कारण उनकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव मिल्क दुहाई निवासी 55 वर्षीय सुखवीर सिंह दिल्ली मेरठ रोड पर पार्किग का संचालन करते है। उनकी पार्किग में दूर से आने वाले ट्रक, डंफर, कैंटर व अन्य वाहन खडे होते है।

देर रात सुखवीर सिंह पार्किग स्थल परिसर में चारपाई पर सो रहे थे। इसी बीच ट्रक चालक ने जैसे ही ट्रक को यूटर्न लिया तो उसकी चपेट में पार्किंग संचालक सुखवीर की चारपाई आ गई। इस हादसे में सुखवीर सिंह गंभीर रुप से घायल हो गए। तुरन्त उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालात गंभीर होने पर गाजियाबाद रेफर कर दिया गया। वहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# पड़ोसी पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना में बच्चे को पीट रहे पड़ोसी का विरोध करने पर कई लोगों ने व्यक्ति के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया,घायल ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी अनवर पुत्र अलीहसन ने बताया कि पड़ोस का एक व्यक्ति उसके बच्चे के साथ मारपीट कर रहा था। जब पीडित छुड़ाने के लिए पहुंचा और उसने विरोध किया तो आरोपी ने अपने अन्य कई परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल ना अपना डॉक्टरी परीक्षण करने के बाद रविवार को आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।





बिजनौर : पत्नी पर शारीरिक शोषण का आरोप, पति ने पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कराया, पुलिस ने पत्नी को किया गिरफ्तार, थाना स्योहारा क्षेत्र का मामला। छाया:बुलन्द संदेश

**एफआईआर** स्वदेश और स्वधर्म के लिए लड़ने वाले राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ शनिवार को मैनपुरी में थी छेड़छाड़

# राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अपमान करने वाले सपा के गुंडों पर एफआईआर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मैनपुरी।** मैनपुरी में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर अराजकता और उपद्रव करने के साथ ही प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने वाले सपाई गुंडों पर मैनपुरी कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, इस घटना से आक्रोशित लोगों ने रविवार सुबह महाराणा प्रताप चौक पर धरना दिया और अराजक सपाइयों के साथ ही सपा के लोकसभा प्रभारी और विधान सभा प्रभारी की गिरफ्तारी की मांग की। दरअसल, शनिवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मैनपुरी में अपनी पत्नी और सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में रोड शो किया था। रोड शो के दौरान ही सपा के कार्यकताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर अभद्र नारे लगाए। रोड शो के बाद ये सपाई गुंडे स्वदेश और स्वधर्म के लिए लड़ने वाले राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर भी चढ़ गए और वहां उन्होंने प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की। आरोप है कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के हाथ में मौजूद भाले को टेढ़ा कर दिया गया, जबकि उनके हाथ में सपा का झंडा भी पकड़ा दिया गया। यही नहीं, सपाइयों ने यहां सीएम और पीएम को गालियां भी दीं। राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा के इस अनादर और अपमान पर मैनपुरी समेत पूरे प्रदेश के लोगों में आक्रोश है। वहीं, सीएम योगी ने भी इस घटना की निंदा की है और कहा कि सपा और कांग्रेस से राष्ट्रनायकों के सम्मान की उम्मीद नहीं की जा सकती। ये दोनों पार्टियां सिर्फ आतंकियों और माफिया का महिमामंडन ही कर सकती हैं।

**माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ने वाले कर रहे राष्ट्र नायक का अपमान**

शनिवार को हुई इस घटना के बाद रविवार को सैकड़ों लोगों ने महाराणा प्रताप चौक पर धरना दिया और नारेबाजी की। उन्होंने मांग की कि लोकसभा प्रभारी और विधानसभा प्रभारी समेत सपा के उन सभी कार्यकताओं को गिरफ्तार किया जाए, जिन्होंने देश के नायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनादर किया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 90 से 100 सपाइयों के खिलाफ धारा 147, 188, 295-ए, 504 और 171 एच में मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी में अपने रोड शो की समाप्ति पर इसी स्थान पर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारत के गौरव का मान बढ़ाया था, वहीं दूसरी ओर माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ने वाले अखिलेश और उनके गुंडे राष्ट्रनायक का अपमान कर रहे हैं। रोड शो के दौरान अखिलेश की मौजूदगी में ही सपाई गुंडों ने प्रतिमा के पास अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था और बाद में उन्होंने प्रतिमा पर चढ़कर गुंडई की और हिंदुआ सूर्य का अपमान किया। इन गुंडों ने प्रतिमा के भाले को टेढ़ा कर दिया और सपा का झंडा फहरा दिया। यही नहीं, सपा के गुंडों पर प्रतिमा के पास पेशाब करने का भी आरोप है। स्थानीय लोगों ने साफ कहा कि माफिया और गुंडों का सम्मान करने वाली सपा के द्वारा राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सीएम योगी ने की निंदा, कहा- सपा और कांग्रेस से राष्ट्रनायकों के सम्मान की उम्मीद नहीं, ये सिर्फ आतंकियों का महिमामंडन करेंगे**

**सोशल मीडिया पर भी दिख रहा सपा के खिलाफ आक्रोश**

मैनपुरी ही नहीं, इस घटना का आक्रोश पूरे प्रदेश और सोशल मीडिया पर भी दिख रहा है। सोशल मीडिया यूजर्स इस घटना के लिए अखिलेश यादव पर निशाना साध रहे हैं और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी की मांग कर रहे हैं। वहीं, सीएम योगी की महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते और सैफई ब्रांड सपाई गुंडों द्वारा प्रतिमा के अपमान का वीडियो भी खूब साझा किया जा रहा है। एक यूजर ने लिखा कि सैफई ब्रांड समाजवादी पार्टी के लफंगे सपाइयों ने हिंदुआ सूर्य, राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर चढ़कर उनका अपमान किया। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी जी ने मैनपुरी में रोड शो की समाप्ति के बाद राष्ट्रनायक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की थी। फर्क साफ है। इसी तरह, डॉ रिचा सिंह ने लिखा, मैनपुरी में अखिलेश के रोड शो के बाद महाराणा प्रताप जी की मूर्ति से छेड़छाड़ की गई, उनकी तलवार तोड़ने का प्रयास, उनके भाले पर सपा का झंडा लहराकर योगी-मोदी को गालियां दी गईं। आ रहे हैं अखिलेश नारा नहीं, धमकी बन गया है। अरुण राणा ने लिखा, मैनपुरी में सपा समर्थकों द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का निरादर करना अत्यंत निंदनीय है। सभी आरोपियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

**माफिया, दंगाइयों और आतंकी तत्वों को प्रश्रय और राष्ट्रनायकों का अपमान ही विपक्ष की नीतिः सीएम योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस घटना पर दुख जताया है और विश्वास दिलाया है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि माफिया, दंगाइयों और आतंकी तत्वों को ये लोग प्रश्रय देते हैं, प्रोत्साहित करते हैं, महिमामंडन करते हैं और दूसरी ओर राष्ट्रनायकों का अपमान करते हैं। उन्होने कहा कि यही प्रदेश है जब समाजवादी पार्टी ने 2012 में सत्ता में आने पर अयोध्या में रामजन्मभूमि, काशी में संकटमोचन मंदिर, लखनऊ की कचहरियों के साथ ही रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का कुत्सित प्रयास किया था। हाल ही में एक कुख्यात माफिया की मौत होती है तो उसके घर पर संवेदना व्यक्त करने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद जाते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों के साथ इनका बर्ताव कैसा था, प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की मृत्यु पर समाजवादी पार्टी का आचरण कैसा था और शनिवार को राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की मूर्ति के साथ जिस प्रकार का अपमानजनक और अवमाननापूर्ण व्यवहार समाजवादी पार्टी के नेताओं का था वो अत्यंत निंदनीय है। मैं इस कृत्य की भर्त्सना करता हूं।

# मतदाता जागरुकता को लेकर विचार गोष्ठी की गई आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला में अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वाधान में मतदाता जागरुकता विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जहां गोष्ठी में बोर्ड के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ ली ,साथ ही समस्त नगरवासियों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने का सकंल्प लिया।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक को मतदान करना आवश्यक है. देश की उन्नति ,विकास और सुरक्षा के लिए एक मजबूत सरकार का गठन जरूरी है जिसके लिए वोट डालना जरूरी है।

विशिष्ट अतिथिडॉ.डी.के.अग्निहोत्री ने चुनाव में मतदान करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का मूलभूत अधिकार है. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि मजबूत



लोकतन्त्र में प्रत्येक वोट निर्णायक होता है विगत में एक वोट से सरकार बनी भी है और गिरी भी है .योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि अधिक से अधिक मतदान करने पर ही हम सही प्रतिनिधि चुन सकते हैं.विनय अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रहित में मतदान करने वाला व्यक्ती राष्ट्रभक्त होता है।

ब्रज गोपाल गुप्ता ने कहा कि अच्छी सरकार बनाना तभी संभव होगा जब हम अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे.हरीश कठेरिया एवं कमलेश गांधी ने नगरवासियों को जागरूक करते हुये सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वोट डालने की अपील की।

अंत में अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के सभी पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष और साफ छवि वाले भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को जिताकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमन्त्री बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान विचार गोष्ठी में अशोक कुमार गुप्ता, जगदीशचंद्र राणा, प्रहलाद लोधी, प्रदीप वार्ष्णेय, प्रेमपाल गुप्ता, योगेन्द्र कुमार, दीपेन्द्रनाथ गुप्ता, ब्रजेश सिंह चौहान, वैभव चौधरी, तुलसीदास शर्मा आदि उपस्थित रहे। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ.योगेन्द्र मोहन शास्त्री ने तथा संचालन एड. मुकेश अग्रवाल ने किया।

# सपा जिलाध्यक्ष की कार से टक्कर में अधिवक्ता की मौत, अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, कार्यवाही की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** सपा जिलाध्यक्ष की कार की टक्कर से अधिवक्ता की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। रविवार को अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।







बदायूं में सपा जिलाध्यक्ष की कार की टक्कर लगने से अधिवक्ता की मौत के बाद अधिवक्ताओं में रोष है। अधिवक्ताओं ने रविवार को महाराणा प्रताप तिराहे पर शव वाहन रोककर रविवार दोपहर प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं का कहना है कि एक ओर सपा जिलाध्यक्ष जनता के प्रतिनिधि रहे हैं। दूसरी ओर अधिवक्ता को टक्कर मारने के बाद चालक गाड़ी भगा ले गया। गाड़ी में सवार लोगों ने अधिवक्ता को अस्पताल तक नहीं पहुंचाया गया। साफ है कि इंसान की जान की परवाह नहीं है। अधिवक्ता राकेश कुमार की शनिवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई थी। वह शाम के समय बाइक पर सहसवान से अपने घर दहेमी लौट रहे थे। इसी दौरान सहसवान-बदायूं मार्ग पर कौल्हाई के नजदीक पेट्रोल पंप के सामने सपा जिलाध्यक्ष की कार ने टक्कर मार दी थी। सपा जिलाध्यक्ष की फॉर्च्यूनर कार नाधा से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा से लौट रही थी। टक्कर लगने के बाद पीछे से आ रही एक और कार, फॉर्च्यूनर से टकरा गई थी। उससे एक व्यक्ति ने नीचे उतरकर भी देखा था लेकिन अधिवक्ता को अस्पताल नहीं पहुंचाया। उनकी वहीं मौत हो गई थी।सपा जिलाध्यक्ष की कार को भी चालक भगा कर ले गया था। पुलिस ने देर रात सपा जिलाध्यक्ष अशीष यादव के नाम रजिस्टर्ड कार नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली। रविवार सुबह करीब 10 बजे उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सूचना पर कई अधिवक्ता पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए और पोस्टमार्टम के बाद उन्होंने शव वाहन को महाराणा प्रताप तिराहा (कचहरी तिराहा) पर रोक लिया। प्रदर्शन करते हुए सपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। करीब 10-15 मिनट तक जाम रहा। इंस्पेक्टर गौरव विश्नोई ने समझा बुझाकर जाम हटवाया।

जिला बार एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा ने कहा कि मनुष्य का कर्तव्य यह है कि घायल को अस्पताल पहुंचाएं लेकिन यहां तो विधायक रहे आशीष यादव की कार थी। उनकी कार में सवार लोगों ने भी अधिवक्ता को अस्पताल पहुंचाना तक जरूरी नहीं समझा। इसमें सपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उनकी कार पकड़ी जाए, जो भी व्यक्ति कार चला रहा था। अगर ऐसा नहीं होता है तो आंदोलन होगा। विवेक कुमार रैंदड़, अरविंद परमार, रोहित सक्सेना समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/बहजोई (मयंक सक्सेना)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिस लाइन बहजोई में मा0 पुलिस प्रेक्षक महोदय श्री अशोक कुमार प्रसाद व पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा 07 मई को तृतीय चरण के मतदान में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु व मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा मतदान केन्द्रों एवं शांति व्यवस्था ड्यूटी में व्यवस्थापित पुलिस बल/ सशस्त्र बल/ पी.ए.सी. बल/ होमगार्ड्स आदि को ब्रीफ कर दायित्वबोध कराते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने व निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए गए।



इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चन्द्र, अपर पुलिस अनुकृति शर्मा जनपद सम्भल, व समस्त राजपत्रित अधिकारीगण/कम्पनी कमाण्डर आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में शिक्षक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** मौहल्ला मंडी अशोक नगर निवासी शिक्षक ने जहरीला पदार्थ खा कर जीवन लीला समाप्त कर ली।

पुलिस क्षेत्राधिकारी पिलखुवा जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अशोक नगर मोहल्ला निवासी फिरोज खान सहायक अध्यापक के पद पर तैनात था, वह तीन साल से अमरोहा स्थित प्राथमिक विद्यायल में कार्यरत था।



शनिवार की देररात उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके उपरांत परिजन ने उसे उपचार के लिए जीएस अस्पताल लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने शिक्षक को मृतक घोषित कर दिया। सीओ ने बताया कि शिक्षक अविवाहित था और अभी तक की जांच से पता चला है कि मृतक पिछले कई दिन से डिपरेशन में चल रहा है। इसी के चलते उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्म हत्या ली। अभी तक इस बाबत तहरीर नहीं मिली है, मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शहीद प्रीतिलता वादेदार की जयंती धूमधाम से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में "मतदाता जागरूकता अभियान" के तहत मतदान करने के लिए मुख्य अतिथि द्वारा शपथ दिलाई गई एवम स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद प्रीतिलता वादेदार की जयंती धूम धाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।अध्यक्षता डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता ने की संचालन डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नितिन कौशिक (एमबीबी



एस), डॉक्टर निशा गुप्ता, डॉक्टर वसीम सैफी, अंकित बार्ष्णेय, पंकज बार्ष्णेय, राहुल सिंह रहे।व्यवस्थापक अवधेश कुमार, अफजल खान, विकास, अरमान, सीता कश्यप रहे। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे। माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रिय विकास और प्रत्याशी की अच्छी छवि ही लोकतंत्र के लिए जरूरी है। हम सब देश के बारे में एवम समाज के बेहतर निर्माण की चर्चा करते हैं लेकिन विचार कीजिए क्या लोगों के लिए निश्वार्थ कार्य करते हैं? राष्ट्र के लिए मतदान कर लोकतंत्र मजबूत करने का प्रयास करते हैं। अगर आप यह दोनों कार्य कर रहे हैं तब निश्चित समझ लीजिए कि बेहतर समाज का निर्माण होगा और देश भी समृद्ध होगा।

# हज को जाने वाले चयनित हाजियों को हज ट्रेनर मौलाना अब्दुल जलील कासमी द्वारा दी गई ट्रेनिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के एफ आर इंटर कालेज रोड पर स्थित ट्रेनिंग कैंप पर हज 2024 को जाने वाले चयनित हाजियों का सुबह 8:00 मौलाना अब्दुल जलील द्वारा ट्रेनिग दी गई। जिसमें हाजियों को हिंदुस्तान की गाइडलाइन के अनुसार किस तरह से सफर करना है और मक्का और मदीना में कहां-कहां ठहरना है और वापसी किस तरीके से करना है बताया गया इसके अलावा हज के अरकान किस तरीके से पूरे किए जाते हैं मक्का में मदीना में अरफात मुजदल्फा मीना में किस तरीके से हाजियों को हज के अरकान पूरे करने हैं इसकी बारीकी से



ट्रेनिंग दी गई हाजियों के समस्त कागजातों को जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने पूरा किया अंत में मौलाना अब्दुल जलील द्वारा मुल्क कौम और पूरे आलम के लिए अमनो अमन की दुआ कराई गई इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहें। हाजी शाह आलम मंसूरी, अब्दुल वहाब, मुफ्ती ओवैस, मास्टर तारीक अफजाल आलम, हाफिज अजीम, फैजान अहमद आदि लोगों ने हाजियों की खिदमत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदत्तपुर पर ग्रामवासियों को दिलायी मतदाता शपथ, बच्चों ने करके दिखायी बूथ संचालन प्रक्रिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सहसवान(बदायूं)।** लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचन एक महापर्व होता है। इस प्रक्रिया के अपेक्षित परिणाम आने के लिए इस प्रक्रिया का सही से संचालन अति आवश्यक हो जाता है। इसके लिए चुनाव आयोग अपने कर्मचारियों अधिकारियों को प्रशिक्षित करता है और जनता को जागरूक करने के लिए भी दिशा निर्देश जारी करता है।

इसी क्रम में जन जागरूकता की नियत से उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदत्तपुर ने ग्राम पंचायत के बहुत से लोगों को मतदाता शपथ दिलाई , साथ ही प्रधानाध्यापक इकबाल अहमद ने अपने संबोधन में उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही







विद्यालय के बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से बूथ संचालन की प्रक्रिया बड़े ही प्रभावी ढंग से प्रदर्शित की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पति सुरेश यादव , चंद्रपाल, कैलाशो, लखपत, ओमकार , हरीसिंह , गुड्डू, छविराम रनवीर, दिनेश कुमार, अल्ताफ, अरमान, निजाम आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में गुंडागर्दी का खत्म हुआ है : डॉक्टर शेफाली सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** क्षेत्र के ग्राम हरियाना मे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली चौहान ने मुस्लिम समाज में भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में मुस्लिम समाज को अनेक योजनाओं से लाभान्वित किया है पिछली सरकारों ने केवल मुस्लिम समाज को वोट लेने के लिए प्रयोग किया भाजपा सरकार सबका साथ सबके विकास के साथ कार्य कर रही है भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बड़ा है तथा गुंडागर्दी का खत्मा हुआ है कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी महेंद्र प्रजापति ने बताया कि परमेश्वर लाल सैनी के सांसद बनते ही संभल लोकसभा में विकास की गंगा वहेगी तथा सभी कार्यकताओं का मान और सम्मान रखा जाएगा उन्होंने कहा कि सरकार सभी के हित के लिए कार्य कर रही है कार्यक्रम में पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ राकेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, शक्ति केंद्र संयोजक विनोद ठाकुर,कोषाध्यक्ष डा मुकीम पाशा,ग्राम प्रधान गुलसन मोहम्मद, ग्राम प्रधान सिंह, डा विपिन ,मोनिस खान, खलिक अंसारी ,यशपाल, राकेश, जगदीश जैन,



कुमार ,मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार ,मंडल अध्यक्ष रतनपुर बृजेश लोधी,मंडल महामंत्री कुलदीप प्रतिनिधि शरीफ हुसैन, महेदी हसन, दीपक जैन, रामपाल सिंह,अनिल कुमार शर्मा,बिंदेश एडवोकेट, बाबू, प्रेमपाल जावेद मुगल, शिवचरन, नासिर मलिक, हाजी मजलूम पाशा, दीपक ठाकुर, चरन सिंह प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

**लोकसभा चुनाव**

## पूर्व प्रधान के आवास पर ग्रामीणों को किया संबोधित

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन, पूर्व चेयरमैन ने भाजपा को मांगे वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दिनेश सक्सेना )।** आठ लोकसभा चुनाव प्रचार का आज अंतिम के लिए सभी पार्टियों के प्रत्याशियों व कार्यकताओं ने जमकर मेहनत की।

चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 5मई की शाम 5बजे चुनाव प्रचार वंद हो जाएगा इसी चलते पाटीयां जमकर प्रचार प्रसार कर रही है,इसी क्रम में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आये नरौली के पूर्व चेयरमैन कुंवर राघवेन्द्र सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने ग्राम पंचायत थरैसा जयसिंह में पूर्व प्रधान छत्रपाल सिंह के आवास पर एक सभा का आयोजन किया। पूर्व चेयरमैन ने भाजपा कार्यकताओं का माला पहनाकर स्वागत किया, कुंवर राघवेन्द्र सिंह ने समस्त



पूर्व प्रधान का स्वागत करते, पूर्व चेयरमैन

ग्रामीणों से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को वोट करने की अपील की, उन्होंने कहा कि एक एक वोट डालना है और भाजपा को मजबूत करना है।

इस अवसर पर विकास कुमार सिंह एड०, अशोक कुमार एड०, पुष्पेंद्र सिंह एड०, दिनेश सिंह पूर्व एडीओ पंचायत, प्रेमपाल सिंह रिटायर एस आई, राजेन्द्र सिंह सभापति, बसंत सिह राघव, जगदीश सिंह, ओम सिंह, ओमकार सिंह, योगेश सक्सेना, शिवप्रसाद पाल, सुखवीरसिंह राघव,उमेशपाल सिंह राठौर, नरेंद्र सिंह, राजेश सिंह, गौरव राघव ,प्रशान्त राघव,अभिनव राघव, प्रद्वभय कुमार, राहुल, विनतेश राघव, शिवकुमार, उदयभान सिंह आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने किया रोड शो, भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं ।** रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में रोड शो किया। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। बदायूं आने के बाद विधायक महेश गुप्ता के आवास पर प्रेसवार्ता की और सपा, बसपा पर तंज कसा।

रविवार दोपहर करीब 12.45 बजे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सदर विधायक महेश गुप्ता के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने पत्रकारो के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा के शासन काल भी आप लोगों ने देखे होंगे। किस तरह से जनता त्रस्त थी। अपराधी माफिया का राज चलता था। गरीब कमजोर को लगातार सताया जाता था। उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा कर लिया जाता था।

**अब माफियागीरी खत्म-धामी**

धामी ने कहा कि जबसे योगी-मोदी ने प्रदेश और देश की कमान संभाली है तब से



माफिया या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। माफियागीरी खत्म हो गई। तुष्टीकरण की राजनीति से जनता आजिज आ चुकी है। जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। इसके बाद उनका काफिला बिरूआबाड़ी मंदिर पहुंचा।

देवभूमि से आए सीएम पुष्कर सिंह धामी बदायूं लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में शहर में रोड-शो किया। रोड शो बिरुआबाड़ी मंदिर से प्रारंभ होकर पथिक चौक, मढ़ई चौक, हलवाई चौक, सुभाष चौक, रजी चौक, कश्मीरी चौक, इंद्रा चौक, भामाशाह चौक होते हुए बदायूं क्लब पर जाकर समापन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की लोगों से अपील की। जगह- जगह रोड शो का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा के नेता और कार्याकर्ता मौजूद रहे। रोड शो देखने वाले भीषण गर्मी में भी डटे रहे।

# गोमती नगर में होटल हैप्पी टाइम्स का हुआ उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** वैभव खंड गोमती नगर स्थित होटल हैप्पी टाइम्स के उद्घाटन के मौके पर होटल के मालिक श्री बरुण मिश्रा और निखिल सेंघल ने शहर के जाने माने समाजसेवी शराबबंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुतुर्जा अली ने अतिथि शिरकत की मुर्तजा अली ने होटल के मालिक को शुभकामनाएं दिया ! उद्घाटन के मौके पर जीशान अलम, मोइनुद्दीन सिद्दीकी, अफजल सिद्दीकी, फहद, हलीमा, शमीम सिद्दीकी, सामाजिक, पत्रतारिका, और व्यापारिक वर्ग से जुड़े हुए आदि लोग शामिल हुए ।




# भाजपा सरकार से देश के संविधान और लोगों की जान दोनों को खतरा: अखिलेश यादव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज बदायूं के सहसवान विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी आदित्य यादव और फिरोजाबाद में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अक्षय यादव के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

जनसभाओं मेंअखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार से देश के संविधान और लोगों की जान दोनों को खतरा है। भाजपा सरकार ने 10 साल में कई संविधान विरोधी फैसले लिए हैं। वहीं वैक्सीन कंपनी से चंदा लेकर पूरे देश की जनता को वैक्सीन लगवा कर उनके सामने संकट पैदा कर दिया है। वैक्सीन को लेकर जो रिपोर्ट आई है वह बेहद गंभीर है। रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि वैक्सीन के कारण हार्ट की समस्या बड़ी है। इसलिए हम चाहते हैं कि पूरे देश के अस्पतालों में सभी के लिए हार्ट और उससे जुड़ी जांच फ्री कर दी जाए, जिससे लोग जब चाहे तब अपने हार्ट की जांच कराकर जानकारी हासिल कर ले। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों नौजवानों और देश की आम जनता के साथ विश्वासघात किया है। खोखले नारे देकर शोषण किया। भाजपा ने सभी को धोखा दिया है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को चरम पर पहुंचा दिया है। जनता से झूठे वादे किए। भाजपा लोगों के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। संविधान को बदलना चाहती है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के लिखे



हुए संविधान को खत्म करना चाहती है। भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को हर हालत में हटाना होगा। इसने सभी को अपमानित किया है। सत्ता का दुरुपयोग किया है। देश की संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर लोगों पर झूठे मुकदमे कराए, जेल भिजवाया और वसूली कराई है। अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता भाजपा से त्रस्त हो चुकी है। लोकसभा चुनाव में बीजेपी के खिलाफ मतदान कर रही है। पहले दो चरणों के चुनाव में जो हवा चली है उससे भाजपा चार सौ पार का नारा भूल गई है, वह देश में चार सौ सीटें हारने जा रही है। बीजेपी हार रही है, इंडिया गठबंधन देश में सरकार बनाने जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि दो चरणों के चुनाव से तय हो गया है कि तीसरे चरण के चुनाव में भी भाजपा का सफाया होने जा रहा है।

भाजपा ने झूठ और धोखे से देश में सभी का भरोसा तोड़ा है। किसानों को आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन महंगाई बढ़ा दी, किसानों की आय कम हो गई और महंगाई दोगुनी हो गई। भाजपा सरकार की हर बात झूठी निकली। आज किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है।भाजपा सरकार साजिश के तहत तीन काले कानून लाकर किसानों की फसल और जमीन छीनकर उद्योगपतियों को देना चाहती थी। तीनों काले कानून के खिलाफ किसानों ने आंदोलन किया। सैकड़ो किसान शहीद हुए। भाजपा ने अपमानित किया, लेकिन किसान पीछे नहीं हटे। अंत में तानाशाही सरकार को अपना काला कानून वापस लेना पड़ा, इसके लिए हम किसानों को बधाई देते हैं। लेकिन किसानों की लड़ाई यहीं खत्म नहीं हुई है आंदोलन के बावजूद भाजपा सरकार ने किसानों को उनकी फसलों की एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया है। इंडिया गठबंधन की सरकार आते ही किसानों को सम्मान मिलेगा, उनकी फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार मिलेगा, किसानों का कर्ज माफ होगा और उनकी अन्य तरीके से भी मदद होगी।

# हार्ड रॉक बीट्स ने रिलीज किया म्युजिक वीडियो Hennessy, एम.के. जाला, काव्या. एस, रियल राका की ऐक्टिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुम्बई।** हार्ड रॉक बीट्स एक ऐसे म्युजिक लेबल के रूप में उभर कर सामने आया है जिसके द्वारा रिलीज सभी गाने ब्लॉकबस्टर सिद्ध हुए हैं। निमार्ता एम.के. जाला का लेटेस्ट म्युजिक वीडियो हेनेसी Hennessy हार्ड रॉक बीट्स पर रिलीज होकर काफी लोकप्रिय हो रहा है। गोवा की खूबसूरत लोकेशन पर फिल्माए गए इस सॉन्ग में एम.के. जाला, काव्या. एस और सिंगर रैपर रियल राका ने फीचर किया है।

मुम्बई के गॉडफादर क्लब में भव्य रूप से इस शानदार सॉन्ग को लॉन्च किया गया। इस ग्रैंड लॉन्च पर गाने से जुड़ी पूरी टीम सहित कई सेलेब्रिटी गेस्ट भी मौजूद थे। सभी ने एम के जाला के इस सॉन्ग की प्रशंसा की और इसकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

अल्बम के निमार्ता एमके जाला, सिंगर रियल राका, गीतकार रोमियो व रियल राका और संगीतकार मिस्टर क्रूज हैं। रियल राका एक ट्रेंडिंग सिंगर और रैपर हैं उन्होंने इस गीत को गाया और लिखा है साथ ही वीडियो में फीचर भी किया है। उनका लुक और रैप काफी पसन्द किया जा रहा है। हार्ड रॉक बीट्स द्वारा प्रस्तुत इस सॉन्ग का विजेल ने निर्देशन किया है।




प्रोड्यूसर एम के जाला ने बताया कि मेरे चैनल पर और मेरे गाने मे आपको हर बार नया कुछ देखने को मिलेगा। मुझे विश्वास है कि यह गीत भी दर्शकों को जरूर पसन्द आएगा। इस वीडियो को गोवा के खूबसूरत लोकेशन्स पर फिल्माया गया है। सबसे पहले हमने स्पॉटीफाई पर इसका ऑडियो लांच किया था, जिसे काफी लोकप्रियता मिली। इंस्टा पर यह ट्रेंडिंग में आया है।

इस गीत के माध्यम से एम के जाला ने अभिनय में भी डेब्यू किया है। वीडियो में उनका लुक एकदम दबंग स्टाइल का है जिसे लोग काफी पसन्द कर रहे हैं। क्या आगे भी वह ऐसे ही किरदार प्ले करेंगे, इसपर निमार्ता ने कहा कि इसके बाद मैं पॉजिटिव रोल करूंगा। सिंगर रैपर और एक्टर रियल राका वास्तव में एक रॉकस्टार हैं। चाहे गायकी की बात हो या फिर इसके इंटरेस्टिंग बोल हों, या वीडियो में परफॉर्मेंस हो, सभी क्षेत्र में रियल राका ने धमाल मचाया है। अभिनय का जुनून रखने वाली काव्या एस. के लुक, डांस और एक्टिंग की प्रशंसा सभी ने की। उन्होंने कहा कि बहुत गर्मी में हमने यह शूट किया था मगर उस मेहनत का फल हमें आज मिल रहा है। गाना इंस्टाग्राम पर ट्रेंड कर रहा है और यह बहुत बड़ा हिट होगा। सॉन्ग की अच्छी स्टोरी है, बेहतरीन एडिटिंग है। लिखा और कम्पोज किया हुआ बहुत अच्छा है और रैप के अंदाज में रियल राका ने गाकर इसे और भी अद्भुत बना दिया है। गाने के प्रोड्यूसर एमके जाला ने कहा कि इस महीने दो और गाने आ रहे हैं जिनमें से एक पंजाबी सॉन्ग होगा। नए लोगों को भी हार्ड रॉक बीट्स पर मौका मिलेगा।

# इंडियन इकोनॉमी एंड स्ट्रक्चरल रिफार्म पुस्तक का विमोचन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** इंडियन इकोनॉमी एंड स्ट्रक्चरल रिफार्म डॉ. पी. सी. गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन महामहिम राज्यपाल आनंदीबेंन पटेल ने राजभवन लखनऊ में किया। डॉ. पी. सी. गुप्ता द्वारा लिखी यह पुस्तक 1947 से अब तक अर्थव्यस्था, कृषि एवं सेवा क्षेत्र में हुए विभिन्न क्षेत्र में ढांचागत विकास का विस्तृत वर्णन किया गया है डॉ गुप्ता की यह पुस्तक यू.जी.सी एवं एन.सी.ई.आर.टी. के सिलेबस को ध्यान में रखकर लिखा गया गया है जो बी.ए. बी.कॉम, एम.ए., एम.कॉम. (अर्थशास्त्र) बी.ए. एल.एल.बी. व प्रतियोगी परीक्षाओ में भारतीय अर्थव्यवस्था के विस्तृत जानकरी हेतु उपयोगी सावित होंगी। लखनऊ निवासी डॉ. गुप्ता वर्तमान में हेड ऑफ डिपार्टमेंट अर्थशास्त्र एवं डीन सोशल साइंसेस, महाकौशल विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश है। इस अवसर पर शिक्षाविद एवं प्राचार्य डॉ. निर्मल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. पी.सी. गुप्ता की धर्मपत्नी शिक्षिका रोली गुप्ता, डॉ. सरोज ठाकुर, निदेशक, ठाकुर पब्लिकेशन, डॉ. राहुल गुप्ता निदेशक माइलस्टोन कंसलटिंग ग्रुप इत्यादि उपस्थित रहे ।



# (सिंटा) सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन के चुनाव में प्रसिद्ध अभिनेता हेमंत पांडेय और मुकेश ऋषि ने प्राप्त किए सबसे अधिक वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुंबई /नई दिल्ली ( राजू बोहरा)।** सिल्वर स्क्रीन और स्मॉल स्क्रीन के बड़े व प्रसिद्ध अभिनेता हेमंत पांडेय ने एक और बड़ी उपलब्धी हासिल की है क हेमन्त पांडेय को बॉलीवुड फिल्मी दुनिया के कलाकारों की बड़ी एवं प्रतिष्ठित संस्था सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन (सिंटा) के चुनाव में एक्जीक्यूटिव मेंबर के रूप में भारी मतों से चुना गया हैक इस संस्था में वरिष्ठ फिल्मी कलाकारों को स्थान दिया जाता हैक चुनाव जीतने वाले निर्वाचित 35 एक्जीक्यूटिव मेंबर्स में सबसे अधिक वोट हासिल करने वालों में 517 वोट हासिल करके हेमन्त पांडेय दूसरे स्थान पर रहे हैं कपहले स्थान पर 539 वोट पाकर वरिष्ठ फिल्म एक्टर मुकेश ऋषि हैं और 486 वोट पाकर सुप्रसिद्ध एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी सूची में तीसरे स्थान पर हैं कयानी फिल्मी कलाकारों के बीच हेमंत पांडेय कितने लोकप्रिय हैं ये अंदाजा आप खुद ही लगा सकता। उन्होंने सब टीवी के सुपरहिट सीरियल 'ऑफिस ऑफिस' और सुपर-डुपर हिट फिल्म 'कृष' से देश और विदेश में खूब लोकप्रियता बटौरी।वह अब तक फिल्मी दुनिया के सभी बड़े कलाकारों के साथ काम कर चुके है। अभिनेता हेमंत पांडेय के बारे में एक बात विशेष यह है की वो जितने अच्छे कलाकार उतने ही अच्छे इंसान भी है।






सिंटा के चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने पर प्रसिद्ध अभिनेता हेमंत पांडेय ने सिनेमा और टीवी कलाकारों द्वारा दिए गए इस सहयोग और प्यार के लिए सभी आभार व्यक्त किया है और कहा सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन (सिंटा) के चुनाव में मुझे विजयी बनाने के लिए सभी बॉलीवुड के कलाकारों का दिल से धन्यवाद करता हूँ। उत्तराखंड के छोटे से गांव से निकलकर मुंबई तक की यात्रा में मैंने सोचा भी नहीं था कि मैं कभी सिंटा का सदस्य भी बन पाऊँगा लेकिन आज आपने तमाम दिग्गज कलाकारों के सामने शीर्ष पर ला दिया है। इस बार (सिंटा) के इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाले अन्य बड़े कलाकारों में पूनम ढिल्लों, दीपक परासर, राकेश बेदी, पेंटल, पुनीत इस्सर, उपासना सिंह, अनीता राज, यशपाल शर्मा, जावेद जाफरी , साहिला चढ़ा, विकास वर्मा मुख्य रूप से शामिल है।

# भाजपा का दिनों दिन गिर रहा है ग्राफ, कांग्रेसियों को टांग खिंचाई से नहीं फुर्सत : नैना चौटाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) ।** हिसार लोकसभा क्षेत्र में ही नहीं, पूरे हरियाणा में कांग्रेसियों की टांग खिंचाई की आदत जगजाहिर है। हर कांग्रेस का नेता एक दूसरे को अंडरवेट और खुद को हैवीवेटबताने में लगा रहता है।

यह बात हिसार लोकसभा क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी की प्रत्याशी नैना सिंह चौटाला ने कहीं। वे शनिवार को मील गेट क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यकताओं से रूबरू हो रही थी।

नैना चौटाला ने कहा की कांग्रेसी नेताओं की आपसी फूट के चलते पहले तो टिकटों के वितरण में इतनी देरी हुई और टिकट वितरण के बाद भी कांग्रेस में नेताओं के बीच आपसी फूट का सिलसिला और तेज हो गया है । यही कारण कांग्रेस को ले डूबेगा।

उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र से पहले जो भी कांग्रेस की टिकट पर सांसद चुनकर गए थे वे भी हिसार लोकसभा की आवाज को लोकसभा में उठाने में विफल रहे थे। इतना ही नहीं सांसद निधि कोष का पूरा पैसा हिसार की जनता के लिए खर्च नहीं कर पाए थे। उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर बीजेपी के नेताओं का खुद का भ्रम भी टूटने लगा है। हिसार लोकसभा से लेकर पूरे हरियाणा में दिनों-दिन बीजेपी का ग्राफ गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता बीजेपी की नीयत और नीति को जान चुकी है।



उन्होंने कहा कि हिसार की जनता ने पिछली बार 2019 में भाजपा प्रत्याशी को हिसार लोकसभा से जीता कर भेजा था और उन्होंने मोदी के नाम पर हिसार की जनता से वोट मांगे थे। सांसद बनते ही लोकसभा में उनके प्रतिनिधि का चेहरा दिखाई दिया। इतना ही नहीं वह हिसार लोकसभा क्षेत्र से भी 5 साल तक गायब ही रहे। उन्होंने कहा कि इस बार भी हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं लेकिन हिसार की जनता इस बार पिछली गलती को नहीं दोहराएगी और हिसार के साथ-साथ हरियाणा की आवाज को दिल्ली तक पहुंचने वाले जेजेपी पार्टी के प्रत्याशी को अपना सांसद चुनकर भेजेगी। जेजेपी उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला ने हिसार की जनता को विश्वास दिलवाते हुए कहा कि मैं हिसार लोकसभा क्षेत्र की जनता की उम्मीद पर खड़ा उतरूंगी। गांव डोभी में अनेक परिवारों ने जेजेपी ज्वाइन की । जिसमें शीशपाल, शोवीर , जय भगवान, भाला सिंह, रामधारी के परिवार प्रमुख है

# स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों की निःशुल्क जांच की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** आईटी चौराहा बाबूगंज के पास संघ भवन परिसर में वयम्‌ वरेण्यम्‌ फाउंडेशन व श्री मेडीकेयर की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगा। शिविर में बलरामपुर अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. हिमांशु प्रताप सिंह ने लोगों के नाक, कान व गला की निःशुल्क जांच की। डॉ. हिमांशु ने बताया कि शिविर में लोगों को दिए गए पर्चे पर ह्यपहले मतदान, फिर जलपानह्न प्रिंट कराकर मतदान के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में 150 लोगों ने पंजीकरण कराकर ब्लड शुगर, हार्निया, डायबिटीज, पिटा की पथरी, नाक कान गला, स्त्री रोग व बच्चों से जुड़ी समस्याओं की जांचें कर परामर्श दिया गया। शिविर में स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहिता भूषण चंद, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत तुलस्यान, फिजीशियन डॉ. ट्रिम्सी त्यागी, जनरल सर्जन डॉ. रोहित कुमार सिंह, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु सिंह आदि डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।




# झूठ बोलकर आदमपुर की जनता से वोट हथियाने वालों को सबक सिखाने का समय आया : जयप्रकाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा)।** इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश ने आदमपुर क्षेत्र की जनता से आह्वान किया है कि वह उपचुनाव के दौरान धोखा करने वालों को सबक सिखाने के लिए कमर कस लें। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के समय जिस मुख्यमंत्री ने क्षेत्र से वादे किए थे, जनता उन वादों को याद करके इस लोकसभा चुनाव में वोट का फैसला करें। जयप्रकाश रविवार को आदमपुर क्षेत्र के गांवों का दौरा करके जनसभाओं में क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यों को एक साथ पूरा करने का राग अलापा गया और पूरा एक भी कार्य नहीं हुआ। उन्होंने मौके पर उपस्थित लोगों से पूछा कि क्या सभी कार्य लंबे समय तक चलने वाले थे, यदि सरकार चाहती तो अनेक कार्य ऐसे थे, जो काफी समय पहले पूरे हो जाते लेकिन सरकार की नीयत में खोट के चलते ऐसा नहीं हो पाया।

इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश ने आदमपुर क्षेत्र की जनता से आह्वान किया कि वह अपने हित पहचाने और मान-सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा उम्मीदवार को करारा सबक सिखाकर ऐसे लोगों को सत्ता से



इस दौरान कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के अनेक नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। जयप्रकाश ने कहा कि कार्यक्रमों में उमड़ रही क्षेत्र?वासियों की भीड़ बता रही है कि वह भाजपा सरकार के कार्यों से खुश नहीं है। भाजपा ने जनता को गुमराह करने के लिए आदमपपुर उपचुनाव के समय वादे तो बहुत किए, पर्याप्त मात्रा में बिजली व पानी देने, ढाणियों में कनेक्शन देने, सड़कें बनवाने, सीवरेज बनवाने व पानी की पाइपें डालने सहित अनेक ऐसे वादे किए, जिनमें से कोई वादा पूरा नहीं किया। आदमपुर की जनता से पता नहीं ?क्या गलती हुई कि विकास के नाम पर आदमपुर को चारों तरफ से खोद कर रख दिया गया। अनेक कार्य ऐसे थे, जो कम समय में पूरा हो सकते थे लेकिन जनता को गुमराह करने के लिए सभी बाहर करने में कांग्रेस व इंडिया गठबंधन का साथ दें। उन्होंने कहा कि भाजपा व रणजीत सिंह कभी इस क्षेत्र का भला नहीं कर सकते। रणजीत सिंह ने इससे पहले भी आदमपुर से चुनाव लड़ा था, अनेक वादे किए थे, उस समय भी वे सरकार के उम्मीदवार थे, जनता ने उन्हें अच्छे वोट भी दिए थे लेकिन अच्छे खासे वोट लेने के बावजूद भी वे आदमपुर क्षेत्र में नहीं आए। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश ने रविवार को आदमपुर हलके के दड़ौली, चुली कलां, चुली खुर्द, चुली बाडगड़ियान, मंडी आदमपुर, मंडी गांव, लाइनपार, आदमपुर, किशनगढ़, खारा बरवाला, सदलपुर, चबरवाल, भोडिया, भाणा, सारंगपुर, खैरमपुर, कालीरावण सहित अनेक गांवों का दौरा किया।

**मेगा शो**

## शहर में नैना चौटाला का धुंआधार प्रचार, दो दर्जन से अधिक कार्यक्रम करके मांगे वोट

# आज हिसार में जेजेपी का मेगा शो, नैना चौटाला भरेंगी नामांकन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा)।** सोमवार छह मई को जननायक जनता पार्टी की उम्मीदवार नैना सिंह चौटाला अपना नामांकन भरेंगी। ओल्ड कोर्ट कॉम्पलेक्स मैदान में भारी संख्या में जेजेपी कार्यकर्ता एकत्रित होंगे और इसके उपरांत दोपहर में रोड शो करके नैना चौटाला नॉमिनेशन फाइल करेंगी। इस अवसर पर जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं शहरवासी मौजूद रहेंगे। जेजेपी के मेगा शो में हरी-पीली चुनरी ओढ़कर भारी संख्या में महिलाएं भी पहुंचेगी। रविवार को जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला ने हिसार शहर में धुंआधार चुनाव प्रचार किया। डॉ. आरएस कॉलोनी, सेक्टर 14, सुदामा नगर, जहाज पुल, मिलगेट, संत विहार कॉलोनी, सेक्टर 13, केमरी रोड, विकास कॉलोनी के दौरे के दौरान जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला का जगह-



जगह पर जोरदार स्वागत किया गया। नैना चौटाला ने शहरवासियों को छह मई के अपने नामांकन कार्यक्रम के लिए भी न्यौता दिया। जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला ने कहा कि जेजेपी गांव-गांव, शहर-शहर में निरंतर जनता के बीच जाकर वोट की अपील कर रही है और लोग भी हिसार के हित में जेजेपी के साथ खड़े है।

उन्होंने कहा कि समझदार जनता बीजेपी और कांग्रेस की हकीकत को पहचान गई है कि दोनों पार्टियां जनता को गुमराह करके केवल वोट लेने का काम करती है और जीतने के बाद उनका जनता से कोई वास्ता नहीं रहता। वहीं भाजपा-कांग्रेस के सांसदों द्वारा संसद में जनता की आवाज उठाना तो दूर, वे अपने क्षेत्र के लोगों से मिलते तक नहीं। नैना चौटाला ने कहा कि जेजेपी में स्वार्थी लोगों का कोई काम नहीं है, जेजेपी संघर्ष करने वाले कार्यकताओं के दम पर बनी पार्टी है और मजबूत कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत है, जो जननायक चो. देवीलाल की नीतियों पर चलते हुए जनता के बीच में रहते है।

# दावते इस्लामी इन्डिया ने सबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जिसका काम है लोगो की सेवा करना यह संस्था मुख़्तलिफ तरीको से समाज की सेवा करती है ।
सर्दी के मौसम में गरीबो बेसहारो को कम्बल बाँटना, गर्मी के चिलचिलाती धूप में प्यासों को पानी पिलाना, पौधरोपण के समय मे पौधा लगाना, और हेल्थ की समस्या से परेशान लोगो के लिए हेल्थ कैम्प लगाना, समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगाना।
इसी तरह गरीबो में राशन किट बांटना यह संस्था कार्य है । गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के बैनर तले कुन्दरकी जीरो पॉइंट पर ठंडे पानी की सबील लगाई गई जिससे लोगो ने पानी पीया और गर्मी से राहत पाई । मकामी लोगो ने जी एन आर एफ के इस काम को सराहा और हौसला अफजाई की।
इस काम से लोगो को राहत पहुंची और पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाने की कोशिश की गई। इस मौके पर संस्था के जिम्मेदार एड फुरकान गजाली, अरकान कादरी, मौहम्मद इमरान, जैनुल अत्तारी, फरजंद अली, जुनैद पाशा, असद पाशा, अरकान कुरैशी, मौहम्मद उवैस, मौहम्मद सुब्हानी, कारी रियाज, हासम अली आदि ने उपस्थित हो कर इस पुण्य के काम में अपना सहयोग दिया ।





## तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी आज लेगी पद व गोपनीयता की शपथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को मुख्य अतिथि के रूप में कुंवर सूर्यसेन सिंह, (न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय) 6 मई को भव्य समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे ' चुनाव समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट दीपक बिश्नोई रविवार को बताया कि तहसील बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी छह मई को प्रातः 11:00 बजे पद और गोपनीयता की शपथ लेगी। तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद अय्यूब, महासचिव नन्हें खां, कोषाध्यक्ष वैभव विश्नोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी चरन सिंह ढाका, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद अफसर, सहसचिव प्रशासनिक शुभम विश्नोई, सहसचिव पुस्तकालय अतुल कुमार, सहसचिव प्रकाशन पारितोष भारती और कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद सुहैल खान व जाहिद हुसैन को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई जाएगी। इस अवसर पर चुनाव समिति के सचिव महावीर सिंह, सह सचिव डॉ. विनीत नैन, कोषाध्यक्ष शहजाद रफी खान, उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, आदि अधिवक्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## शासन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत माध्यमिक विद्यालयों का समय एक घंटा बढ़ाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के राजकीय, सहायता प्राप्त व वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में पठन-पाठन का समय एक घंटे बढ़ा दिया गया है। शासन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का और नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क का हवाला देते हुए तय किया है कि माध्यमिक विद्यालयों में अब पांच की जगह प्रतिदिन छह घंटे पढ़ाई होगी। इसके लिए गर्मी व जाड़े में विद्यालय वर्तमान व्यवस्था के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 बजे तक पढ़ाई होतीहै। जबकि एक अक्तूबर से 31 मार्च तक सुबह 8.50 से दोपहर 2.50 बजे तक का समय निर्धारित है। शासन ने तय किया है कि अब एक अप्रैल से 30 सितंबर तक विद्यालय सुबह 7.30 से दोपहर 1.30 बजे तक और एक अक्तूबर से 31 मार्च तक सुबह 9.30 से दोपहर 3.30 बजे तक पढ़ाई होगी।इस अवधि में सुबह 15 मिनट प्रार्थना सभा, कक्षाएं, इंटरवेल शामिलहै। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र ने कहा है कि एनईपी के तहत हर क्लास के लिए 40 क्रेडिट देने व 1200 घंटे की पढ़ाई का समय निर्धारित है। वर्तमान में एक दिन में औसतन पांच घंटे और एक शैक्षिक सत्र में औसतन 1100 घंटे की पढ़ाई होती है। अब हर दिन छह घंटे और एक सत्र में न्यूनतम 1200 घंटे की पढ़ाई होगी।

# मुख्यमंत्री का आदेश उड़ाया हवा में,सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कागजों में मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** ।सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसको लेकर सीएम योगी ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा निर्देश दिए थे। परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की थी । इसके तहत सभी जनपदों में आगामी 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा - मनाया आएगा। ओवरलोडिंग , मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं ' यह एक मैन मेड डिजास्टर है इसलिये इसमें कमी लाने के लिये अवेयरनेस बिल्ट करने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है' पखवाड़े के अंतर्गत स्कूली वाहनों का कराया जाए फिटनेस टेस्ट इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा सड़क पखवाड़ा के तहत प्रदेश के दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क की जानकारी दी जायेगी एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जायेगा। लेकिन सड़क सुरक्षा पखवाड़ा समाप्त होने को है इस दौरान स्कूली वाहनों का फिटनेस तक नहीं कराया गया और स्कूलों में विभाग द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा शपथ नहीं कराई गई , सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कागजों में मनाया गया।




# दिसंबर तक सभी विद्यालयों को निपुण बनाएं : विकास कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संकुल शिक्षकों एवं ए आर पी की बैठक में शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई ' बैठक में विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने एवं सभी विद्यालयों को निपुण बनाने का संकल्प लिया गया' नगर में स्टेशन रोड स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें ब्लॉक को निपुण बनाने, एआरपी को विभिन्न सूचनाओं के संकलन हेतु न्याय पंचायतो का विभाजन, पुस्तक वितरण के लिए प्रेरणा पोर्टल पर डीसीएफ पूर्ण करना, नवीन नामांकन बढ़ाने हेतु दिशा निर्देश,. समय सारणी संबंधित प्रमाण पत्र, ऑपरेशन कायाकल्प, आदि पर चर्चा की गई। बैठक में विजेंद्र बिश्नोई, दीपशिखा बिश्नोई, हेतराम सिंह ,वर्तिका चौधरी , प्रियंका चौधरी, पंकज दिवाकर, गौतम सिंह, मनीष कुमार आदि मौजूद थे ।



## श्रम विभाग की वेबसाइट 3 महीने से बंद, हजारों मजदूरों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** श्रम विभाग की वेबसाइट तीन माह से बंद है। इसके चलते मजदूरों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आफिस पहुंचने वाले मजदूरों को पंजीयन रद्द होने का डर सता रहा है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मजदूर डरें नहीं, पंजीयन रद्द नहीं होगा। वेबसाइट खुलते ही वे पूरे महीने की शुल्क जमा कर सकते हैं।श्रम विभाग में लगभग चार लाख मजदूर पंजीकृत है। जिनको सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। विभाग की वेबसाइट पिछले तीन महीने से बंद है।इस वजह से मजदूर मासिक शुल्क जमा नहीं कर पा रहे हैं। जिससे मजदूरों को पंजीयन रद्द होने का डर बना हुआ है। जिले के श्रम विभाग की वेबसाइट पिछले तीन महीने से काम नहीं कर रही है। इससे 403568 श्रमिक पहले से चल रहे योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। योजना का लाभ लेने के लिए रोजाना विभाग में 20 से 25 मजदूर पहुंचते हैं। वेबसाइट बंद होने की शिकायत भी करते हैं। इसके बावजूद वेबसाइट ठीक नहीं करवाया गया।विभाग में पंजीकृत मजदूरों को महीने में शुल्क जमा करना होता है। जिससे उनका पंजीयन बचा रहता है। वहीं तीन महीने से वेबसाइट बंद है। इससे एक भी मजदूर शुल्क जमा नहीं कर पाए हैं। इस कारण मजदूर पंजीयन रद्द होने से डर रहे हैं। विभाग के जिम्मेदार लोगों ने शनिवार को बताया जब भी वेबसाइट चालू होगी। सभी मजदूर पूरे महीने का शुल्क जमा कर देंगे तो उनका पंजीयन रद्द नहीं होगा। उनको घबराने की जरूरत नहीं है।

## चेकिंग के दौरान दो गोतस्कर दो बैल सहित गिरफ्तार

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )** 'कांठ -मुरादाबाद रोड पर स्थित कैच की पुलिया पर चेकिंग के दौरान छजलैट पुलिस ने थाना भोजपुर के गो तस्करों को गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक लाजपत सिंह, प्रशांत त्यागी, हेड कांस्टेबल नितिन कुमार व कुलदीप सिंह क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों को लेकर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान तेज गति से आ रही पिकअप को रुकने का इशारा किया तो गाड़ी रोकने के बजाय चालक ने गति बढ़ा दी। पुलिस ने गो तस्करों पीछा करके उन्हें पकड़ लिया और थाना ले जाया गया। पिकअप में दो बैल भी मिले। गोतस्करों ने अपने नाम अफसर, मोहम्मद अहमद निवासी थाना भोजपुर बताया। थाना प्रभारी अर्जुन त्यागी के मुताबिक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दो गोतस्करों को बैलों के साथ पकड़ा गया है।

# युवक युवती ने जहरीला पदार्थ खा कर जान दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। जानकारी मिलने पर आनन फानन में दोनों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि दोनों एक ही समुदाय के है। गांव में तनाव का माहोल हैं।
ग्राम पबला में शनिवार की रात्रि गांव पबला का एक युवक व युवती गांव में ही पड़ोस में रहते थे। दोनों का आपस में प्रेम प्रसंग चल रहा था। देसी बीच युवक का विवाह कहीं और पर तय हो गया इसके बाद दोनों मिलें और शुक्रवार को शादी न होने की बात को लेकर दोनों ने तय कर लिया कि वह अपना जीवन समाप्त कर लेंगे। युवक व युवती शुक्रवार को बाजार में आएं और एक दुकान से जहरीला पदार्थ खरीदकर वापस गांव चले गए। जहा दोनो अपने-अपने घरों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने आनन फानन में दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ उपचार के बाद दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां युवक का पोस्टमार्टम होने के बाद गांव में उसका अंतिम संस्कार कर दिया जबकि युवती का पोस्टमार्टम समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाया है।
और नहीं कोतवाली में किसी पक्ष द्वारा तहरीर दी गई है इस मामले में कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान का कहना है की तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# बटन दबाते ही रोडवेज यात्रियों को मिलेगी सहायता, पीतल नगरी कार्यशाला में कंट्रोल रूम बनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुरादाबाद परिक्षेत्र की रोडवेज बसों में लगे पैनिक बटन, जीपीएस और ट्रैकिंग डिवाइस की मानीटरिंग के लिए पीतलनगरी कार्यशाला में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में कंप्यूटर और एलईडी डिस्प्ले लगा दी गई है।कंट्रोल रूम को दो सप्ताह के भीतर चालू कर दिया जाएगा। यात्री पैनिक बटन का इस्तेमाल कर- के किसी दुर्घटना या छेड़खानी अथवा अन्य किसी प्रकार की असुविधा की जानकारी कंट्रोल रूम को दे सकेंगे। इसके बाद यात्रियों को तुरंत कंट्रोल रूम से मदद मिलेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए मुरादाबाद परिक्षेत्र की 185बसों में वीएलटी-पीएसआईएस प्रोजेक्ट के माध्यम से पैनिक बटन, जीपीएस और ट्रैकिंग डिवाइस लगाया गया है। पैनिक बटन व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम से जुड़ा हुआ है। बसों में खतरा होने पर महिला या कोई अन्य व्यक्ति इस बटन को दबा सकता है। इसे दबाते ही ये रोडवेजपीतलनगरी डिपो के वर्कशॉप में बने कंट्रोल रूम से की जाएगी रोडवेज की निगरानी पैनिक बटन यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए बसों में लगाई गई है। सफर के दौरान यात्रियों के द्वारा पैनिक बटन को दबाते ही कंट्रोल रूम में एसएमएस जाएगा। तुरंत कंट्रोल रूम से उस बस के परिचालक के पास कॉल आएगी। कंट्रोल रूम को एक मैसेज भेज देगा।मैसेज में बस नंबर, लोकेशन और पैनिक बटन प्रेस करने का समय लिखा होगा। कंट्रोल रूम के कर्मचारी के द्वारा उस बस के परिचालक से फोन पर बात कर समस्या की जानकारी ली जाएगी। जरूरत होने पर तत्काल पुलिस आदि की सहायता पहुंचेगी। सफर करने वाले यात्री यूपीएसआरटीसी के द्वारा बनाए गए यूपी मार्गदर्शी एप का इस्तेमाल कर कंट्रोल रूम से सहायता ले सकते हैं।




# नगर एवं क्षेत्र में हुई मारपीट एवं अन्य घटनाओं में चार महिलाओं सहित 13 लोगों को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । नगर एवं अन्य स्थान पर हुई मारपीट एवं अन्य घटनाओं में पुलिस ने चार महिलाओं सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया है ' जानकारी के अनुसार नवीन यादव पुत्र दीनदयाल यादव उम्र करीब 25 वर्ष .अमन पुत्र ओमप्रकाश उम्र करीब 22 वर्ष, निवासीगण मौ0 चौक बाजर कांठ.विनीत कुमार पुत्र हरिओम शर्मा उम्र करीब 26 वर्ष निवासी मौ0 घोसीपुरा कांठ, नौशाद पुत्र फिरोज उम्र करीब 28 वर्ष निवासी मौ0 नई बस्ती कांठ, फैजान पुत्र अलीमुद्दीन अन्सारी उम्र 20 वर्ष मौ0 ईदगाह नई बस्ती कांठ, बबीता पत्नी फैजान उम्र 35 वर्ष ग्राम आशापुर कालोनी थाना कांठ, पूजा पत्नी सुदीश उम्र 32 वर्ष,8. श्याम कुमारी उर्फ मनोहरी पत्नी सुशील कुमार उम्र 55 वर्ष निवासी गण ग्राम आशापुर कालोनी थाना कांठ,सचिन पुत्र ओमकार उम्र 21 वर्ष . गौरव पुत्र जितेन्द्र सिंह उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम गोविन्दपुर थाना छजलैट, पुष्पक पुत्र उमेश उम्र 20 वर्ष ग्राम मथाना थाना छजलैट, शोभित पुत्र राजवीर सिंह उम्र 20 वर्ष,अभिषेक पुत्र ओमवीर सिंह ग्राम रसूलपुर गुर्जर थाना कांठ,को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया है। यह जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने दी है ।






# पुलिस ने 27 हिस्ट्रीशीटरों को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल ( दिनेश सक्सेना)।** जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत उच्च अधिकारी के निर्देशन में थाना कोतवाली संभल के 27 नफर हिस्ट्रीशीटर ,गोकसी व अन्य अपराधियों को अंतर्गत धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चलन 151 107 116 सीआरपीसी में मान्य न्यायालय एस डी एम कोर्ट किया गया पेश।




# परिषदीय स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों के बाद शिक्षकों एवं बच्चों की लगेगी ऑनलाइन हाजिरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित सभी प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से अपनी उपस्थिति देनी होगी। टैबलेट के लिए सिम और डाटा की व्यवस्था कंपोजिट ग्रांट से की गई है।
शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है। शिक्षकों को बेहतर नेटवर्क वाली कंपनियों के सिम खरीदने होंगे। शैक्षिक सत्र 2024-25 में विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से ही कार्य करना होगा। जिले के स्कूलों में टैबलेट का वितरण पिछले ही सत्र में किया जा चुका है। शिक्षक लगातार विभाग से सिम और डाटा की मांग कर रहे थे। शिक्षा महानिदेशक ने कंपोजिट ग्रांट से सिम और डाटा खरीदने की अनुमति दे दी है। शिक्षकों को दिए गए टैबलेट के सिम और डाटा के लिए दो-दो माह के लिए प्रति टैबलेट 2400 रुपये जारी किए गए हैं। जनपद के परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों की उपस्थिति पंजिका, प्रवेश पंजिका, कक्षावार छात्र उपस्थिति पंजिका, एमडीम पंजिका, निरीक्षण पंजिका आदि का डिजिटलाइजेशन कराया जा चुका है। 20 मई से स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां हो जाएंगी।
जुलाई माह में स्कूलों के खुलने पर शिक्षकों व बच्चों की आनलाइन हाजिरी लगानी होगी। कंपोजिट स्कूल ग्रांट से प्रति टैबलेट 2400 रुपये निकाल करके शिक्षक सिम व डाटा रिचार्ज कर लें। अब शिक्षकों और बच्चों की हाजिरी आनलाइन ही लगानी होगी।

## जागरुकता — लोगों से आगामी सात मई को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी हिस्सेदारी सत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया

# जेके चिल्ड्रन एकेडमी के छात्रों ने नगर व क्षेत्र में रैली निकालकर मतदान के लिए प्रेरित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नगर व क्षेत्र में छात्रों ने रैली निकालकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए जागरुक एवं प्रेरित किया। और लोगों से आगामी सात मई को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी हिस्सेदारी सत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।
कुन्दरकी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम भेसौड़ मे स्थित जे.के.चिल्ड्रन एकेडमी सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कुंदरकी नगर एवं ग्राम हरियाना तथा भैसोंड़ मे छात्रों ने रैली निकाल कर प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया है । इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक बलराम सिंह ने क्षेत्रीय जनता से लोकतंत्र के महापर्व आगामी सात मई को मतदान करने की अपील की। प्रधानाचार्य नवनीत दीक्षित ने कहा कि लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता आये इसीलिए रैली निकाली गई है ।








## बाजार से गायब हुई एनसीईआरटी की किताबें, निजी प्रकाशकों की "महंगी किताबों की भरमार"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** एनसीईआरटी की अधिकांश किताबें बाजार से गायब हो गई हैं। बाजार में केवल निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों की भरमार है। इसे लेकर अभिभावक व बच्चे परेशान हैं। बाजार में एनसीईआरटी की किताबें न होने की लगातार शिकायतें मिलने पर अब शिक्षा विभाग की टीम बाजार में उतरेगी।टीम जगह-जगह दुकानों से एनसीईआरटी किताबों की स्थिति की जानकारी जुटाएगी। साथ ही प्रकाशक से पता लगाया जाएगा कि उन्होंने बाजार में कितनी किताबें भेजीं। बता दें कि प्रदेश में तीन प्रकाशक ही एनसीईआरटी कि किताबें छापते हैं'अफसरों के पास पहुंची दुकानों पर किताब न मिलने की शिकायतें माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक अधिकांश एनसीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाती हैं। इन किताबों की कीमत निजी प्रकाशकों की किताबों से बहुत कम होती है। कक्षा नौ से 12 तक की एनसीईआरटी की किताबों की कीमत आठ रुपये से लेकर 80 रुपये तक है। कम कीमत होने के कारण दुकानदार इन किताबों को बेचने से बचते हैं।राजकीय विद्यालयों एनसीईआरटी की पुस्तकें ही पढ़ाई जाती हैं, लेकिन सहायता प्राप्त और वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा नौ से 12 तक की कक्षाओं में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाने के निर्देश हैं। निजी प्रकाशक की किताबें बेचने से दुकानदार को इन किताबों में ज्यादा मुनाफा होता है। इस बार बाजार में एनसीईआरटी की किताबें नहीं हैं और बच्चे परेशान हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# मोनालिसा ने लाल साड़ी में दिखाया कातिलाना अंदाज, तस्वीरें हो रही हैं वायरल



भोजपुरी इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना मोनालिसा आए दिन अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चचाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

टीवी की सुपरबोल्ड एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण इंटरनेट पर लाइमलाइट में रहती हैं। उनकी हर एक तस्वीरें चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों को देखकर लोग उन पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि मोनालिसा ने रेड कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चलाती हुई नजरह आ रही हैं। ओपन हेयर, गले में गोल्ड के बड़े से नेकलेस, कानों में झुमकें और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

मोनालिसा की इन तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। साथ ही कॉमेंट्स के जरिए रिएक्शंस भी दे रहे हैं।

एक यूजर ने मोनालिसा की फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है बेहद खूबसूरत हैं आप, वहीं दूसरे ने लिखा है- सो अमेजिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- मोना की हर अदाएं कातिल हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

## फिल्म कुबेर से नागार्जुन अक्किनेनी की दिलचस्प फर्स्ट लुक जारी

शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुप्रतीक्षित सामाजिक नाटक कुबेर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। फिल्म में धनुष के किरदार के हालिया खुलासे ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जिससे इसकी रिलीज की प्रत्याशा बढ़ गई है। अब किंग नागार्जुन अक्किनेनी का आधिकारिक फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसका प्रीमियर आज विशेष रूप से स्टार स्पोर्ट्स पर किया गया।

निमार्ताओं ने फिल्म कुबेर से नागार्जुन का पहला लुक जारी किया। वीडियो में अभिनेता साधारण लेकिन आकर्षक लगे। वह हाथ में छाता लिए एक ट्रक के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। पहली झलक में कैश से भरा एक भारी कंटेनर नजर आ रहा है। चूंकि बारिश हो रही है इसलिए नागार्जुन छाता लेकर पहुंचते हैं। जब वह 500 का नोट जमीन पर गिरा हुआ देखते हैं तो वह अपने बटुए से दूसरा नोट निकालते हैं और ट्रक में रख देते हैं।



ऐसा प्रतीत होता है कि फिल्म में नागार्जुन एक ईमानदार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, पहली नजर में उनके किरदार के अन्य विवरण सामने नहीं आए हैं। देवी श्री प्रसाद ने क्लिप के लिए एक शानदार बीजीएम स्कोर किया। कुशल निमार्ता शेखर कम्मुला धनुष और नागार्जुन को विपरीत भूमिकाओं में दिखा रहे हैं। जहां फर्स्ट लुक में धनुष एक गरीब लडके के गेट-अप में नजर आए, वहीं नागार्जुन अपने फर्स्ट लुक पोस्टर में बेहद क्लासी लगे।

सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा निर्मित फिल्म कुबेर में रश्मिका मंदाना की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण बताई जा रही है। कुबेर एक पैन इंडिया फिल्म है जिसमें धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है।

## फुरकत गाने के बारे में नेहा भसीन ने किया खुलासा, कहा-मेरा जुनून पोएटिक म्यूजिक वीडियो बनाना

सिंगर नेहा भसीन ने अपने लेटेस्ट सॉन्ग फुरकत के बारे में खुलासा करते हुए बताया कि पोएटिक म्यूजिक वीडियो (काव्यात्मक संगीत वीडियो) बनाना मेरा जुनून है। उन्होंने कहा कि उन्हें संगीत बनाना काफी पसंद है, और पोएटिक म्यूजिक वीडियो बनाना उनका जुनून है। नेहा ने कहा, मुझे म्यूजिक बनाना बेहद पसंद है और आइकोनिक और लुभावने म्यूजिक वीडियो बनाना मेरा जुनून है। मेरे लिए म्यूजिक विजुअल भी है। फुरकत की शूटिंग महाराष्ट्र में वाई के



खूबसूरत जगहों पर की गई है। जूनो द्वारा लिखे गए लिरिक्स अलगाव और एकतरफा प्यार की थीम को एक्सप्लोर करते हैं। गाने में लोकेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसमें बंजर पहाड़ तनहाई और तबाही की भावनाओं को चित्रित करते हैं। धूप से चमकती झील और बड़े लैंडस्केप दिल के दर्द को बयां करते हैं। इसमें नेहा अपने ट्रेडमार्क हाई-फैशन आउटफिट्स से गाने का भाव व्यक्त करती हैं।

सिंगर ने कहा, समीर उद्दीन के निर्देशन में परफॉर्म करना एक शानदार अनुभव था। मेरे लिए, फैशन आर्ट है, और फुरकत की शानदार कम्पोजिशन है, और अब सारी मेहनत रंग ला रही है। नेहा के अलावा, गाने में इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 2 की विजेता युवा प्रतिभा सौम्या कांबले बेली डांस करती नजर आएंगी। कांबले के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा, फैंस खुश हैं, और सौम्या जैसी युवा प्रतिभा को प्रदर्शित करना सौभाग्य की बात है।

## अजय देवगन की मैदान की कमाई में अब हो रहा इजाफा, बड़े मियां छोटे मियां का खेल खत्म होता आ रहा नजर

अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा मैदान और अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां को सिनेमाघरों में अब तीन हफ्ते पूरे हो चुके हैं. बड़ी स्टार कास्ट वाली इन दोनों फिल्मों की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस बेहद निराशाजनक रही है।हालांकि दोनों फिल्मों के दमदार ट्रेलर देखने के बाद उम्मीद की जा रही थी ये साल 2024 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्ट साबित होंगी लेकिन हुआ इसका उल्टा. हालांकि मैदान फिर भी अब बॉक्स ऑफिस पर अपनी कमाई की रफ्तार बढ़ा रही है लेकिन बड़े मियां छोटे मियां का बेहद बुरा हाल है. चलिए यहां जानते हैं अक्षय कुमार और अक्षय देवगन की इन फिल्मों ने रिलीज के 22वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

बड़े मियां छोटे मियां काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में ईद के मौके पर रिलीज हुई थी. फिल्म ने ओपनिंग डे पर डबल डिजीट में कमाई की थी जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म अक्षय और टाइगर के डूबते करियर की नैय्या को पार लगा देगी. लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ. इसके बाद फिल्म की कमाई में हर दिन गिरावट दर्ज की गई. दर्शकों को फिल्में खूब मार-धाड़ तो मिली लेकिन कमजोर कहानी ने इस फिल्म की लुटिया डूबो दी और अब ये टिकट काउंट पर पाई-पाई को मोहताज है. फिल्म की कमाई की बात करें तो ह्यबड़े मियां छोटे मियांह्न ने पहले हफ्ते 49.9 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 8.6 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के तीसरे हफ्ते के तीसरे गुरुवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं.




सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के 22वें दिन महज 40 लाख की कमाई की है. इसके बाद बड़े मियां छोटे मियां का 22 दिनों का कुल कलेक्शन अब 62.45 करोड़ रुपये हो गया है। अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा मैदान का ईद के मौके पर अक्षय-टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां से क्लैश हुआ था. जहां बड़े मियां छोटे मियां को दर्शकों से काफी खराब रिस्पॉन्स मिला तो वहीं मैदान की कहानी की खूब तारीफ हुई और अजय देवगन की एक्टिंग को भी सभी ने सराहा. बावजूद इसके मैदान भी कुछ खास कलेक्शन नहीं कर पाई है।

फिल्म रिलीज के तीन हफ्ते पूरे होने के बाद भी आधी लागत नहीं वसूल पाई है. हालांकि तीसरे हफ्ते में मैदान ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी खासी तेजी दिखाई और 21वें दिन तो फिल्म ने करोड़ों में भी कमाई की. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो मैदान की पहले हफ्ते की कमाई 28.35 करोड़ और दूसरे हफ्ते का कलेक्शन 9.95 करोड़ रुपये है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के तीसरे हफ्ते के तीसरे गुरुवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मैदान ने रिलीज के 22वें दिन 55 लाख की कमाई की है. इसी के साथ मैदान का 22 दिनों का कुल कलेक्शन अब 45.65 करोड़ रुपये हो गया है।

## रणवीर सिंह के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट, साउथ इंडस्ट्री के ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर प्रशांत वर्मा संग करेंगे राक्षस

रणवीर सिंह के पास कुछ फिल्में हैं और वह इन दिनों अधिक फिल्में साइन कर रहें हैं और अधिक स्क्रिप्ट सुन रहें हैं। अपने नए प्रोजेक्ट्स के अलावा रणवीर, दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी की खबरों और अपने वायरल डीपफेक वीडियो को लेकर भी सुर्खियों में हैं। बता दें कि ये बॉलीवुड कपल अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहें हैं।



जबकि रणवीर अपने ब्रांड शूट और अन्य कार्यों में बिजी हैं। अब एक फेमस साउथ इंडस्ट्री फिल्म डायरेक्टर के साथ राक्षस नामक एक नई फिल्म साइन करने की खबर सामने आई है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रणवीर सिंह भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित एक फिल्म के लिए हनुमैन फेम प्रशांत वर्मा के साथ बातचीत कर रहें हैं। फिल्म पर चर्चा तब चल रही थी जब वह नए प्रोजेक्ट, राक्षस पर काम शुरू करने के लिए लोकप्रिय स्टूडियोज को लाने की कोशिश कर रहे थे। नई रिपोर्टों में कहा गया कि उन्हें पुष्पा, पुष्पा 2, उप्पेना, सरकारू वारी पाटा, कुशी और कई अन्य फिल्मों के लिए फेमस माइथ्री मूवी मेकर्स से समर्थन मिला है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म राक्षस प्रशांत सिनेमाई ब्रह्मांड से संबंधित है। निर्देशक कई पात्रों को पेश करने और उन सभी को एक अंतिम फिल्म में एक साथ लाने की योजना बना रहें हैं। बताया गया कि राक्षस की स्क्रिप्टिंग और विजुअलाइजेशन पहले ही पूरी हो चुकी है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि रणवीर और प्रशांत ने हनुमान जयंती के अवसर पर राक्षसों के लिए पूजा भी की थी।

रणवीर सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो फरहान अख्तर और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने घोषणा की कि रणवीर कियारा आडवाणी के साथ डॉन 3 के लिए शाहरुख खान की जगह लेंगे। हाल ही में खबरें सामने आई कि फरहान ने इस फिल्म को कुछ समय के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो उनके पास एस शंकर की एक फिल्म है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह अन्नियन की रीमेक है। माना जाता है कि वह शक्तिमान पर एक फिल्म के लिए बातचीत कर रहें हैं। उनकी अगली फिल्म रोहित शेट्टी के साथ सिंघम अगेन है।

## आयुष शर्मा की रुसलान ने छूआ 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा, जानिए 7वें दिन का कारोबार

अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह शुरूआत से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आ रही हैं।एक्शन से भरपूर यह फिल्म लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई। फिल्म की दैनिक कमाई शुरूआत से लाखों में सिमटी हुई है।रुसलान ने 7 दिन बाद टिकट खिडकी पर 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूआ है।आइए जानते हैं फिल्म ने सातवें दिन कितने लाख रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, रुसलान ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को 29 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 4 करोड़ रुपये हो गया है।रुसलान में आयुष की जोड़ी पहली बार सुश्री मिश्रा के साथ बनी है। जगपति बाबू, नवाब शाह और विद्या मालवदे भी इस फिल्म का अहम हिस्सा है।फिल्म के निर्देशन की कमान करण ललित बुटानी ने संभाली है। राधामोहन इस फिल्म के निमार्ता हैं।



बॉक्स ऑफिस पर रुसलान का सामना अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां और अजय देवगन की फिल्म मैदान से हो रहा है।यह दोनों फिल्में पिछले 3 सप्ताह से दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही हैं।इनके अलावा विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार और एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 भी इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है।हालांकि, इन दोनों फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर हाल बेहाल है।

## अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग हुई शुरू, खिलाड़ी ने शेयर किया मजेदार वीडियो

अक्षय कुमार बैक टू बैक फ्लॉप फिल्मों दे रहे हैं. पिछले तीन सालों में ओएमजी 2 को छोड़ दे तो उन्होंने कोई बड़ी हिट फिल्म नहीं दी है. हाल ही में अक्षय कुमार बड़े मियां, छोटी मियां में नजर आए थे. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शुरूआत अच्छी की. लेकिन एक हफ्ते बाद की यह फ्लॉप हो गई. इससे पहले अक्षय कुमार मिशन रानीगंज लेकर आए थे. यह फिल्म भी बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई. लगातार फ्लॉप फिल्मों के बीच अब अक्षय कुमार ने अपनी एक और फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. उनकी यह फिल्म सात पहले आई फिल्म का रीमेक है। दरअसल अक्षय कुमार ने जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर दी है. इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म साल 2013 में आई थी. जिसमें अरशद वारसी मुख्य भूमिका में थे. जिसका निर्देशन सुभाष कपूर ने किया था. इस फिल्म की शानदार सफलता के बाद सुभाष कपूर साल 2017 में अक्षय कुमार के साथ जॉली एलएलबी 2 लेकर आए. इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस बेहतरीन कमाई की थी. दोनों फिल्मों की सफलता के बाद अब जॉली एलएलबी 3 लेकर आ रहे हैं. इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दिया गया है। जॉली एलएलबी 3 में इस बार अक्षय कुमार के साथ अरशद वारसी भी नजर आने वाले हैं.




एक्टर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें अक्षय कुमार और अरशद वारसी दोनों जॉली एलएलबी के रोल में दिख रहे हैं. वहीं जज के रोल में नजर आ रहे हैं सौरभ शुक्ला बता रहे हैं कि जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है. हालांकि यह फिल्म कब रिलीज होगी इसका अभी घोषणा नहीं हुई है. सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला का यह वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं।

# अस्पताल के ओपीडी ब्लाक में क्रमवार दिए जाएंगे कमरों का नंबर,अस्पताल में रोजाना पहुंचते हैं करीब 7500 हजार मरीज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अस्पतालों के खस्ता हाल शाह जहां रोगियों को नई नई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। RML अस्पताल के OPD कमरों में रोगियों को डॉक्टर के पास पहुंचने में डर-डर की ठोकने खाना पड़ता था। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आर एम एल अस्पतालों के मरीजों का अब पहुंचना होगा आसान,सोमवार से लागू होगी नई व्यवस्था। आरएमएल अस्पताल में प्रतिदिन करीब 7500 हजार मरीज के लिए पहुंचते हैं। अब ओपीडी में हर डॉक्टर के कमरों का नंबर क्रमवार दिए जाएंगे। इस आदेश पर अमल होने से अस्पताल के ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को डॉक्टर का कमरा ढूंढने में परेशानी नहीं होगी। इसके लिए डॉक्टरों को पुराने नंबर हटाने के निर्देश दिए हैं। RML अस्पताल के डढऊ कमरों में मरीजों का पहुंचना होगा आसान, सोमवार से लागू होगी नई व्यवस्था आरएमएल अस्पताल के ओपीडी ब्लाक में कमरों का नंबर बदलेगा। ओपीडी में हर डॉक्टर के कमरों का नंबर अब क्रमवार दिए जाएंगे। सोमवार से ही यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। इस बाबत अस्पताल प्रशासन ने आदेश जारी किया है। इस आदेश पर अमल होने से अस्पताल के ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को डॉक्टर का कमरा ढूंढने में परेशानी नहीं होगी। वे आसानी से ओपीडी में संबंधित विभाग के डॉक्टर के कमरे में पहुंच सकेंगे।




आरएमएल अस्पताल दिल्ली के बड़े अस्पतालों में शुमार है। इस वजह से एम्स व सफदरजंग के बाद इस अस्पताल में मरीजों की भीड़ अधिक होती है। इसलिए यह दिल्ली का तीसरा सबसे व्यस्त अस्पताल है। आर एम एलअस्पताल में रोजाना करीब 7500 हजार रोगी पहुंचते हैं। ओपीडी काउंटर पर पंजीकरण के बाद मरीज को दिए जाने वाले ओपीडी कार्ड पर डॉक्टर का कमरा लिखा होता है, जहां मरीज को जाने के लिए कहा जाता है। अस्पताल के ओपीडी ब्लाक में डॉक्टरों के कमरों का नंबर क्रमवार दर्ज नहीं है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था के कारण ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचने वाले नए मरीजों को डॉक्टर का कमरा तलाश करने में परेशानी होती है। क्योंकि मरीजों को पता नहीं होता कि अस्पताल में कौन सा ब्लाक किस जगह पहुँचना है। इस वजह से मरीज भटकने को मजबूर होते हैं। इसके मद्देनजर अस्पताल प्रशासन ने ओपीडी ब्लाक में सभी विभागों के डॉक्टरों के कमरों का नंबर बदलकर नए सिरे से क्रमवार लिखे जाने का फैसला लिया है। इसलिए डॉक्टरों को पुराने नंबर हटाने के निर्देश दिए हैं।

# महान संत रविदास के जीवन पर बनी चर्चित हिन्दी फिल्म 'गंगा संग रवि दास' सिनेमाघरों में रिलीज हुई, दर्शको को आ रही है खूब पसंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हरिद्वार /नई दिल्ली (राजू बोहरा)।** सरस एंटरटेनमेंट, सत्या ऑनलाइन प्रोडक्शन और मया प्रोडक्शन के बैनर तले बनी महान संत रविदास के जीवन पर बनी चर्चित हिन्दी फिल्म 'गंगा संग रवि दास' 3 मई से सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है जिसमे संत रविदास के जीवनी को शानदार तरीके से दर्शाने का प्रयास किया गया है जिसके लिए इसके मेकर की जितनी तारीफ की जाये काम है। विशेष बात यह है कि हाल ही में इसका पोस्टर और प्रोमो हरी की नगरी हरिद्वार में किया गया था जिसमे मुख्य अतिथि रविदासाचार्य सुरेश राठौड़ व अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रजव्लित कर लांच किया गया। उस इस अवसर पर फिल्म की स्टार कास्ट के साथ साथ फिल्म के प्रोडूसर एवं अन्य गणमन्य लोग भी शामिल हुए थे।संत रविदास के जीवन पर बनी इस चर्चित हिन्दी फिल्म के निमार्ता हैं उत्तराखंड फिल्मों के सुपर स्टार कहे जाने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी अभिनेता राजेश मालगुड़ी, पुरुषोत्तम शर्मा, और राकेश धामी है और फिल्म के निर्देशक सब्बीर सय्यद हैं। जबकि इस फिल्म में तकनीकी निर्देशक की भूमिका राज नेगी की रही है। महान संत रविदास के जीवन पर बनी इस फिल्म में की शूटिंग 100 फीसदी गंगा किनारे हरिद्वार में शूट की गई है। फिल्म के अधिकतर कलाकार उत्तराखंड के हैं। जिसमे मुख्यरूप से राजेश मालगुडी, संदीप मोहन, पुरुषोत्तम शर्मा, मंजू सिंह, राज नेगी, मुकेश घनशाला, पूनम सकलानी, नवल किशोरे, मानसी मगरी, पुरुषोत्तम जेठुड़, आनंद रना, अमित शर्मा, रामेक्श्वर दयाल शर्मा, अक्षय कुमार, दीपक ब्यास आदि चर्चित व मजे हुए कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म 2017 से बन रही थी फिल्म को बनने में निमार्ताओं को कई तरह की बड़ी मुश्किलों का सामना करना पडा, कभी कोरोना का टाइम तो कभी अनुमति कभी कुछ और समस्या लेकिन निमार्ताओं ने अपना प्रयास नहीं छोड़ा और आज एक शानदार फिल्म बनकर सिनेमा घरो तक पहुंच गई है।




यह फिल्म 3 मई को वेव सिनेमा हरिद्वार, आर आर सिनेमा रूडकी और आर आर सिनेमा सहारनपुर उत्तर प्रदेश में रिलीज हुई है और जल्दी ही उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अलावा दर्शको देश के और अन्य शहरो में भी देख पाएंग।

सिनेमाघरों के बाद इस फिल्म को बड़ेओटीटी चैनल्स पर भी रिलीज किया जायेगा। उस अवसर पर अपने संबोधन में पर बोलते हुए पूर्व विधायक रविदासाचार्य सुरेश राठौड़ ने बताया कि फिल्म को उन्होंने ही लिखा है और वह इस फिल्म को एक अभियान के तहत ले जाना चाहते हैं ताकी आज की युवा पीढ़ी जाने की संत रविदास कौन थे।

# वाहन चोर ग्रहों की गिरफ्तारी के साथ-साथ 16 मोटर साइकिल व स्कूटी बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद भी वाहन चोरी गिरोह का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वाहन ने गिरोह दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर दो पहिया

**सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने दोनों आरोपित को गिरफ्तार करने में सफल**

वाहन चुराया था। दोनों आरोपित की गिरफ्तारी के बाद विभिन्न थाना अंर्तगत वाहन चोरी के 16 मुकदमों को सुलझा लिया है। दोनों आरोपित की उम्र 22 व 23 वर्ष है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे 16 मोटर साइकिल व स्कूटी बरामद की हैं। मामले में आगे की जांच जारी है। रोहिणी जिला पुलिस ने राजधानी में सक्रिय वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे 16 मोटर साइकिल व स्कूटी बरामद की हैं। इन वाहनों में 10 मोटरसाइकिल शामिल हैं। गिरोह दिल्ली में अलग-अलग जगहों पर दोपहिया वाहन चुराता था।दोनों आरोपित की गिरफ्तारी के बाद विभिन्न थाना अंर्तगत वाहन चोरी के 16 मुकदमों को सुलझा लिया है।दोनों आरोपित की उम्र 22 व 23 वर्ष है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जीएस सिद्धू ने बताया कि दो संदिग्ध युवकों के बारे में गुप्त सूचना के बाद गत दो मई को अमन विहार थाना पुलिस ने अपना जाल बिछाया। पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल एक दिन पहले थाना अमन विहार से चोरी हुई थी। दोनों आरोपित की पहचान अभिषेक राय (23) निवासी हरि एन्क्लेव, किराड़ी और हर्ष (22) निवासी गौतम विहार, दिल्ली के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनों ने वाहन चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकारी। दोनों के कब्जे से 15 दोपहिया वाहन बरामद किए गए। ये वाहन



दिल्ली के विभिन्न थानों के क्षेत्र से चुराए गए थे। पुलिस की कई टीमें गिरोह द्वारा चोरी किए गए वाहनों को निपटाने के तौर-तरीकों का पता लगाने के लिए काम कर रही हैं। जांच अभी चल रही है। थाना अमन विहार, थाना कंझावला, थाना साउथ रोहिणी, थाना केशव पुरम, थाना जनक पुरी, थाना राजौरी गार्डन, थाना मंगोलपुरी, थाना कल्याण पुरी, सुल्तानपुरी, थाना आनंद पर्वत, थाना डीबीजी रोड व थाना बवाना क्षेत्र से एक-एक और थाना मोती नगर और थाना नांगलोई क्षेत्र से दो-दो दोपहिया वाहन चोरी हुए थे। सभी 16 दोपहिया वाहनों की बरामदगी के साथ ही चोरी के इन मामलों को पुलिस ने सुलझा लिया है। वाहन चोर गिरोह को पकड़ने वाली पुलिस थाना अमन विहार की टीम में एएसआई जसविंदर जून, एचसी नरेंद्र, कांस्टेबल विकास, कांस्टेबल कमल कांस्टेबल सुनील शामिल थे। पुलिस टीम स्थानीय मुखबिरों और आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने दोनों आरोपित को गिरफ्तार करने में सफल हो पाई।

## -ठेकेदारों ने कूड़े के ढेर पर किया मिट्टी भराव कार्य शुरू फोटो वीडियो वायरल

# नोटिस के बाद बौखलाए ठेकेदार आनन-फानन में किया मिट्टी भराव कार्य शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** कस्बे के गंगेरू मार्ग पर डंपिंग ग्राउंड में लाखों रुपए की लागत से टीपीडी सैंटर निर्माण के लिए छोड़े गए लाखों रुपए के टेंडर पर मानक के अनुरूप कार्य नहीं होने एवं लापरवाही बरतने पर नगर पालिका परिषद के द्वारा ठेकेदारों को दिए गए नोटिस के बाद, ठेकेदार बौखला गए। और आनंन-फानन में कूड़े के ढेर पर मिट्टी का भराव कार्य शुरू कर दिया। कूड़े के ढेर पर मिट्टी भराव का कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में रोष फैल गया और कई लोगों ने वीडियो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर डाली। कई लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कार्य मानक के अनुरूप कराए जाने की मांग की है। वर्षों से कस्बे में बनी कूड़े की समस्या का निस्तारण कराने के लिए नगर पालिका परिषद ने अगस्त 2023 में कस्बे के गंगेरू मार्ग पर डंपिंग ग्राउंड में गीले कूड़े से खाद बनाने के लिए टीपीडी सेंटर निर्माण के लिए 37-37 लख रुपए के तीन टेंडर छोड़े गए थे। जिसमें दो टेंडर क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी ठेकेदार इसराना पत्नी वकील जंग, एवं एक टेंडर शामली निवासी संजीव शर्मा के नाम से प्रेषित किए गए थे। समय अवधि बीत जाने के बाद ठेकेदार इसराना के द्वारा कार्य चालू कराया गया कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री नहीं मिलने पर कई लोगों ने जनवरी 2024 में मामले की शिकायत नगर पालिका परिषद से की। 16 जनवरी 2024 को मानक के अनुरूप कार्य नहीं होने पर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने ठेकेदार इसराना को

**लापरवाह ठेकेदारों के रवैये से पालिका अध्यक्ष की छवि धूमिल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नजमुल इस्लाम अपनी साफ छवि और अपनी ईमानदारी के लिए कस्बे में जाने जाते हैं। पालिका अध्यक्ष लगातार कस्बे में साफ सफाई एवं विकास कार्यों को लेकर चिंतित नजर आते हैं। समय समय पर कस्बे की जनता की समस्या का निस्तारण करते रहते हैं। मगर कस्बे के गंगेरू मार्ग पर डंपिंग ग्राउंड में टीपीडी सेंटर पर ठेकेदारों के रवैये से पालिका अध्यक्ष की छवि कहीं ना कहीं धूमिल होती नजर आ रही है।**

नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी थी, कि अगर मानक अनुरूप कार्य नहीं हुआ तो उनके विरुद्ध कार्रवाई कर टेंडर निरस्त किया जाएगा या उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। नोटिस के कई माह बीत जाने के बाद भी ठेकेदारों के द्वारा कार्य चालू नहीं कराया गया। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम एवं अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार ने मामले में संज्ञान लेते हुए 3 मई 2024 को ठेकेदारों को दोबारा से नोटिस जारी करते हुए कार्य मानक के अनुरूप करने के साथ कार्य एक माह के अंदर करने के निर्देश जारी किए। पालिका परिषद के द्वारा नोटिस जारी होते ही ठेकेदार बौखला गए,और ठेकेदारों ने आनंन-फानन में कस्बे के गंगेरू मार्ग स्थित डंपिंग ग्राउंड में कूड़े के ढेर पर जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का भराव कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कूड़े के ढेर पर मिट्टी भराव होने से नवनिर्मित बिल्डिंग बरसात आते ही या तो जमीन में धस जाएगी या धराशाई हो जाएगी। शनिवार को कूड़े के ढेर पर मिट्टी भराव होने से स्थानीय लोगों में रोष फैल गया और कई लोगों ने वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर डाली। कई लोगों ने जिलाधिकारी शामली रविंद्र सिंह को शिकायती पत्र भेजकर लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर उनके टेंडर निरस्त कर उन्हें ब्लैकलिस्टेड करने की मांग की है।

# हाईवे पर कैंटर खराब होने से लगा लंबा जाम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (कासिम अहमद)।** औरंगाबाद में रविवार की दोपहर बुलंदशहर-औरंगाबाद-गढ़मुक्तेश्वर हाईवे स्टेट स्थित मैन बाजार के सामने कैंटर खराब हो गया, जिससे लंबा जाम लग गया। हाईवे पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। करीब डेढ़ घंटे तक हाईवे पर भीषण जाम रहा।



रविवार की दोपहर नगर के बुलंदशहर-औरंगाबाद-गढ़मुक्तेश्वर हाईवे स्टेट स्थित मैन बाजार के सामने एक कैंटर खराब हो गया। जिससे हाईवे पर भीषण जाम लग गया। दोनो तरफ से वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी। जाम की सूचना पर करीब आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने जेसीबी की मदद से कैंटर को वहां से हटवाया, लेकिन तब तक लंबा जाम लग चुका था। और करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मियों ने जैसे तैसे जाम खुलवाया। तब जाकर राहगीरों ने राहत की सांस ली।

**इन्होंने कहा**

नगर के मैन बाजार के सामने कैंटर खराब हो जाने के कारण जाम लग गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात बहाल करा दिया है।

**- विनोद यादव, कोतवाल ।**

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में बीडीएस पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं के लिएव्हाइट कोट एंड एकेडमिक अवार्ड सेरेमनी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बीडीएस पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए व्हाइट कोट एवं एकेडमिक अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया। इस समारोह में बीडीएस तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को आधिकारिक तौर पर क्लीनिक की जिम्मेदारी सौंपी गई, तथा सभी विद्यार्थियों को क्लीनिक में प्रवेश करने से पहले शपथ द्वारा चिकित्सा नैतिकता का पालन करने तथा रोगियों के लिये लाभकारी होने की प्रतिज्ञा दिलायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ रियाज अहमद प्रोफेसर एंड हेड डेन्टल विंग-एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज मेरठ एवं दूसरी विशिष्ट अतिथि डॉ अनामिका शर्मा, प्रोफेसर, पीरियडोनटोलॉजी विभाग, एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ तथा आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के सेक्रेट्री भूषण कुमार अरोड़ा एवं डायरेक्टर-पी.आर सुरिन्द्र सूद भी उपस्थित रहे।

इसके बाद डॉ पीयूष कुमार, डीन-यूजी स्टडीज ने सभा को संबोधित किया एवं उन्होंने सभी छात्र-छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इसके उपरांत डॉ देवी चरण शेट्टी, निदेशक-प्रधानाचार्य, आईटीएस डेंटल कॉलेज ने बीडीएस के छात्रों को शपथ ग्रहण कराई एवं उनको बधाई दी। उन्होंने सभा को संबोधित किया जिसमें उन्होंने अपनी कॉलेज रिपोर्ट में संस्थान के विभिन्न विभागों की मुख्य विशेषताओं और नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया। उन्होंने सभी बीडीएस के विद्यार्थियों









और उनके माता-पिता को बधाई भी दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ रियाज अहमद एवं डॉ अनामिका शर्मा द्वारा चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ के बीडीएस पाठ्यक्रम के टॉपर्स तथा कॉलेज के बीडीएस पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं को रैंक इम्प्रूवमेन्ट अवार्ड के रूप में प्रमाण-पत्र एवं कैश प्राइज से सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ रियाज अहमद ने संस्थान के छात्रों को विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिये संस्थान की सराहना की और सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने एकेडमिक गतिविधियों के लिये संस्थान द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की जिसने आईटीएस डेंटल कॉलेज को देश के सर्वश्रेष्ठ डेंटल कॉलेजों में से एक बना दिया है। डॉ अनामिका शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए संस्थान के अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्रर की सराहना की जिसके प्रयोग से सभी प्रकार के डेन्टल मरीजों के लिये उच्च स्तरीय उपचार में मदद मिलती है। इसके साथ ही उन्होंने रैंक इम्प्रूवमेन्ट अवार्ड प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनको विश्व स्तरीय क्लीनिकल कौशल और रिसर्च को शामिल करने के साथ अपने दंत चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि दंत चिकित्सक को निरंतर बेहतर क्लीनिकल अभ्यास करते रहना चाहिए जिससे वह मरीजों को उच्चतम उपचार प्रदान कर सकें। विशिष्ट अतिथियों को आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत डॉ शिवानी माथुर, डीन-स्टूडेंट अफेयर्स ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# विश्व अस्थमा दिवस : विशेषज्ञ अधिकांश रोगियों द्वारा लक्षणों के अभाव में अस्थमा की दवा न लेने पर चिंता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** भारत के हर शहर में बढ़ते प्रदूषण के कारण अधिक संख्या में भारतीय अस्थमा से प्रभावित हो रहे हैं। अस्थमा फेफड़ों की एक पुरानी बीमारी है जो सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करती है, जिससे सांस लेना मुश्किल हो जाता है। भारत में बढ़ते प्रसार के बावजूद, अस्थमा से पीड़ित लोगों के बीच अभी भी बहुत सारे परिवाद और मिथक हैं। शहर के प्रसिद्ध पल्मोनोलॉजिस्ट और दून मेडिकल कॉलेज के एचओडी, डॉ. अनुराग अग्रवाल ने अस्थमा रोगियों द्वारा लक्षणों में कमी के बाद दवाएँ छोड़ने और निरंतर जाँच के लिए न आने पर अपनी चिंताएँ साझा कीं। -विश्व अस्थमा दिवस पर डॉ. अग्रवाल ने अपनी चिंताएँ साझा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अनुभव में देखा है कि अस्थमा का प्रचलन लगातार बढ़ रहा है। ‎देहरादून में बहुत सारे निर्माण कार्य, वाहनों की आवाजाही को देखा जा सकता है जो कुल मिलाकर वायु गुणवत्ता और फेफड़ों को प्रभावित करता है। इसका प्रचलन विशेष रूप से युवाओं और वयस्कों में बढ़ रहा है। हालाँकि, सबसे चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश मरीज अस्थमा के लक्षणों में कमी के बाद दवाएँ लेना छोड़ देते हैं। हमें मरीजों को यह समझाना होगा कि अस्थमा को ठीक नहीं किया जा सकता या इलाज नहीं किया जा सकता, बल्कि इसे केवल सही हस्तक्षेप के माध्यम से बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जा सकता है, ‎डॉ अग्रवाल ने साझा करते हुए कहा।

**व्यक्त करते हुए रोगियों पर जोर देते हैं कि वे अस्थमा को नजरअंदाज न करें**

उन्होंने आगे कहा कि बहुत से मरीज 6 महीने से लेकर लगभग एक साल तक अस्थमा के लक्षणों को नजरअंदाज करते हैं। ‎हमें अस्थमा के रोगियों का पहली बार निदान करने में एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। कई मरीजों को पता ही नहीं होता कि वह कितने समय से ऐसे लक्षणों



का सामना कर रहे हैं। मरीजों को यह समझने की जरूरत है कि अस्थमा के शुरूआती लक्षण जैसे सांस लेने में तकलीफ, घरघराहट और सीने में जकड़न को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए और शुरूआती उपचार से जीवन की गुणवत्ता में मदद मिलती है, ‎डॉ अग्रवाल ने कहा।अस्थमा के लिए अनुवर्ती परामर्श के बारे में पूछे जाने पर डॉ. अग्रवाल ने कहा कि कई मरीज अस्थमा के लिए अनुपरीक्षण को प्राथमिकता नहीं देते हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा, "अस्थमा के बारे में जागरूकता और शिक्षा की कमी के कारण, मरीज अनुवर्ती परामर्श पसंद नहीं करते हैं।"

**अस्थमा की व्यापकता**

व्यापकता के संदर्भ में, यह अनुमान लगाया गया है कि ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी, 1990-2019) के अनुसार, भारत में 34.3 मिलियन अस्थमा रोगी हैं, जो वैश्विक बोझ का 13.09% है। इसके अलावा, भारत विश्व स्तर पर अस्थमा से संबंधित 42% मौतों में योगदान देता है। इसके अतिरिक्त, अस्थमा के कारण विकलांगता-समायोजित जीवन वर्ष (ऊअछ२) के मामले में देश दुनिया में पहले स्थान पर है, जो संपूर्ण स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर इस बीमारी के पर्याप्त प्रभाव पर प्रकाश डालता है। अस्थमा की व्यापकता और बढ़ती संख्या को देखते हुए आम जनता के बीच इसके बारे में जागरूकता फैलाने की स्पष्ट आवश्यकता है। सही जानकारी को सुग्राहीकृत और प्रचारित करके, हम अस्थमा के रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार कर सकते हैं।

## ज्ञापन | ज्ञापन में मुकदमा दर्ज कर सपाईयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है

# मैनपुरी में सपाईयों के अभद्र व्यवहार से नाराज कानपुर के भाजपाइयों ने दिया ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** कल शनिवार को मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के रोड शो के दौरान महराणा प्रताप की प्रतिमा से अभ्रदता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपशब्दों श्री नाराज भाजपाइयों ने यहां बाबू पुरवा के एसीपी अमरनाथ यादव के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। इस ज्ञापन में कहा गया कि जिस प्रकार से अपने स्वभाव के अनुरूप सपाइयों ने हिन्दू



सिरमौर एवं अग्रणी योद्धा महराणा प्रताप की प्रतिमा से अभ्रदता की है । वह घोर निन्दनीय है। यही नहीं सपाईयों ने इससे भी आगे बढ़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे मे अपशब्दों का प्रयोग किया है। वह अक्षम्य है। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी के इस अमर्यादित आचरण की घोर निंदा करती है। भाजपाइयों ने एसीपी को सौपे ज्ञापन में कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि सपाईयों का यह दुराचरण किसी राष्ट्रद्रोह से कम नहीं है अतः राजनीतिक दल का चौला ओडे ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही कर मुकदमा पंजीकृत कर कठोर सजा दी जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी, सुनील नारंग, रामदेव शुक्ला, प्रकाश वीर आर्य,गणेश शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, रामबहादुर यादव राजन चौहान ,राजू बाजपेयी, संजय दुबे आदि रहे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267